


फरवरी में 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जीएसटी संग्रह - 12




ईरान संकट : पश्चिम एशिया में शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालें चावल निर्यातक- 12



कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया - 13



ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की- 14


आज का मौसम
30.0° अधिकतम तापमान
16.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.36
सूर्यास्त 06.13

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 05:55 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

सोमवार, 2 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 97, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# ईरान ने की खामेनेई की मौत की पुष्टि, रक्षामंत्री समेत कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी मारे गए

## खामेनेई के बेटी-दामाद, बहू-पोती की भी मौत, राष्ट्रपति सहित तीन लोगों की परिषद ने संभाली ईरान की बागडोर

- भारी बमबारी से बुरी तरह तबाह दिखाई दिया खामेनेई का कार्यालय
- गर्ल्स स्कूल पर हमले में बढ़कर 165 हुई मरने वालों की संख्या


दुबई, एजेंसी

ईरान के सर्वोच्च नेता 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की इजराइल और अमेरिका की ओर से किए गए बड़े हमले में मौत हो गई है। ईरान की सरकारी मीडिया ने रविवार तड़के इसकी पुष्टि की। तेहरान पर हुए हमलों में इसके अलावा ईरान के रक्षा मंत्री अजीज नासिरजादेह, सेना प्रमुख अब्दुलरहीम मौसवीं और आईआरजीसी कमांडर जनरल मोहम्मद पाकपुर सहित चार वरिष्ठ अधिकारियों के भी मारे जाने की खबर है। खामेनेई की मौत के बाद ईरान में 40 दिन के शोक का एलान किया गया है और देश की बागडोर तीन सदस्यीय समिति को सौंपी गई है। इनमें राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई और कानून विद अलीरेजा अराफी शामिल हैं।

यूरोपीय एयरोस्पेस कंपनी 'एयरबस' की ओर से ली गई सैटेलाइट तस्वीरों में वह स्थान भारी बमबारी से क्षतिग्रस्त दिखाई दिया, जहां खामेनेई की मौत हुई। खामेनेई के कई रिश्तेदार भी इस हमले में मारे गए, जिनमें उनकी एक बेटी, दामाद, बहू और एक पोता-पोती शामिल हैं। इस बीच अमेरिकी मीडिया ने इजराइली सूत्रों का हवाला देते हुए कहा है कि शनिवार के हमलों में 40 ईरानी अधिकारियों की मौत हुई है। उधर, ईरान के मीनाब में लड़कियों के स्कूल पर हुए मिसाइल हमले में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 165 हो गई है।



तेहरान में रविवार को हुए हमले के बाद आसमान में उठता धुएं का गुबार। ● एजेंसी



### खामेनेई की मौत का बदला लेंगे: पेजेशकियन

राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा है कि इजराइल और अमेरिका के हमलों का बदला लेना ईरान का कानूनी हक और जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, खामेनेई दुनिया के सबसे बुरे खलनायक के हाथो मारे गए। उन्होंने खामेनेई की हत्या का बदला लेने का संकल्प लेते हुए चेतावनी दी कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों को पछताना पड़ेगा। यह अपराध कभी बिना जवाब नहीं रहेगा। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने कहा, आपने लक्ष्मण रेखा पार कर ली है और आपको भारी इसकी कीमत चुकानी होगी।

### ईरानी नौसेना के नौ जहाज डुबोए

दुबई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को दावा किया कि ईरानी नौसेना के नौ जहाजों को नष्ट कर दिया गया है। ट्रंप ने कहा, इनमें से कुछ अपेक्षाकृत बड़े और महत्वपूर्ण थे। ईरान के बाकी सैन्य पोत भी जल्द ही समुद्र की तलहटी में तैरते नजर आएंगे। ईरान का नौसेना मुख्यालय भी हमला कर लगभग पूरी तरह नष्ट कर दिया गया है।

### ईरान में सैकड़ों ठिकानों पर हमले, तेहरान में सैन्य प्रतिष्ठानों पर गिरीं मिसाइलें

- कई जगह उठे घने काले धुएं के गुबार तीन अमेरिकी सैनिकों की भी मौत


इजराइल और अमेरिका की ओर से रविवार को ईरान के भीतर सैकड़ों ठिकानों पर हवाई हमले किए। तेहरान के बीचोबीच इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुख्यालय थार-अल्लाह, सेना के अस्पताल और बासिज मिलिशिया के ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों को पूरी तरह नष्ट करने का दावा किया। उपग्रह चित्रों में ईरान के फोर्डो परमाणु स्थल पर भारी नुकसान देखा गया। इजरायल ने आईआरजीएस मुख्यालय को भी निशाना बनाया और सेना के अस्पताल भी उसकी गोलीबारी की जद में आ गए। इजराइल ने कई सैन्य ठिकानों पर भी मिसाइलें दागीं। इजराइली रक्षा बल तेहरान के शासकीय केंद्रो पर भी हमला कर रहा है। तेहरान के कई इलाकों में रविवार सुबह धमाके हुए। तस्वीरों में तेहरान के कई हिस्सों से घने धुएं के बड़े गुबार उठते देखे गए।

### ईरान ने अमेरिकी युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर मिसाइलें दागीं, इजराइल-खाड़ी देश भी जद में

- यूएई में तीन की मौत, इजराइल के बेत शेमेश में नौ मारे गए, 20 लापता

ईरान ने रविवार को जवाबी कार्रवाई करते हुए ताबड़तोड़ हमले किए। समुद्री सीमा पर मौजूद अमेरिका के विशाल युद्धपोत अब्राहम लिंकन पर चार मिसाइलें दागीं। ईरान के संयुक्त अरब अमीरात पर किए गए हमलों में तीन लोगों की मौत हो गई, 58 लोग घायल हुए हैं। ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों ने मध्य तेल अवीव पर भी हमला किया। इससे पूरे शहर में विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं इजराइल के बेत शेमेश में बेत शेमेश में ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले में नौ लोगों की मौत हो गई। करीब 20 लोग लापता हैं। एक यहूदी उपासना स्थल भी नष्ट हो गया और आठ लोगों की मौत हो गई। आसपास के घरों को भारी नुकसान हुआ।

## ऐसा हमला करेंगे जो कभी पहले देखा नहीं होगा: ट्रंप



- शासन को उखाड़ फेंके ईरान की जनता: नेतन्याहू

न्यूयॉर्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की चेतावनी के जवाब में उसे चेताते हुए कहा, उनके लिए बेहतर होगा कि वे ऐसा न करें। अगर वे ऐसा करते हैं तो हम उन पर इतनी ताकत से हमला करेंगे जो पहले कभी नहीं देखी गई होगी। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा, इतिहास के सबसे क्रूर लोगों में से एक खामेनेई की मौत न केवल ईरान के लोगों के लिए न्याय है, बल्कि सभी महान अमेरिकियों और दुनिया भर के कई देशों के लोगों के लिए भी न्याय है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान में कहा, हमने तानाशाह खामेनेई के परिसर को नष्ट कर दिया। अब इस तानाशाह का शासन समाप्त हो गया है। नेतन्याहू ने ईरानियों से शासन को उखाड़ फेंकने और अपने भविष्य को सुरक्षित करने का आह्वान किया।



तेल टैंकर से उठता धुआं।

### तेल टैंकर पर हमला, चालक दल में 15 भारतीय हैं तैनात

ओमान के तट के पास एक तेल टैंकर पर हमला हुआ, जिस पर भारतीय चालक दल के 15 सदस्य मौजूद हैं। चार घायल हो गए हैं। पांच लोग ईरानी हैं। केंद्र ने बताया कि तेल टैंकर पर पालाऊ का ध्वज अंकित था। हमले में 20 सदस्यीय चालक दल को सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया।

### भारत में छायी गम-गुस्से की लहर

नई दिल्ली। खामेनेई की मौत के बाद कश्मीर से लेकर कर्नाटक तक भारत के विभिन्न हिस्सों में शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए और जमकर गम और गुस्से का इजहार किया। कश्मीर के लाल चौक, सैदा कदल, बडगाम, बांदीपोरा, अनंतनाग और पुलवामा में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुए। लखनऊ में बड़ा इमामबाड़ा मस्जिद के पास बड़ी संख्या में लोग जुटे और उन्होंने नारे लगाए। शोकाकुल महिलाएं ईरानी नेता की तस्वीर से लिपटकर रोती दिखीं।



जम्मू: बुजुर्ग महिलाओं ने भी जताया गुस्सा।

## ब्रीफ न्यूज

### वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 28 रुपये महंगा

नई दिल्ली। तेल विपणन कंपनियों ने होली से ठीक पहले वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। हालांकि घरेलू सिलेंडर के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की वेबसाइट के अनुसार दिल्ली में रविवार से 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 1,768.50 रुपये का हो गया है। यह मार्च 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में इस साल लगातार तीसरी बार वृद्धि हुई है।

### विमान ईंधन की कीमत भी 5.74 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। तेल विपणन कंपनियों ने लगातार दो बार की कटौती के बाद रविवार से विमान ईंधन की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी की है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार दिल्ली में विमान ईंधन की कीमत 5,245 रुपये (5.74 प्रतिशत) बढ़कर 96,638 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। यह दिसंबर 2025 के बाद का उच्चतम स्तर है। इससे पहले जनवरी और फरवरी में दाम घटाए गए थे। दोनों बार में कीमत में कुल 8,283 रुपये की कटौती की गई थी जो 9.06 प्रतिशत के बराबर है।

## काशी में श्रद्धा, व्यवस्था, विकास से कोई समझौता नहीं करेंगे: योगी

- वाराणसी में प्रोजेक्ट रिव्यू मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश
- बोले- श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शनार्थियों से दुर्व्यवहार अक्षम्य



प्रोजेक्ट रिव्यू मीटिंग को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि श्री काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्व्यवहार का सामना नहीं करना चाहिए। काशी जैसे विश्वविख्यात धार्मिक केंद्र पर श्रद्धालुओं के सम्मान और सुविधा से कोई समझौता नहीं होगा।

दो दिवसीय वाराणसी दौरे के पहले दिन रविवार को सर्किट हाउस सभागार में आयोजित प्रोजेक्ट रिव्यू मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने विकास कार्यों, निर्माण परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा करते हुए मंदिर प्रशासन और पुलिस को व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी में लगभग 17 हजार करोड़ रुपये की 74 परियोजनाएं संचालित हैं, जिनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आगामी पर्वों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री काशी विश्वनाथ धाम केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक है। यहां आने वाला हर श्रद्धालु सम्मान, सुरक्षा और सुव्यवस्थित दर्शन का अनुभव लेकर लौटे, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है।

### नगरीय व्यवस्था, रोपवे अमृत-2 पर फोकस

गोदौलिया क्षेत्र में निर्माणाधीन रोप-वे स्टेशन को लेकर मुख्यमंत्री ने यात्रियों के सुरक्षित चढ़ने-उतरने की व्यवस्था के लिए कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा। अमृत-2 योजना के अंतर्गत सीवरेज और पेयजल कार्यों में सघन मॉनिटरिंग, क्षतिग्रस्त सड़कों की प्राथमिकता से मरम्मत और गर्मी में पेयजल संकट न होने देने के निर्देश दिए। विद्युत तारों की अंडरग्राउंड केबलिंग मानकों के अनुसार कराने और स्वच्छता के लिए आधुनिक मशीनों के उपयोग पर जोर दिया।

### नई परंपरा न पड़ने दें

कानून व्यवस्था की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि धार्मिक आयोजन केवल धार्मिक परिसरों में ही होंगे, किसी नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाएगी। तेज आवाज वाले साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, अवैध पार्किंग और अतिक्रमण पर सख्ती के निर्देश दिए। अवैध शराब, कोडीन कफ सिरप के कारोबार और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

## टी-20 विश्वकप : भारत ने वेस्टइंडीज को हराकर सेमीफाइनल में किया प्रवेश



संजू सैमसन

97 रन नाबाद
12 चौके, 4 छक्के

- सेमीफाइनल में इंग्लैंड से होगी भिड़ंत, वानखेड़े स्टेडियम में 5 मार्च को होगा मुकाबला

कोलकाता। संजू सैमसन की नाबाद 97 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत भारत ने रविवार को टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में भारत 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से भिड़ेगा।

संजू सैमसन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। वेस्टइंडीज ने भारत को 196 रनों का लक्ष्य दिया था जिसका पीछा करने उतरी भारत की टीम के लिए संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 29 रन जोड़े। तीसरे ओवर में अकील हुसैन ने अभिषेक (10) और फिर जेसन होल्डर ने इशान किशन (10) को पवेलियन भेजा। कप्तान सूर्यकुमार यादव (18), तिलक वर्मा 15 गेंदों में (27) और हार्दिक पंड्या 17 रन बनाकर आउट हुए। संजू सैमसन एक छोर थामे बनाते रहे। भारत ने 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 199 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम कर लिया।

## भारत से 335 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द खाड़ी देशों में फंसे सैकड़ों भारतीय

नई दिल्ली, एजेंसी

- दुबई समेत खाड़ी देशों के हवाई अड्डों पर फंसे सैकड़ों भारतीय



ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों और खाड़ी क्षेत्र के हवाई क्षेत्र बंद होने के बाद रविवार को भारत से 335 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। इनमें मुंबई हवाई अड्डे पर 125 और दिल्ली हवाई अड्डे पर 100 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं। उड़ानें रद्द होने से दुबई और अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर सैकड़ों भारतीय फंसे हुए हैं।

नागर विमानन मंत्रालय ने पहले ही रविवार को घरेलू विमानन कंपनियों की 444 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द होने की आशंका जताई थी। अमृतसर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी 10 उड़ानें रद्द कर दी गईं। इस बीच, पश्चिम एशिया से आने-जाने वाली उड़ानें बाधित होने के कारण सैकड़ों भारतीय दुबई व अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं, जिनमें से कई लोग सहायता के लिए भारत सरकार से अपील करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं।

### सीबीएसई की पश्चिम एशिया क्षेत्र में परीक्षाएं स्थगित

नई दिल्ली। ईरान-इजराइल संघर्ष के मद्देनजर सीबीएसई ने पश्चिम एशिया के बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में दो मार्च को होने वाली परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, नई तारीखों का एलान बाद में किया जाएगा।

### एयर इंडिया आज से शुरू करेगी यूरोप, उत्तरी अमेरिका की उड़ानें

नई दिल्ली। एयर इंडिया ने कहा है कि वह सोमवार को उत्तरी अमेरिका और यूरोप के लिए अपनी अधिकतर उड़ने दोबारा शुरू करेगी। एयरलाइन ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि 1 मार्च को उत्तरी अमेरिका और यूरोप की उसकी सिर्फ छह उड़नें रद्द रहेंगी। अन्य उड़ानों को मार्ग बदलकर पश्चिम एशिया में वर्तमान में उपलब्ध हवाई क्षेत्र से होकर गुजारा जाएगा। हालांकि संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इजराइल और कतर री उसकी सभी उड़ानें सोमवार रात 11:59 बजे तक के लिए रद्द कर दी गई हैं।

## नागपुर के कारखाने में धमाके से 18 की मौत, शवों के चीथड़े उड़े

नागपुर, एजेंसी

- नहीं पता चला धमाके का कारण फडणवीस ने दिया जांच का आदेश

महाराष्ट्र के नागपुर जिले में विस्फोटक पदार्थ बनाने वाले एक कारखाने में रविवार सुबह हुए शक्तिशाली धमाके में 18 लोगों की मौत हो गई और 24 घायल हो गए। यह विस्फोट कटोल तहसील के राउलगांव में खनन और औद्योगिक विस्फोटक निर्माता कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड की डेटोनेटर पैकिंग इकाई में सुबह करीब 7:15 बजे हुआ।

पुलिस के मुताबिक 24 घायल श्रमिकों का नागपुर के दो अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। धमाके से कई शवों के चीथड़े उड़ गए और कुछ शव इतनी बुरी तरह जल गए कि उनकी पहचान करना असंभव हो गया।



मृतकों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए परिवार के सदस्यों के डीएनए नमूने लिए जा रहे हैं। एक अस्पताल के मुताबिक अस्पताल में भर्ती सभी 18 मरीज आईसीयू में गंभीर हालत में हैं। विस्फोट के कारण अधिकांश रोगी 30 से 80 प्रतिशत तक गंभीर रूप से जले हुए हैं, साथ ही छर्रे लगने से भी चोटें आई हैं।

## जेएनयू : प्रदर्शनकारियों की रिहाई का आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में हाल में हुए एक विरोध प्रदर्शन के संबंध में गिरफ्तार 14 छात्रों की तत्काल रिहाई का रविवार को आदेश दिया।

अदालत ने 27 फरवरी को 14 प्रदर्शनकारियों को जमानत देते हुए कहा था कि पुलिसकर्मियों पर हमला करना गंभीर अपराध है, लेकिन आरोपी छात्र हैं और उन्हें अपना करियर बनाना है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट रवि छात्रों की उस याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें मजिस्ट्रेटी अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी। मजिस्ट्रेटी अदालत के आदेश के तहत उनके दस्तावेजों और जमानत बॉण्ड के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने तक उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।

पुराना ताल्लुक

किंतूर गांव में गम और गुस्सा, ईरान की इस्लामी क्रांति के दो सबसे बड़े चेहरों की जड़ें इसी गांव से जुड़ीं

## अयातुल्ला खामेनेई के पूर्वजों का था बाराबंकी से गहरा संबंध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : इजराइली हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने से बाराबंकी जिले के किंतूर गांव के लोग गमगीन हैं। खामेनेई के पूर्वजों के बारे में दावा किया जाता है कि वह इसी गांव के थे। लखनऊ के नवाबों संग ईरान की धार्मिक यात्रा पर खामेनेई के पूर्वज बाराबंकी से गए थे।

बाराबंकी जिले का इतिहास महाभारतकाल से जुड़ा है। प्राचीन महाभारत कालीन कुंतेश्वर मंदिर जिस स्थान पर स्थित है उसे ही किंतूर गांव कहा जाता है। इसी किंतूर की धरती से ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला खामेनेई का नाता जुड़ने की बात कही जा रही है। हालांकि कभी अयातुल्ला खामेनेई इस गांव में नहीं आए मगर उनके पूर्वजों की पीढ़ियां गांव से संबंध थे।



किन्तूर गांव में खामेनेई की मौत पर गम में डूबे लोग।

बाराबंकी के किंतूर से ईरान गए सैयद अहमद मूसवी के पोते रूहुल्लाह खामेनेई के उत्तराधिकारी ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई थे। बताते हैं कि वर्ष 1790 में जिले की सिरौली गौसपुर तहसील के किंतूर गांव में सैयद अहमद मूसवी का जन्म हुआ था। पढ़ाई-लिखाई के बाद सन् 1830 में 40 वर्ष की उम्र में अहमद मूसवी अवध के नवाब के साथ धार्मिक यात्रा पर इराक गए। पहले नजफ पहुंचे, जहां उन्होंने हज़रत इमाम अली की दरगाह पर ज़ियारत की। बाद में फिर स्थायी रूप से ईरान के एक गांव खुमैन में बस गए थे। उनके पूर्वज बताते हैं कि अहमद मूसवी ने अपने नाम के आगे उपनाम हिंदी जोड़ा ताकि यह अहसास बना रहे कि वह हिंदुस्तान से हैं। उन्हें शेरों शायरी का भी काफी शौक था।

### शाह का शासन उखाड़ फेंका था

अयातुल्ला रूहोल्लाह खुमैनी ने वर्ष 1979 की इस्लामी क्रांति का नेतृत्व कर शाह के शासन को उखाड़ फेंका और ईरान को एक शिया इस्लामी गणराज्य में बदल दिया। पश्चिम एशिया की राजनीति को दशकों तक प्रभावित करने वाली इस क्रांति के पीछे खुमैनी के भाषणों की गूंज थी। जिन्हें अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने भी सम्मोहक और जनभावनाओं को आंदोलित करने वाला बताया। आज ईरान की मुद्रा पर उनकी तस्वीर छपी है और तेहरान में उनका भव्य मक़बरा मौजूद है। लेकिन कम लोग जानते हैं कि उनकी वंश परंपरा की जड़ें उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में छिपी हैं।

### मशहद में हुआ परिवार का उदय

नजफ़ के बाद सैयद अहमद मुसवी हिन्दी ईरान के मशहद चले गए, जो इमाम रज़ा की दरगाह के कारण शिया इस्लाम का प्रमुख तीर्थस्थल है। वहीं से मुसवी परिवार ईरान के धार्मिक प्रतिष्ठान में स्थापित हुआ। यह परिवार सातवें शिया इमाम इमाम मूसा अल-काज़िम का वंशज माना जाता है, जिससे इसे धार्मिक नेतृत्व की ऐतिहासिक वैधता मिली। अयातुल्ला अली खामेनेई का जन्म वर्ष 1939 में मशहद में हुआ। उनके पिता सैयद जवाद खामेनेई एक साधारण लेकिन सम्मानित धर्मगुरु थे और सैयद अहमद मुसवी हिन्दी के प्रत्यक्ष वंशज थे।

**न्यूज ब्रीफ**

### सेवानिवृत्त होने पर होमगार्डों को दी विदाई

**खुटार, अमृत विचार :** रविवार को थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हुए चार होमगार्डों को भावभीनी विदाई दी गई। जिससे थानाध्यक्ष सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे। क्षेत्र के गांव केशरपुर माफी निवासी रामशंकर मिश्र, अण्डहा निवासी प्रकाश चंद्र, इटौआ निवासी रामकुमार गुप्ता, नरौठा देवीदास निवासी बंदे हसन होमगार्ड थे। रविवार को चारों होमगार्ड सेवानिवृत्त हो गए। जिसके उपलक्ष्य में थाना परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त होमगार्डों का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह दिया। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह, एसआई अनिल कुमार, विवेक सिंह, महिपाल सिंह, एचएम दिनेश चंद्र, अनुज कुमार, रोली, राजेश कुमार बीओ, अनंत कुमार मिश्र पीसी, मायाराम मिश्र पीसी, रोहित, दुर्गेश, अनिल, अरुण, विमलेश, दिवाकर, राजाराम सहित तमाम होमगार्ड व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### हत्या के प्रयास का वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** न्यायालय में विचाराधीन मुकदमे की पेशी से लगातार गैरहाजिर चल रहे गांव दिवैयापुर निवासी राजकुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। हल्का दरोगा हरिओम सिंह ने हमराही आरक्षी फरमान के साथ मुखबिर की सूचना पर रविवार सुबह आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया। बताया गया कि आरोपी हत्या के प्रयास के मामले में न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद फरार चल रहा था और पेशी पर उपस्थित नहीं हो रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से वारंटी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बंडा प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि 30 जनवरी को एक किशोरी को आरोपी अगवा करके ले गए थे। पुलिस ने छोटू, वीनू, सोनम और फूलबाबू निवासी रनमस्तरपुर थाना बंडा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने आरोपी छोटू को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

# होली के त्योहार की आहट से गुलजार हुए बाजार

## बाजारों और घरों में बढ़ी चहल-पहल, अबीर-गुलाल व पिचकारी से सजे बाजार, बच्चों ने शुरू की रंगों की बौछार

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**


रंगों की दुकानों पर काफी भीड़भाड़ देखी जा रही है। ● अमृत विचार


बाजार में समोसा आदि की बिक्री भी खूब हो रही है। ● अमृत विचार

- घरों में शुरू हुई कचरी-पापड़ बनाने की तैयारी
- बाजार में बच्चों ने शुरू किया रंग-गुलाल डालना

**अमृत विचार:** महानगर समेत पूरे जिले में होली पर्व का उल्लास अब साफ दिखाई देने लगा है। शहर से लेकर कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों तक बाजार रंग-बिरंगे सामानों से सज गए हैं, वहीं घरों में भी पारंपरिक व्यंजनों की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। होली नजदीक आते ही बाजारों में अबीर-गुलाल, पिचकारी, रंग, मुखौटे और सजावटी सामान की दुकानों पर भीड़ बढ़ने लगी है। बच्चों से लेकर युवाओं तक में पर्व को लेकर खास उत्साह देखने को मिल रहा है। दुकानदारों ने भी ग्राहकों की मांग को देखते हुए विभिन्न प्रकार के रंग और होली से जुड़े सामान की भरपूर व्यवस्था की है। दूसरी ओर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के घरों में महिलाएं पारंपरिक तरीके से कचरी, पापड़, गुजिया और अन्य पकवान बनाने में जुट गई हैं। मोहल्लों में सामूहिक रूप से तैयारियां होने से त्योहार का माहौल और अधिक जीवंत हो गया है। होली को लेकर बाजारों की बढ़ती रौनक और घरों में चल रही तैयारियां यह संकेत दे रही हैं कि इस बार भी जिले में होली का पर्व पूरे उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। होली जलाने के लिए लकड़ियां भी इकट्ठा कर ली गई हैं। लोगों में होली का खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

पर्व नजदीक आते ही शहर के बाजारों में रेडीमेड नमकीन और गुझिया के कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली है। बदलती जीवनशैली और व्यस्त दिनचर्या के कारण घरों में पारंपरिक पकवान बनाने का चलन धीरे-धीरे कम होता जा रहा है, जिससे बाजारों में तैयार नाश्ते और मिठाइयों की मांग तेजी से बढ़ी है। पहले होली से कई दिन पूर्व घरों में मठरी, सेव, मूंगदाल और गुझिया बनाने की तैयारियां शुरू हो जाती थीं।

महिलाएं मिलकर पकवान तैयार करती थीं और मोहल्लों में त्योहार की खुशबू महसूस होती थी, लेकिन अब समय की कमी और बढ़ती जिम्मेदारियों के चलते लोग बाजार से तैयार सामान खरीदना अधिक सुविधाजनक समझ रहे हैं। शहर की मिठाई और नमकीन दुकानों पर होली से पहले ही ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। ग्राहकों का कहना है कि अब घरों में सीमित रूप से ही पापड़ जैसे सामान बनाए जाते हैं, जबकि नमकीन, बिस्कुट और मिठाइयां बाजार से ही खरीदी जा रही हैं। बाजार में स्वाद और गुणवत्ता दोनों आसानी से मिल जाते हैं, जिससे समय की बचत होती है। पहले घरों में सभी पकवान बनाए जाते थे, लेकिन अब व्यस्तता के कारण यह संभव नहीं हो पाता। नमकीन व्यापारियों ने बताया कि होली के चलते मठरी, मिक्स नमकीन, सेव और बिस्किट की बिक्री में काफी बढ़ोतरी हुई है और लोग पैकिंग कराकर नाश्ते का सामान ले जा रहे हैं। मिठाई व्यापारी विनोद कुमार ने बताया कि गुझिया, बर्फी और काजू कतली की विशेष मांग बनी हुई है तथा लोग मेहमानों के लिए विभिन्न प्रकार की मिठाइयां खरीद रहे हैं।

# स्कूल में बच्चों ने उत्साह के साथ खेली होली


ऑल सेंट्स स्कूल में होली महोत्सव के दौरान रंगों के साथ उत्साह मनाते विद्यार्थी।

- ऑल सेंट्स स्कूल में मनाया गया रंगों भरा होली महोत्सव
- नन्हें विद्यार्थियों ने गुलाल और रंगों संग की मस्ती

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** ऑल सेंट्स स्कूल में शनिवार को होली महोत्सव उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल की छुट्टी के बाद विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर होली खेली।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंग-बिरंगे गुलाल से होली खेली। पूल में रंग डालकर विद्यार्थियों ने जमकर मस्ती की। होली का उत्साह बड़े छात्रों के साथ-साथ नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों में भी देखने को मिला। स्कूल डायरेक्टर सचिन बाथम ने विद्यार्थियों को सुरक्षित तरीके से होली खेलने के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्या साक्षी रस्तोगी ने बच्चों को होली पर्व के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह त्योहार रंगों, हर्षोल्लास और आपसी सौहार्द का प्रतीक है। साथ ही हानिकारक रंगों से होने वाली बीमारियों के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को गुलाल लगाकर तथा चॉकलेट वितरित की गई। शिक्षिकाओं ने भी खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर नेहा, रूबी, शुभा, मेघा, प्रियंका, समन, अश्विनी, दीपिका, फरीन, अल्फिया, शगुफ्ता, अजीम, प्रिंस आदि मौजूद रहे।

# डेंटल एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाई होली


इंडियन डेंटल एसोसिएशन के कार्यक्रम में गुलाल और फूलों से होली खेलकर खूब मस्ती करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- डाक्टरों ने गीत और संगीत पर दीं शानदार प्रस्तुतियां, होली भाईचारे के साथ मनाने की अपील

**अमृत विचार :** शनिवार को इंडियन डेंटल एसोसिएशन के कार्यक्रम में डॉक्टरों ने गुलाल और फूलों से होली खेलकर खूब मस्ती की। इस बीच गीतों पर डॉक्टरों ने डांस भी किया।

महानगर के एक होटल में हुए समारोह का आरंभ दीप जलाकर किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ रजत अग्रवाल ने सभी दंत चिकित्सकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सभी को यह त्योहार भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। इस तरह के पर्व साथ मनाने से आपस में भाईचारा और प्यार बढ़ता है। सचिव डॉ अंकित ने सभी का आभार जताया। कहा कि यह त्योहार आपसी सद्भाव दिखाने का है। सभी को मिलजुलकर मनाना चाहिए।

इस मौके पर डॉ एवी सिंह, डॉ समृद्धि, डॉ रेशु अग्रवाल, डॉअमित वर्मा, डॉ निर्भय गुप्ता, डॉ विजय दीप, डॉ पुनीत जैन, डॉ रीतिका, डॉ पूजा जलान, डॉ अर्चित चौधरी, डॉ सऊद, डॉ आशीष अग्रवाल, डॉ पूजा भल्ला, डॉ मयंक रस्तोगी, डॉ अंजलि, डॉ अरुण रस्तोगी, डा टीना अग्रवाल, संध्या, डा रीतिका, डा प्रीति आदि मौजूद रहे।

### होलिका दहन 3 और रंगोत्सव 4 मार्च को

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** इस वर्ष होली पर्व पर चंद्र ग्रहण का विशेष संयोग बन रहा है। फाल्गुन पूर्णिमा पर तीन मार्च को होलिका दहन किया जाएगा जबकि चार मार्च को रंगोत्सव मनाया जाएगा। जानकारी के अनुसार तीन मार्च 2026 को वर्ष का पहला आंशिक चंद्र ग्रहण शाम छह बजकर बीस मिनट से छह बजकर सैंतालीस मिनट तक रहेगा, जिसकी कुल अवधि 27 मिनट होगी। ज्योतिषीय गणना के अनुसार उसी दिन सुबह छह बजकर बीस मिनट से सूतक काल प्रारंभ हो जाएगा, जिसमें पूजा-पाठ और शुभ कार्य वर्जित माने गए हैं। ग्रहण भारत सहित यूरोप, एशिया, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका में दिखाई देगा। फाल्गुन पूर्णिमा तिथि दो मार्च सायं 5.18 बजे से शुरू होकर 3 मार्च दोपहर बाद 4.33 बजे तक रहेगी। ग्रहण समाप्ति के बाद शाम 6.47 बजे से रात 8.50 बजे तक होलिका दहन का मुहूर्त है, जबकि परंपरा के अनुसार होलिका दहन रात्रि 12 बजे के बाद से किया जाता है।

# होली में झलका सौहार्द का रंग

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



आईकेएमजी होली मिलन समारोह में फूलों की होली खेलती संस्था की सदस्याएं।

- आईकेएमजी की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन
- पारंपरिक गीतों, नृत्य और खेलों के साथ मनाया गया उत्सव

**अमृत विचार:** शहर में होली पर्व के आगमन के साथ अंतर्राष्ट्रीय खत्री महासभा ग्रुप आईकेएमजी की ओर से एक किटी हाउस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था की सदस्यों ने रंग, उमंग और आपसी भाईचारे के साथ होली पर्व का आनंद लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक होली गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों के साथ हुआ। इसके बाद होली विशेष हाउजी तथा विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समारोह का मुख्य आकर्षण फूलों की होली रही। इस दौरान सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को पुष्प अर्पित कर प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में गुजिया, समोसे सहित विभिन्न व्यंजनों का भी आनंद लिया गया। संस्था की अध्यक्ष पूनम टंडन तथा एम्बेसडर रजनी सेठ ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि आपसी संबंधों को मजबूत बनाने और मन के मैल को दूर करने का पर्व है। कार्यक्रम के दौरान संस्था की ओर से सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए रिटर्न गिफ्ट भी वितरित किए गए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष बीना मेहरोत्रा, सेक्रेटरी पूनम कपूर, मीडिया प्रभारी रिद्धि बहल सहित नीरू, रोली, डिम्पल, माला कपूर, लीपिका मेहरोत्रा, शांति, सुनीता, राखी, तृप्ति एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम हर्षोल्लास और आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ।

# प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**


राममुरारी पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी के दौरान मॉडल प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर राममुरारी पब्लिक स्कूल में आयोजन
- छात्रों ने बनाए मॉडल, स्वचालित प्रोजेक्ट बने आकर्षण का केंद्र

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर राममुरारी पब्लिक स्कूल मीरानपुर कटरा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सालपुर नवदिया के ग्राम प्रधान इंद्रजीत सिंह की ओर से दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।

प्रदर्शनी में कक्षा एक से कक्षा बारह तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर मॉडल, चार्ट और प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की ओर से तैयार किए गए स्वचालित मॉडलों ने सभी का विशेष ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनी में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर प्यूरिफायर, सोलर सिस्टम, सिंधु घाटी सभ्यता, मानव हृदय, वन संरक्षण, जल संरक्षण, हिंदी तथा अंग्रेजी सहित अनेक विषयों पर आधारित मॉडल और चार्ट प्रदर्शित किए गए।

विद्यालय की निदेशिका डॉ. चीना गर्ग ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनकी प्रतिभा की सराहना की। प्रधानाचार्य डॉ. लवलेश दत्त ने कार्यक्रम में पहुंचे अभिभावकों का विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अशोक अग्रवाल एवं डॉ. किरन अग्रवाल की ओर से भी विद्यार्थियों को बधाई दी गई।

### घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़, जान से मारने की धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जलालाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार की रात वह मकान में सो रही थी। उसके पिता खेत पर गए थे।

रात में साढ़े 12 बजे गांव का एक युवक दीवार फांदकर घुस आया। आरोप है कि आरोपी ने किशोरी को गलत नीयत से पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर तमंचा निकालकर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने शोर मचाया तो उसके दादा जाग गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# व्यापारियों ने पुलिस को सौंपे बैरिकेडिंग स्लाइडर

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**


रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित बैठक के दौरान पुलिस को बैरिकेटिंग सौंपते व्यापारी।

- होली और लाट साहब जुलूस को लेकर समन्वय बैठक
- शांतिपूर्ण जुलूस व मजबूत कानून व्यवस्था पर हुई चर्चा
- व्यापार मंडल ने प्रशासनिक सहयोग की पेश की मिसाल

**अमृत विचार:** होली पर्व एवं पारंपरिक लाट साहब जुलूस के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस प्रशासन की ओर से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता तथा महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम के नेतृत्व में संपन्न हुई।

बैठक के दौरान जुलूस को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। व्यापार मंडल की ओर से सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए पुलिस को बैरिकेटिंग उपलब्ध कराई गई। पुलिस अधीक्षक ने व्यापार मंडल के इस सहयोग की सराहना करते हुए इसे प्रशासन और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय का उदाहरण बताया। बैठक में प्रदेश संयुक्त मंत्री नारायण दास अग्रवाल, प्रदेश संयुक्त मंत्री सुरेंद्र सिंह सेठ, महानगर महामंत्री अमित शर्मा, महानगर वरिष्ठ मंत्री रेहान मिर्जा, मोहम्मदी रोड इकाई अध्यक्ष शादान खां, महानगर संगठन मंत्री सरताज, दिलजाक इकाई अध्यक्ष सरताज अली, मुश्ताक अहमद, पचराहा इकाई अध्यक्ष लकी खां, महेंद्र दुबे, विवेक सहगल, आदित्य वर्मा, सलीम खां, सबूर खां अध्यक्ष लोहा मंडी, महानगर उपाध्यक्ष असलम खां, हनी सिंह, मधुरेश गुप्ता, पतंग एसोसिएशन अध्यक्ष जाने आलम तथा मुस्ताक उर्फ बबलू सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

**ध्यान-साधना**

**श्री रामचंद्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव के पांचवें चरण में उमड़ी भीड़**

# हृदय केन्द्रित जीवन-दृष्टि है सहज मार्ग साधना पद्धति : दाजी

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**


रविवार को रामचन्द्र मिशन आश्रम में सामूहिक ध्यान साधना करतीं युवतियां।

**अमृत विचार :** श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य और मार्गदर्शन में राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव-2026 के पांचवें और अंतिम चरण में अभ्यासियों की भारी भीड़ उमड़ी।

प्रातः काल उत्सव का शुभारंभ सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। देश-विदेश से पधारे हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से ध्यान कर मानव कल्याण और विश्व शांति की मंगल कामना की।

इस अवसर पर दाजी ने अपने संदेश में कहा कि पूर्वाग्रह तो विवेक और समझदारी का चोला पहने रहता है। यह स्वयं को सत्य के प्रति निष्ठा, अनुभव से अर्जित बुद्धिमत्ता और सही निर्णय लेने की एक परिपक्व क्षमता के रूप में प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि आप सीमित दीवारें खड़ी करते हुए असीम तक नहीं पहुंच सकते। सायं काल में भी आयोजित ध्यान सत्र में भारी संख्या में अभ्यासियों ने ध्यान साधना की।

आयोजन में सचिव उमाशंकर बाजपेई, संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, माधोगोपाल अग्रवाल, एके गर्ग,सुयश सिन्हा, राज गोपाल अग्रवाल, नीलम सेठ, संजय मिश्रा, ममता सिंह, विनोद श्रीवास्तव, राकेश सक्सेना, एसके शर्मा, कृष्णा भारद्वाज आदि का विशेष सहयोग रहा।

### हार्टफुलनेस मेडिटेशन जीवन को भीतर से संवारने की सरल एवं प्रभावी पद्धति

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** श्री राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव-2026 के पांचवें और अंतिम चरण में देश-विदेश से आए हजारों अभ्यासियों की भारी भीड़ उमड़ी। श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी पटेल दाजी के सान्निध्य में कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। अभ्यासियों ने मानव कल्याण और विश्व शांति की कामना करते हुए ध्यान किया। अपने संदेश में दाजी ने कहा कि पूर्वाग्रह विवेक और समझदारी का रूप धारण कर व्यक्ति को सीमित कर देता है। उन्होंने कहा कि सहज मार्ग और हार्टफुलनेस मेडिटेशन जीवन को भीतर से संवारने की सरल एवं प्रभावी पद्धति है, जो हृदय केंद्रित जीवन-दृष्टि प्रदान करती है। सायंकाल आयोजित ध्यान सत्र में भी बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। आयोजन में सचिव उमाशंकर बाजपेई, संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, विनीत राणावत, माधो गोपाल अग्रवाल, ए.के. गर्ग, सुयश सिन्हा, राज गोपाल अग्रवाल, नीलम सेठ, संजय मिश्रा, ममता सिंह, विनोद श्रीवास्तव, राकेश सक्सेना, एस के शर्मा तथा कृष्णा भारद्वाज सहित अनेक लोगों का सहयोग रहा।


रामचंद्र मिशन आश्रम में ध्यान साधना कराते दाजी ● अमृत विचार

# बालिका वर्ग में हरी कौशल त्यागी स्कूल रहा विजेता

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- सुदामा प्रसाद वनस्थली में हुई ओलंपिक संघ की ओर से जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** जिला ओलम्पिक संघ की ओर से एक दिवसीय जिला स्तरीय बालक बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सुदामा प्रसाद वनस्थली में किया गया। जिसमें जनपद की 6 बालक व 4 बालिका टीमों ने प्रतिभाग किया। कड़े मुकाबले में बालिका वर्ग में हरिकौशल त्यागी स्कूल विजेता व स्टेडियम उपविजेता एवं बालक वर्ग में विजेता स्टेडियम व उपविजेता चाणक्य स्पोर्ट्स एकेडमी रहे। विजेता उपविजेता टीम को जिला कीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने मैडल पहनाकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता के सम्बंध में जानकारी देते हुए जिला ओलम्पिक संघ सचिव नरेंद्र त्यागी ने बताया कि उत्तरप्रदेश ओलम्पिक संघ सचिव व भारतीय हैंडबाल संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आनंदेश्वर पांडेय, यूपी हैंडबाल संघ के महासचिव अमित पांडेय के निर्देश पर जनपद में पहली बार जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जनपद में हैंडबाल को बढ़ावा दिया जाएगा। अध्यक्ष विनय गुप्ता ने कहा कि जिला ओलम्पिक संघ के देखरेख में जल्द जिला हैंडबाल की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। जिला प्रशासन से हैंडबाल ग्राउंड बनवाने की मांग की जाएगी। इस दौरान पंकज सक्सेना, इरफ़ान खान, सचिन प्रेमी, प्रमोद पांडेय, डीके सक्सेना, निशांत कुमार, मुजाहिद खान, शकील, अजयपाल, अन्नूत्यागी, संजय, लालाराम आदि का सहयोग रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### पनीर विक्रेता ने रिपोर्ट दर्ज करायी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोधीपुर निवासी श्याम बाबू ने सदर बाजार में दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार की शाम सात बजे आर्य महिला डिग्री कालेज तिराहे के सामने पनीर की दुकान पर बैठा हुआ था। लाल इमली चौराहे का आसिफ उसकी दुकान पर आया। आरोप है कि पैसे के लेनदेन को लेकर आरोपी दुकानदार को गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी आसिफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला चमकनी गाड़ीपुरा निवासी अधिवक्ता तुषार शर्मा ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 25 फरवरी की शाम साढ़े छह बजे अंजान चौकी की तरफ से अंटा चौराहे पर आया। स्कार्पियो में चार लोग नशे की हालत में थे। स्कार्पियों बैक करते समय बाइक में टक्कर मार दी, जिससे अधिवक्ता बाइक से नीचे गिर गए। स्कार्पियों में सवार चार लोग नीचे उतरे और अधिवक्ता को गाली देने लगे। आरोप है कि स्कार्पियो से अधिवक्ता को कुचलने का प्रयास किया। आरोपी स्कार्पियो लेकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### आरोपियों ने घर के बाहर लगे कैमरे तोड़े

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला हुंडाल खेल निवासी निवृत सप्लाई इंस्पेक्टर सर्वेश कुमार गुप्ता ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 26 जनवरी की रात में एक बजे सूदखोर राधाकृष्ण गुप्ता, सूर्यकांत गुप्ता आदि उसकी गली में आए। आरोपियों ने घर के बाहर लगे सुरक्षा की दृष्टि लगे सीसीटीवी को तोड़ डाला और गाली देने लगे। आरोपियों ने कहा कि उनका बेटा सुमित गुप्ता बहुत बड़ा बदमाश है। यदि कोई मूंह लगा तो जान से चला जाएगा। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक राधा कृष्ण और सूर्यकांत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## सिकंदरपुर अफगानान स्कूल का छात्रवृत्ति परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन

- राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा: ब्लॉक में बनाया रिकॉर्ड

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** विकासखंड जलालाबाद के पीएम श्री संविलियन विद्यालय सिकंदरपुर अफगानान ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सर्वाधिक विद्यार्थियों को परीक्षा उत्तीर्ण कराके उपलब्धि दोहराई है। विद्यालय के सात विद्यार्थियों ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

परीक्षा प्रभारी माधव शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष अभिषेक, अजय, पीयूष, रोशनी, वंदना, सुजीत और प्रिंस ने छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरणा ब्लॉक के प्रभारी अध्यापक विश्वनाथ प्रताप सिंह से मिली। विद्यार्थियों की तैयारी के लिए प्रतिदिन अतिरिक्त निशुल्क कक्षाएं संचालित की गईं, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया। विद्यालय तीन वर्षों से लगातार बेहतर प्रदर्शन कर जिलास्तर पर उच्च स्थान प्राप्त कर रहा है। अजय, प्रिंस और सुजीत ने सिविल सर्विसेज के माध्यम से देश सेवा की इच्छा जताई, जबकि रोशनी और अभिषेक ने आगे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की बात कही। वंदना ने शिक्षिका बनेगी। प्रधानाध्यापक जुबेर खां ने बताया कि परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों को अप्रैल के प्रथम सप्ताह में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में साइकिल देकर सम्मानित किया जाएगा।

### लखनऊ में अखिलेश यादव से मुलाकात कर ग्रहण की पार्टी सदस्यता, भावज अर्चना वर्मा भाजपा में महापौर

## सपा में शामिल हुईं पूर्व मंत्री राममूर्ति सिंह वर्मा की दोनों बेटियां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सपा में आने के बाद कहा- पिता की विरासत बचाने राजनीति में आए हैं
- अंजलि व अनीता के राजनीति में आने के फैसले से जिले में बढ़ी हलचल

**अमृत विचार:** जिला की राजनीति में उस समय हलचल मच गई जिले के दिग्गज नेता रहे राममूर्ति सिंह वर्मा की बेटियां अंजली सिंह एवं अनीता सिंह ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। दोनों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व से मुलाकात कर आधिकारिक रूप से पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। लखनऊ में अखिलेश यादव ने उन्हें सदस्यता ग्रहण कराई।

इस राजनीतिक कदम को शाहजहांपुर की राजनीति में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहे परिवार की नई पीढ़ी के इस निर्णय को स्थानीय राजनीतिक समीकरणों में बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। सदस्यता ग्रहण करने के दौरान दोनों नेताओं ने कहा कि वे समाजवादी विचारधारा, सामाजिक न्याय और विकास की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करेंगी।

पार्टी नेतृत्व की ओर से उनका स्वागत करते हुए इसे संगठन विस्तार की दिशा में अहम कदम बताया गया।



समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के दौरान अंजली सिंह व अनीता सिंह सपा मुखिया अखिलेश यादव के साथ। ● अमृत विचार

गौरतलब है कि इसी परिवार की अर्चना सिंह वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी से नगर निगम शाहजहांपुर की महापौर हैं, जिसके चलते यह राजनीतिक निर्णय जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। दूसरी ओर दोनों बेटियों ने कहा कि वह पिता की विरासत बचाने के लिए राजनीति में आई हैं। इससे राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं और तेज हो गई हैं। आगामी विधान सभा चुनाव पर दोनों बहनें के सपा में शामिल होने का क्या असर पड़ेगा इसके कयास लगाए जा रहे हैं।

# हाईवे पर खड़े ट्रक से भिड़ीं दो रोडवेज बसें, 29 यात्री घायल

### तिलहर में बड़ा सड़क हादसा, तीर्थ यात्रियों समेत बस स्टाफ भी जख्मी, मची खलबली

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर ग्राम धनेली पल्टू के पास रविवार शाम बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब हाईवे किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से आ रही दो सरकारी रोडवेज बसें घुस गईं। हादसे में महिला और पुरुष यात्रियों सहित कुल 29 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।



हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार



घायल।

दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए सरकारी एंबुलेंस की मदद से बसों में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई। रोडवेज बस चालक आशुतोष बाजपेई के अनुसार उनकी बस के आगे एक अन्य रोडवेज बस चल रही थी। इसी दौरान हाईवे किनारे खड़े ट्रक में आगे चल रही बस टकरा गई, जिसके बाद पीछे आ रही दूसरी बस भी अनियंत्रित होकर उसमें जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि बसों में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

हादसे में मनौना धाम से लौट रहे तीर्थयात्री मोतीलाल, रिंकी, कपिल कुमार निवासी लखीमपुर खीरी, रज्जो देवी व भरत लाल निवासी रौनापार आजमगढ़, मुन्नालाल, धर्मेंद्र राज, तेजराम कसर खानपुर निवासी सीतापुर, सोनू विश्वकर्मा निवासी आवास विकास लखनऊ घायल हुए। इसके अलावा हरिद्वार से लौट रहे विपिन गुप्ता निवासी बिलसंडी बुजुर्ग पुवायां, सोनू परसेना, सुशील कुमार, सुनील कुमार, साधु राम निवासी खलीलपुर निगोही, रामनरेश निवासी कमरखेड़ा मोहम्मदी, हिमांशी, सत्यदेव, साधुराम, प्रियांशी निवासी बरखेड़ा मोहम्मदी, संजय कुमार मोहम्मदी, छोटू हरिद्वार, हरिओम हरदोई, कुलदीप कुमार मोहम्मदी, कमलेश कुमार हरदोई तथा पिथौरागढ़ निवासी ओमप्रकाश जोशी घायल हुए, जो लखनऊ दवा लेने जा रहे थे। हादसे में बस स्टाफ के चालक आशुतोष बाजपेई निवासी सीतापुर, चालक अरुण शुक्ला निवासी लखीमपुर खीरी तथा परिचालक शिवम अवस्थी निवासी लखीमपुर खीरी भी घायल हो गए।



अस्पताल में भर्ती घायल। ● अमृत विचार

> घायलों को प्राथमिकता के आधार पर उपचार के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> -**जुगल किशोर पाल**, इंस्पेक्टर तिलहर

### खिड़कियों से बाहर निकाले गए यात्री

हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बिना देर किए राहत कार्य शुरू कर दिया। बसों में फंसे यात्रियों को खिड़कियों और दरवाजों से बाहर निकाला गया। कई यात्री घबराहट की स्थिति में थे, जिन्हें स्थानीय लोगों ने संभाला। एंबुलेंस पहुंचने तक ग्रामीण लगातार घायलों को प्राथमिक सहायता देते रहे। घटना के चलते नेशनल हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाया और यातायात व्यवस्था सामान्य कराई। हादसे के बाद मार्ग पर लंबा जाम लग गया था, जिसे पुलिस ने धीरे-धीरे खुलवाया।

### पिकअप से टकराकर महिला की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बारापत्थर गांव के सामने पिकअप ने सड़क पैदल पार कर रही महिला को टक्कर मार दी, जिससे महिला घायल हो गयी। घायल महिला की जलालाबाद सीएचसी पर मौत हो गयी। जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव ककरा निवासी 66 वर्षीय रामलली शनिवार की शाम सात बजे बारापत्थर चौराहे पर सड़क पार कर रही थी। अचानक पिकअप ने महिला को टक्कर मार दी, जिससे महिला घायल हो गयी। चालक पिकअप छोड़कर भाग गया। पुलिस ने घायल महिला को जलालाबाद सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गयी। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि महिला पिकअप से घायल हो गयी थी और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अयोध्या से लौट रहे तीर्थ यात्री की कार में मौत

- कार से अमरोहा जा रहे थे, परिवार में मचा कोहराम

**संवाददाता, तिलहर/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अयोध्या में राम मंदिर से दर्शन करके कार से तीर्थ यात्री अमरोहा जा रहे थे। अचानक एक तीर्थ यात्री तबीयत खराब हो गयी। दोस्तों ने उसे रुहेल खण्ड मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अमरोहा जिले के थाना नौगवां के गांव मगहुआ माफी निवासी मुकेश अपने मित्र कपिल निवासी रजकपुर जिला अमरोहा, दीपेंद्र, गुरुवचन निवासी नौगवां जिला अमरोहा के साथ कार से अयोघ्या राम मंदिर में श्रीराम के दशर्न करने के लिए गए थे। सभी लोग रविवार को अयोध्या से अमरोहा के लिए कार से लौट रहे थे। अचानक मुकेश की तबीयत खराब हो गयी। तीनों दोस्तों ने उसे रुहेल खण्ड मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। तिलहर थाना को सूचना दी गयी। पुलिस ने मृतक मुकेश का शव पंचनामा भरा गया। तीनों दोस्त मुकेश की मौत से दुखी थे। इधर उसके परिवार वालों को सूचना दी गयी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित रख दिया गया। दोस्त उसका शव लेकर अमरोहा चले गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रेन के पायदान और प्लेटफार्म के बीच फंसा यात्री, 30 मिनट खड़ी रही अयोध्या एक्सप्रेस

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- ट्रेन में चढ़ते समय पैर स्लिप हुआ, प्लेटफार्म तोड़कर निकाला, घायल को मेडिकल कालेज भेजा

**अमृत विचार:** अयोध्या-दिल्ली एक्सप्रेस में चढ़ते समय एक यात्री पायदान में फंस गया। इस दौरान ट्रेन चल दी और गार्ड ने तुरंत ट्रेन को रोक दिया। आरपीएफ, जीआरपी और कैरिज विभाग के कर्मचारी प्लेटफार्म पर पहुंचे। प्लेटफार्म को तोड़कर यात्री को बमुश्किल से निकाला। यात्री घायल हो जाने पर मेडिकल कालेज भेज दिया। इस दौरान ट्रेन करीब आधा घंटे खड़ी रही।



ट्रेन के पायदान में फंसे यात्री को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजा गया। ● अमृत विचार

अयोध्या-दिल्ली एक्सप्रेस शनिवार की रात साढ़े दस बजे प्लेटफार्म तीन पर आकर रुकी। इस दौरान मुरादाबाद जिले का शिव कुमार गार्ड की बोगी के निकट जनरल कोच में पायदान पर पैर रखकर चढ़ने लगा। उसका अचानक पैर स्लिप हो गया। यात्री का पैर स्लिप हो जाने से पायदान में फंस गया। इसी बीच दो मिनट बाद ट्रेन बरेली की ओर चल दी। यात्रियों ने शोर मचाया कि तो गार्ड ने ट्रेन को वैक्यूम करके रोक दिया। इस दौरान यात्रियों की कोच के पास भीड़ लग गयी। गार्ड कोच के पास आया और देखा कि यात्री पायदान में फंसा हुआ और बाहर निकल नहीं पा रहा है। गार्ड ने कंट्रोल और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। इस दौरान आरपीएफ, जीआरपी के पुलिस कर्मचारी और कैरिज विभाग के कर्मचारी प्लेटफार्म तीन पर कोच के पास आए। रेलवे कर्मचारियों ने पहले कहा कि पायदान काटना पड़ेगा। कर्मचारी कार्यालय से हथौड़ा ओर बेलचा लेकर आए। कर्मचारियों ने बेलचे से प्लेटफार्म का कोना तोड़ा। उसके बाद यात्री शिव कुमार को बाहर निकाला। उसकी कमर रगड़ने से घायल हो गया था। ट्रेन करीब आधा घंटे बाद बरेली के लिए रवाना हुई। आरपीएफ थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रेन में चढ़ते समय यात्री प्लेटफार्म और पायदान के बीच फंस गया था। प्लेटफार्म को तेडकर यात्री को निकाला गया। आरपीएफ ने घायल यात्री को मेडिकल कालेज भेज दिया। उसके परिवार वालों को सूचना कर दी।

## बाइकों की भिड़ंत में युवक गंभीर घायल

**कलान, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में रविवार को स्टेट हाईवे मुरादाबाद-कलान मार्ग पर बिजली घर के सामने दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में गांव अमिदापुर निवासी सत्येंद्र पुत्र विश्राम गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि सत्येंद्र बाजार से होली का सामान खरीदकर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिजन घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और मां व बहन का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

## रामचंद्र मिशन आश्रम के पास डीसीएम और ट्रैक्टर-ट्रॉली की भिड़ंत में चालक घायल

- आश्रम गेट नंबर-4 के पास हुआ भीषण हादसा, मची अफरा तफरी
- जोरदार टक्कर से ट्रैक्टर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त
- घायल चालक को लोगों ने अस्पताल पहुंचाया

संवाददाता, रौसर कोठी,

**अमृत विचार:** रामचंद्र मिशन आश्रम के गेट नंबर-4 के पास शनिवार को डीसीएम वाहन और गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गन्ना लादकर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली सामने से आ रहे डीसीएम वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर का अगला हिस्सा बुरी



रामचंद्र मिशन आश्रम गेट नंबर-4 के पास हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार

तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक वाहन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल चालक को बाहर निकालकर उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात व्यवस्था सुचारु कराई। हादसे के कारण कुछ समय तक मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी है।

## रंगदारी न देने पर चालक को पीटा, बस के शीशे तोड़े

- आरोपी ने उसकी बस रोक ली थी पांच के खिलाफ रिपोर्ट
- प्राइवेट बस चालक से मांगी रंगदारी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रोजा क्षेत्र में चार लोगों ने प्राइवेट बस को रोक लिया। आरोपियों ने चालक से कहा कि इस रोड पर चलने पर पांच हजार रुपये रंगदारी देनी होगी। रंगदारी न देने पर आरोपियों ने चालक को मारा पीटा और बस के शीशे तोड़ दिए। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

लखीमपुर खीरी जिले के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी नाजिम खां ने बताया कि प्राइवेट बस का चालक है। 26 फरवरी की शाम साढ़े सात बजे पुवायां से शाहजहांपुर लेकर बस आ रहा था। वह बस लेकर दिउरिया मोड़ पर पहुंचा तो हापुड़ जिले के बस चालक नाजिम ने उसकी बस के आगे बस रोककर लगा दी। साथ ही इरफान, हुसैन व सत्तार ने अपनी बस पीछे लगा दी थी। चालक ने आरोपियों से कहा कि अपनी बस हटा लो। आरोपी नाजिम व इरफान ने कहा कि इस रुट पर बस लेकर चलोगे तो प्रतिमाह पांच हजार रुपये देना होगा। चालक ने आरोपियों से कहा कि किस बात का महीना देना होगा। इस बात से आरोपी नाराज हो गए। आरोपी नाजिम, आमिर, इरफान, हुसैन व सत्तार अपनी बसों से लोहे की राड और डंडे लेकर आए। आरोपी चालक नाजिम और परिचालक निसार निवासी कोरोकुइया थाना सिंधौली को मारने पीटने लगे। आरोप है कि उसकी बस के शीशे तोड़ दिए। चालक ने डायल 112 को फोन किया। आरोपी अपनी-अपनी बस लेकर हथौड़ा चौराहे की तरफ भाग गए। रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि आरोपी नाजिम, आमिर निवासी हापुड़, इरफान, हुसैन, सत्तार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## डीएम और एसपी ने लाट साहब के जुलूस निकालने का कराया रिहर्सल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** डीएम धर्मेंद्र कुमार एवं एसपी राजेश द्विवेदी ने आगामी परंपरागत 'बड़े लाट साहब' एवं 'छोटे लाट साहब' जुलूस के सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस की जिप्सी से रिहर्सल एवं स्थलीय निरीक्षण किया।

डीएम एवं एसपी रिहर्सल के दौरान जुलूस मार्ग पर स्थापित बैरीकेडिंग, डायवर्जन प्वाइंट, पार्किंग स्थल, कंट्रोल रुम, पुलिस सहायता केंद्र, एंबुलेंस प्वाइंट, अग्निशमन वाहन की तैनाती, प्रकाश एवं विद्युत व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रस्तावित रुट डायवर्जन योजना की समीक्षा की गई। दोनों अधिकारियों ने डियूटी स्थल का



निकलने वाले लाट साहब के जुलूस का रिहर्सल करते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार

स्थलीय सत्यापन किया गया। दोनों अधिकारियों ने भीड़ प्रबंधन, अफवाह नियंत्रण, आपात स्थिति से निपटने, महिला सुरक्षा एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। निर्देशित किया गया कि जुलूस के दौरान कानून-व्यवस्था की स्थिति पूर्णतः नियंत्रित एवं संतुलित रहे। अग्निशम विभाग को संवेदनशील स्थलों पर त्वरित प्रतिक्रिया के लिए सर्तक रहने को कहा गया। आमजन से अपील की गई है कि शांति एवं सौहार्द बनाएं रखे तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि सूचना तत्काल पुलिस को दे। रिहर्सल में नगर आयुक्त, नगर मजिस्ट्रेट, एडीएम, एएसपी ग्रामीण, एएसपी सिटी, सीओ सिटी, सीओ सदर, थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## गाड़ी में डीजल डलवा लिए, नहीं दिए पैसे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चौक कोतवाली के मोहल्ला साउथ सिटी के विक्रांत मिश्रा ने थाना कांट पर दी गई तहरीर में बताया कि पड़ैचा में स्थित पेट्रोल पंप का डीलर है। 27 फरवरी की रात साढ़े दस बजे बोलेरो गाड़ी पंप पर आकर रुकी।

गाड़ी पर उत्तर प्रदेश सरकार लिखा हुआ था। चालक के अलावा तीन लोग गाड़ी में और बैठे हुए थे। चालक की सीट के पीछे व्यक्ति ने कहा कि पांच हजार रुपये का डीजल डाल दो। पंप पर मौजूद सेल्समैन मुकेश कुमार निवासी गड़चप्पा थाना कांट ने गाड़ी में डीजल डाल दिया।

सेल्समैन ने पांच हजार रुपये मांगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर गाड़ी से भाग गए। कांट प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## झोपड़ी में भीषण आग से गृहस्थी जलकर राख

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव बझेड़ा महुआ डांडी में रविवार सुबह एक झोपड़ीदार मकान में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई, जिससे घर में रखा अनाज, नगदी और घरेलू सामान जलकर राख हो गया। घटना के दौरान परिवार के सदस्य किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहे।

सुबह करीब छह बजे लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। झोपड़ी में रहने वाले अरुण कुमार पुत्र श्रीकृष्ण उम्र करीब 35 वर्ष ने बताया कि घटना के समय पूरा परिवार सो रहा था। अचानक धुआं और चिंगारियां दिखाई देने पर आग भड़क उठी। उन्होंने तुरंत पत्नी उषा और अपने आठ वर्षीय बेटे तथा पांच वर्षीय बेटी को जगाया और सभी लोग बाहर भाग निकले। आग लगने से घर में रखा करीब 20 किलो गेहूं,



गांव बझेड़ा महुआ डांडी में आग लगने से जलती झोपड़ी।

10 किलो चावल, 15 हजार रुपये नगदी सहित बर्तन, कपड़े और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जल गया। अरुण कुमार मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं और झोपड़ीदार मकान ही उनकी एकमात्र संपत्ति थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। दमकल वाहन उपलब्ध न होने के कारण ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी डालकर करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक झोपड़ी पूरी तरह जल चुकी थी। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

# कुरआन मुकम्मल होने पर मस्जिदों में मनाया जश्न

## हाफिजों को नकद इनाम व तोहफों से नवाजा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : मुकद्दस रमजान में तरावीह में कुरआन मुकम्मल होने पर कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। डीएम कंपाउंड स्थित मस्जिद में 11 वीं तरावीह में कुरआन मुकम्मल होने पर आयोजित कार्यक्रम का आगाज मस्जिद के इमाम मौलाना अनीस खां ने तिलावते कुरआन से किया। इस दौरान मुफ्ती राहिल रजा ने रमजान में रोजे रखकर इबादत करने और खुदा की रहमतें हासिल करने पर जोर दिया।

इस मौके पर शाहिद रजा ने नात व मनकबत सुनाई। कुरआन सुनाने वाले हाफिज मोहम्मद फुरकान रजा व मौलाना अनीस खां को मस्जिद कमेटी तथा अन्य लोगों ने नकद नजराना व तोहफों से नवाजा। आखिर में मुल्क की खुशहाली की दुआ की गई। कार्यक्रम में न्यूरोलॉजिस्ट डा मोहम्मद इमरान खां, साजिद खां, सैयद मोहम्मद तालिब, सैयद कासिम रजा, मौलाना गुलाम मुर्तजा, मौलाना अतीक, हाफिज अतहर खां, खालिद, शायर हमीद खिजर, तबरेज खां, जीशान खां, मोहम्मद अहमद खां, मोहम्मद अबूजर खां, सिद्दीक खां, उवैस, मोहम्मद सैफ आदि रहे।



डीएम कंपाउंड स्थित मस्जिद में 11 वीं तरावीह में कुरआन मुकम्मल होने पर हाफिज फुरकान रजा को उपहार देते न्यूरोलॉजिस्ट डा इमरान खां। ● अमृत विचार

### मस्जिद ठोकर वाली में जश्न का आयोजन

महानगर के मोहल्ला बहादुरपुरा स्थित मस्जिद ठोकर वाली में 11 वीं तरावीह में कुरआन मुकम्मल होने पर जश्न का आयोजन किया गया। जिसका आगाज मस्जिद के इमाम ने कुरआन की तिलावत से किया। इस दौरान रमजान की फजीलत और रोजे की अहमियत पर रोशनी डाली गई। इस मौके पर नात व मनकबत सुनाई गई। कुरआन सुनाने वाले हाफिज मोहम्मद आरिफ रजा को मस्जिद कमेटी तथा अन्य लोगों ने नजराना व तोहफों से नवाजा। आखिर में मुल्क की खुशहाली की दुआ की गई। कार्यक्रम में रईस खां, नदीम खां, बब्बन, नोमान, कामरान, सुल्तान, मुख्तार, नासिर, अब्दुल वहीद, अली मोहम्मद, मोहम्मद वसीम, आसिफ, वारिस आदि थे। दूसरी ओर डीएम कंपाउंड स्थित मस्जिद में 11 वीं तरावीह में कुरआन मुकम्मल होने पर आयोजित कार्यक्रम का आगाज मस्जिद के इमाम मौलाना अनीस खां ने तिलावते कुरआन से किया। इस दौरान मुफ्ती राहिल रजा ने रमजान में रोजे रखकर इबादत करने और खुदा की रहमतें हासिल करने पर जोर दिया। इस मौके पर शाहिद रजा ने नात व मनकबत सुनाई। कुरआन सुनाने वाले हाफिज मोहम्मद फुरकान रजा व मौलाना अनीस खां को मस्जिद कमेटी तथा अन्य लोगों ने नकद नजराना व तोहफों से नवाजा। आखिर में मुल्क की खुशहाली की दुआ की गई। कार्यक्रम में न्यूरोलॉजिस्ट डा मोहम्मद इमरान खां, साजिद खां, सैयद मोहम्मद तालिब, सैयद कासिम रजा, मौलाना गुलाम मुर्तजा, मौलाना अतीक, हाफिज अतहर खां, खालिद, शायर हमीद खिजर, तबरेज खां, जीशान खां, मोहम्मद अहमद खां, मोहम्मद अबूजर खां, सिद्दीक खां, उवैस आदि मौजूद रहे।

## तरावीह कराने वाले हाफिज को दिए तोहफे



बाड़ूजई प्रथम स्थित मस्जिद शेरुज्जमा खां में तरावीह की नमाज में कुरआन मुकम्मल होने पर हाफिज को उपहार देते पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आपस में मिलजुल कर मुल्क और कौम की तरक्की के लिये काम करें : आफताब

**अमृत विचार** : बरकतों के महीने रमजान में मोहल्ला बाड़ूजई प्रथम स्थित मस्जिद शेरुज्जमा खां में तरावीह की नमाज में कुरआन मुकम्मल हो गया। फातिहा ख्वानी के बाद सभी को शीरीनी तकसीम की गई। कुरआन सुनाने वाले हाफिज अबु हमजा को नकद इनाम और तोहफों से नवाजा गया। मस्जिद इमाम मौलाना जुनैद रजा ने कहा कि कुरआन की हिफाजत की जिम्मेदारी खुद अल्लाह तआला ने ली है। कुरआन-ए-करीम रमजान के मुकद्दस महीने में नाजिल हुआ। मस्जिद कमेटी के आफताब अली ने कहा कि हम सब आपस में मिलजुल कर मुल्क और कौम की तरक्की के लिये काम करें। पवित्र महीने रमजान का एहतेमाम और एहतराम करें। आखिर में मुल्क में अमन और भाईचारे की दुआ की गई।

इस मौके पर हाफिज शाह आलम, फाजिल खां, सुहेल खां, सरताज मंसूरी, शरीफ कुरैशी, सरताज हुसैन, तौहीद आलम, हाजी फारूक, हाफिज हमजा, इकराम, शैलू, फैजान, मुख्तार हुसैन, मोहम्मद सलमान, वसीम, इरफान, रशीद सिराज, वारिस, वसीउल्लाह, अफसर, आजम आदि मौजूद रहे।

### रोजेदारों को कराया इफ्तार

मस्जिद में रोजेदारों को सामूहिक रोजा इफ्तार कराया गया। शाम को छह बजे से लोग कतारों में बैठ गये। मगरिब की अजान के साथ ही सभी ने खजूर से रोजा इफ्तार किया और विभिन्न पकवानों का आनंद लिया। इसके बाद मगरिब की नमाज अदा की गई।

## सड़क हादसे में जीजा साली घायल

**खुटार , अमृत विचार**: जिला पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव धनेगा निवासी इकबाल 18 वर्ष की ससुराल जिला लखीमपुर खीरी के गांव संसारपुर में है।इकबाल अपनी ससुराल गए गया था। रविवार को अपनी साली सलोनी 17 वर्ष के साथ अपने घर स्कूटी से वापस जा रहे था। खुटार पूरनपुर रोड पर नव निर्मित ओवरब्रिज के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक को बचाने में उसकी स्कूटी अनियंत्रित होकर रोड पर गिर गई। जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

## ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार**: कांट थाना क्षेत्र के गांव कमलनैनपुर निवासी सवराना ने दी गई तहरीर में बताया कि तीन साल पहले उसकी शादी शारिक निवासी बरुआ बाजार थाना शाहाबाद जिला हरदोई के साथ हुई थी। उसके मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वालों ने दो लाख रुपये की मांग की। दो लाख रुपये न देने पर ससुराल वालों ने उसे मारपीट करके घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति शारिक समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## न्यूज ब्रीफ

### जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : पनीर विक्रेता को चाकू मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अभियुक्त के कब्जे से चाकू बरामद कर लिया। रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोधीपुर निवासी मनोज कुमार आर्य महिला डिग्री कालेज तिराहे पर पनीर की दुकान है। शनिवार की शाम उसका आरोपी नईम निवासी बीबीजई हद्दफ थाना सदर बाजार से पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद था। आरोपी नईम ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया था। सदर बाजार पुलिस ने आरोपी नईम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चाकू बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक सुशील कुमार आदि थे शामिल थे।

### हजारों का घरेलू सामान जला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : बझेड़ा महुआ डांडी गांव में छप्पर दार मकान में आग लग गयी। गांव वालों के अथक प्रयास से आग बुझाई गयी। आग से हजारों का सामान जल गया। जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव बझेड़ा महुआ डांडी निवासी अरुण कुमार के मकान में छप्पर पड़ा था। वह परिवार के साथ रविवार की सुबह पांच बजे सो रहे थे। उनके छप्पर में अचानक आग लग गयी। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गांव वाले एकत्रित हो गए। गांव वालों के अथक प्रयास से आग बुझाई गयी। आग से नगदी समेत हजारों रुपये का घरेलू सामान जल गया।

### युवती को किया अगवा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले के व्यक्ति ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 26 फरवरी की शाम उसकी 20 वर्षीय पुत्री किसी के घर गई थी, जो वापस लौटकर नहीं आई। आरोप है कि हरदोई का सचिन कुमार उसकी पुत्री को अगवा करके ले गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## उठहु राम भंजहु भव चापा मेटहु तात जनक परितापा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार**: श्रीरामकथा के छठे दिन कथाव्यास विजय कौशल महाराज ने जानकी स्वयंवर प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। उन्होंने बताया कि भगवान राम गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुरी पहुंचे, जहां राजा जनक ने उनका आदर-सत्कार किया। नगर भ्रमण के दौरान जनकपुरी के नर-नारी भगवान राम और लक्ष्मण की सुंदरता देखकर भावविभोर हो उठे।

पुष्प वाटिका में भगवान राम और जानकी का मिलन हुआ, जिसके बाद स्वयंवर की तैयारी शुरू हुई। स्वयंवर में अनेक देशों के राजा-महाराजा शिवधनुष उठाने में असफल रहे। गुरु विश्वामित्र की आज्ञा मिलने पर भगवान राम ने धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाई और धनुष भंग कर दिया, जिसके बाद जानकी ने उन्हें वरमाला पहनाई। मंच पर महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद, स्वामी अभेदानंद, स्वामी हनुमाननाथ, स्वामी सर्वेश्वरानंद, व्यास राममूर्ति मिश्र, रामशंकर उपाध्याय, शुभेश शरमन तथा स्वामी विवेकानंद सरस्वती मौजूद रहे। कार्यक्रम में विधायक चेतराम, विधायक हरिप्रकाश वर्मा, डीपीएस राठौर, सोनिया राठौर, अरुण खंडेलवाल, अंजू खंडेलवाल, सोबरन सिंह यादव, एडवोकेट ओम सिंह, एडवोकेट संतोष सिंह, मचकेन्द्र सिंह, एडवोकेट रवि मिश्रा, इंजीनियर आर के अग्रवाल, प्रो अवनीश मिश्र, प्रो आर के आजाद, प्रो अनुराग अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कथा पूर्व व्यासपीठ पूजन डॉ. देवेंद्र कुमार सिंह, प्रीति सिंह, प्रांजल रस्तोगी व झरना रस्तोगी ने किया। आरती विधायक चेतराम, सोबरन सिंह, संतोष सिंह व ज्योति मिश्रा ने की तथा प्रसाद वितरण में अशोक अग्रवाल व डॉ. रामनिवास गुप्ता का सहयोग रहा।



रामकथा सुनाते विजय कौशल महाराज।

### आरोपियों ने स्कूटी तोड़ी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : बंडा थाना क्षेत्र के गांव धर्मापुर निवासी सिद्दार्थ ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 25 फरवरी की शाम सात बजे कोचिंग पढ़कर स्कूटी से घर आ आ रहा था। गांव के ही अनुराग, शिवम व श्यामा देवी ने उसकी अपने घर के सामने स्कूटी रोक ली। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे मारा पीटा और स्कूटी तोड़ दी। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

## जन्मदिवस पर संगोष्ठी कर बहुजन नेता दीनाभाना बाल्मीकि को याद किया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार** : बुद्धिष्ट सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया की स्थानीय शाखा के तत्वावधान में बहुजन नेता दीनाभाना बाल्मीकि के जन्मदिवस पर संगोष्ठी का आयोजन स्थानीय बुद्ध विहार में किया गया। बुद्ध वंदना कर दीनाभाना के चित्र पर पुष्पांजलि की गई। अमित बाल्मीकि ने बताया कि जयपुर (राजस्थान ) के वागास ग्राम के 28 फरवरी 1928 को बाल्मीकि परिवार में जन्मे दीनाभाना, डा. बीआर अम्बेडकर के सामाजिक संघर्षों से प्रभावित थे और वामसेफ़ के संस्थापक सदस्य थे।

कवि ज्ञानेन्द्र मोहन ''ज्ञान'' ने कहा कि जरूरत इस बात की है कि आने वाली पीढ़ी को शिक्षा के महत्व को समझने तथा आत्मसम्मान की रक्षा के लिए जागृत करें।



स्थानीय बुद्ध विहार में संगोष्ठी में शामिल पदाधिकारी। ● अमृत विचार

सोसायटी के पश्चिमी उत्तरप्रदेश के अध्यक्ष रामसेवक गौतम ने कहा कि मान्यवर कांशीराम को डॉ.अम्बेडकर के संघर्षों से परिचित कराने और सामाजिक क्षेत्र में उतारने में दीनाभाना एक प्रमुख कड़ी बने।

ग्यारी लाल ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि दीना भाना ने बहुजन समाज में आत्मविश्वास और चेतना जगाने का काम किया।

संगोष्ठी में विनोद छाबला, मुरारी लाल भास्कर, परमजीत सिंह, अशोक कुमार, अनुज कुमार एडवोकेट, नरेश सिद्धार्थ, आकाशदीप, राकेश कुमार, प्रशांत कुमार, गौरव, राधेश्याम, सत्यपाल वर्मा, दिनेश कुमार, रवि आदि ने दीनाभाना बाल्मीकि का स्मरण किया।

## अविवाहित बेटी का गर्भवती होना एक दुःस्वप्न के समान

विधि संवाददाता,प्रयागराज

- शाहजहांपुर के मामले में कोर्ट ने सजा बरकरार रखी

**अमृत विचार**: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शाहजहांपुर में नाबालिग बेटी और किरायेदार युवक की गला दबाकर हत्या करने वाले दंपती की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा बरकरार रखते हुए कहा कि भारतीय समाज में अविवाहित बेटी का गर्भवती होना एक दुःस्वप्न जैसा माना जाता है, जो माता-पिता की तीव्र और कई बार हिंसक प्रतिक्रिया को जन्म दे सकता है।

ऐसी स्थिति सामाजिक शर्मिंदगी उत्पन्न करती है और उससे बचने के लिए लोग कभी-कभी अवैध उपाय भी अपना सकते हैं। मौजूदा मामले में अभियुक्त भारतीय समाज के साधारण और मध्यम वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं, जहाँ ऐसी परिस्थितियों में अत्यधिक प्रतिक्रिया असामान्य नहीं होती, इसलिए यह परिस्थिति अभियुक्तों के खिलाफ हत्या का मजबूत कारण स्थापित करती है। यह आदेश न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने सीमा गुप्ता की आपराधिक अपील तथा मुकेश गुप्ता की जेल अपील को खारिज करते हुए दिया और सीमा गुप्ता को दो सप्ताह में आत्मसमर्पण का निर्देश दिया। हालांकि अपीलकर्ताओं के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि घटना किसी प्रत्यक्षदर्शी के अभाव में केवल परिस्थितिजन्य साक्ष्यों पर आधारित है। पोस्टमार्टम में शरीर पर किसी तरह के अन्य घावों की पुष्टि न होने से आत्महत्या की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## अवकाश के फेर में उलझी कर्मचारियों की पेंशन और वेतन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पेंशन और वेतन न मिलने पर निराश हुए कर्मचारी
- 28 से बैंकों में हो चुका अवकाश, चार मार्च को खुलेंगी बैंक

**अमृत विचार**: शासन की ओर से सभी विभागों के कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ पेंशनभोगियों को 28 फरवरी तक पेंशन और वेतन जारी करने के आदेश दिए गए थे। जिस पर बेसिक शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों की ओर से पूरी कार्रवाई की गई। साथ ही ट्रेजरी द्वारा भी वेतन जारी करने की हर संभव कोशिश हुई। लेकिन वेतन और पेंशन जारी नहीं हो सका। अधिकारी इसे तकनीकी खामी बता रहे।

जबकि बैंकों में अवकाश घोषित होने की वजह से वेतन और पेंशन खाते में सैलरी क्रेडिट नहीं हो सकी है। जिससे कर्मचारी निराश हो गए हैं। हालांकि अधिकारियों के द्वारा बताया रहा है कि दो मार्च को सैलरी क्रेडिट हो सकती है। सरकार के आदेश पर सभी विभागों ने तत्परता दिखाते हुए वेतन और पेंशन के बिल वाउचर बनाकर ट्रेजरी भेज दिए थे। ट्रेजरी के कर्मचारी भी वेतन और पेंशन जारी करने के लिए 27 फरवरी तक देर रात तक कार्रवाई पूरी करते रहे। इसके बाद भी अधिकांश विभागों के कर्मचारियों के साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारी, शिक्षक और अधिकारियों का वेतन उनके बैंक खाते में क्रेडिट नहीं हो सका। यही हाल सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन का रहा। जिस पर उन्होंने आक्रोश व्यक्त किया है।

सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेन्शनर्स ऐसोसियेशन जिलाध्यक्ष मोहन स्वरुप गुप्ता ने बताया कि सरकार की ओर से होली से पूर्व भुगतान का आश्वासन दिया गया था। लेकिन शनिवार देर रात तक खातों में राशि नहीं पहुंची। कहा कि अब छुट्टियां शुरू हो रही हैं, अब देखना होगा कि इन दिनों में वेतन व पेंशन जारी हो पाएगी या नहीं। शिक्षक संघ के पदाधिकारी अरुण पांडेय ने बताया कि खुशी थी कि इस बार समय से वेतन मिल जाएगा। लेकिन वेतन आने से निराशा हुई।

### बैंकों में अवकाश की वजह से सरकार की घोषणा फेल

लेखा विभाग से संबंधित अधिकारियों का कहना है उनके द्वारा पुरजोर कोशिश करते हुए वेतन और पेंशन जारी कर दी गई। लेकिन खाते में क्रेडिट नहीं हो सकी। यह सर्वर डाउन होने के साथ बैंकों में अवकाश होना भी एक वजह रही है। लेखा विभाग के अधिकारियों की मानें तो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पहले ही साफ कर दिया है कि होली और वीकेंड की वजह से बैंक बंद रहेंगे। आरबीआई के नियम के तहत माह के दूसरे और चौथे शनिवार को बैंकों में अवकाश रहता है। 28 फरवरी को भी अवकाश था। इसके अगले दिन 01 मार्च को रविवार होने की वजह से छुट्टी रही। इसके बाद 2 मार्च से होली की छुट्टियां शुरु हो रही हैं। यह छुट्टियां चार मार्च को समाप्त होंगी।

### कोषाधिकारी बोले- तकनीकी खामी रही

वरिष्ठ कोषाधिकारी विकास चौधरी ने बताया कि ट्रेजरी के द्वारा सारी प्रोसेस कर दी गई थी। सभी विभागों के कर्मचारियों और सेवानिवृत्त की पेंशन को भेज दिया गया। लेकिन खाते में नहीं पहुंची। इसके पीछे कोई तकनीकी खामी रही है। तकनीकी खामी दूर होने के बाद वेतन और पेंशन खाते में क्रेडिट कर जाएगी।

## गंदगी से बजबजा रहे नाले, दुर्गंध में होकर गुजरने को मजबूर राहगीर


कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शहर के लगभग सभी बड़े नालों में भरा है कूड़ा और कचरा
- नगर पालिका की उदासीनता से शहर के लोग परेशान

**अमृत विचार** : नगर पालिका की लापरवाही के चलते शहर के सभी बड़े नालों में भारी गंदगी जमा है जिससे स्थानीय लोगों को दुर्गन्ध से हर दिन गुजरना पड़ता है। साथ ही मच्छर भी बड़े पैमाने पर पनप रहे हैं जिनसे संक्रमण की आशंका बनी हुई है। लोगों ने कहा कि अगर गर्मियों में नालों की सफाई नहीं कराई गयी तो स्थिति बद से बदतर हो जाएगी।

शहर में करीब दर्जन भर बड़े नाले हैं जिनमें गंदगी बजबजा रही है। इन नालों की सफाई पिछले साल कराई गई थी। कुछ नालों तक जेसीबी नहीं पहुंची जिससे नालों की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है। अब फिर गर्मियों ने असर दिखाना शुरू कर दिया है, लेकिन नालों की सफाई नहीं की गयी है। शहर का लोटनपुरा नाला बड़े नालों में शुमार किया जाता है। इस नाले की सफाई पिछले साल की गयी लेकिन नाले का कुछ हिस्सा साफ नहीं हो सका। वहां तक जेसीबी नहीं पहुंची जिससे नालें की सफाई नहीं हो सकी। इस नाले से उठने वाली दुर्गंध लोगों को हर समय परेशान करती है। उधर जवाहरपुरी स्थित कुम्हारों में बड़ा नाला है इस नाले की दुर्गन्ध से इस रोड से लोगों ने निकलना भी बंद कर दिया है। भारी दुर्गन्ध के बीच रहने वाले लोगों ने कहा कि पालिका प्रशासन ने नाले की कई बार सफाई कराने की गुहार की गयी। वार्ड मेम्बर को पत्र दिया गया। चेयरमैन को नाले के बारे में बताया गया फिर भी नाले की सफाई नहीं की गयी है जिससे स्थानीय लोगों का जीवन नारकीय बना हुआ है। अेनक परिवार अपने घर खाली कर चले गए हैं। जबकि कुछ लोग मकान बेच चुके हैं। नारकीय जीवन जी रहे लोग परेशान हैं।


नई सराय मोहल्ले में बड़ा नाला है। इस नाले के आस पास घनी बस्ती है। यहां रहने वाले लोगों ने बताया कि गंदगी के चलते मच्छरों की भरमार रहती है। जिससे लोग बीमार रहते हैं। सफाई के नाम पर कागजी कार्यवाही की जाती है। नाले में नीचे तक गंदगी जमी है। नाले का पानी बारिश में सड़कों पर बहता है जिससे और मुसीबत बढ़ जाती है। वन विभाग रोड के नाले की स्थिति दयनीय बनी हुई। इस रोड से आने जाने वाले लोग मुंह पर कपड़ा रख कर निकलते हैं। जबकि रेलवे स्टेशन रोड स्थित नाले की स्थिति बदसे बदतर है। स्थानीय लोगों को इस नाले से निकलने वाली दुर्गन्ध से जीन मुश्किल हो रहा है।



मधुवन कॉलोनी के नाले में भरा कचरा।



रेलवे स्टेशन रोड के नाले में भरा कचरा।



वन विभाग रोड पर नाले की स्थिति।

### नालियों से निकलते हैं जहरीले जीव जंतु

शहर के अंदर छोटे नालों की सफाई नियमित नहीं होने से अब गंदगी के चलते मच्छरों का प्रकोप शुरू हो गया है। नई सराय नई बस्ती में गंदगी के चलते करीब पचास से अधिक लोग संक्रमित हैं इनमें सात लोग मलेरिया से पीड़ित हैं। लोगों का कहना है कि छोटे नालों में गंदगी के कारण विषैले जीव जंतु घरों में आते रहते हैं। जिनसे खतरा बना रहता है। पानी में पैदा होने वाले सर्प कई बार घरों में आ जाते हैं। मोहल्ले के लोग खुद ही नालियों की सफाई करते हैं। नाली टूटी होने से सड़कों पर गंदगी फैली रहती है। मधुवन कॉलोनी के नाले से हर समय दुर्गन्ध आती है जिससे लोग दूसरे रास्तों से गुजरते हैं।

### सड़कों पर फैलता है कूड़ा, रहती है गंदगी

शहवाजपुर बाईपास पर गंदगी सड़कों पर पड़ी रहती है जिससे आने जाने वाले लोगों को भारी दिक्कत होती है। मोहल्ले के नरेश का कहना है कि पालिका कर्मचारी सप्ताह में दो तीन दिन ही आते हैं जबकि घरों से आने वाला कूड़ा लोग सड़कों पर ही फेंक देते हैं जो पूरे दिन सड़कों पर फैलता रहता है। इस गंदगी के चलते यहां पर ठेले वाले भी अब खड़े नहीं होते हैं। पालिका प्रशासन की कूड़े की गाड़ी भी इधर नहीं पहुंचती है जिससे कूड़ा सड़कों पर फैलता है।


आवश्यकता है
अनुभवी व्यक्तियों की
● ओ.टी. टेक्नीशियन
● लैब टेक्नीशियन
● पी.आर.ओ (पब्लिक रिलेशन आफिसर)
● कंप्यूटर ऑपरेटर
वेतन योग्यतानुसार
सम्पर्क करें
एच.आर. ऑफिस एडमिन ब्लाक वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
एन.एच.-30, बन्थरा, शाहजहाँपुर
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक
मो. 7521001986

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ





ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा। TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली





स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777



**इफ्तार**
2 मार्च
सुन्नी : 06.18
शिया : 06.28

**सहरी**
3 मार्च
सुन्नी : 05.13
शिया : 05.07

नोट : क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टंटबाजी करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

बदायूं, अमृत विचार : उधैती पुलिस ने स्टंटबाजी और आपत्तिजनक वीडियो व फोटो वायरल करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों ने बोलेरो गाड़ी से स्टंटबाजी करके वीडियो बनाकर वायरल किया था। पुलिस ने आरोपी गांव शरह बरौलिया निवासी युवराज पुत्र फूल सिंह, रवि पुत्र राजकुमार, विकास पुत्र सतीश को पकड़ा।

### चौराहों पर जाम का कारण बन रहे डग्गामार वाहन

बदायूं, अमृत विचार : शहर के पुलिस लाइन, इंद्रा चौक, दातागंज तिराहा और कचहरी आदि चौराहों पर डग्गामार वाहनों की वजह जाम की स्थिति बन गई है। बेतरतीब जहां मर्जी होती है, वहीं ये वाहन खड़े किए जा रहे हैं। हालांकि इन चौराहों पर पुलिस तैनात रहता है, लेकिन उनकी मौजूदगी का डग्गामार चालकों पर कोई असर नहीं होता है। कचहरी, पुलिस लाइन और इंद्रा चौक पर ये वाहन खड़े हो रहे हैं। जिससे बसों को निकलने तक जगह नहीं मिल पाती है। बस चालक चौराहे से काफी आगे जा कर बस रोकते हैं, जिससे सवारियां बसों में नहीं चढ़ पाती हैं। डग्गामार वाहनों से पूरे दिन जाम की स्थिति बनी हुई है।

### बरेली हाईवे निर्माण से उड़ रही धूल

बदायूं, अमृत विचार : बरेली हाईवे पर निर्माण कार्य तेजी के साथ चल रहा है। इस कारण हाईवे पर धूल ही धूल है। वाहनों को आवागमन में परेशानी हो रही है। वाहन चालकों का कहना है कि निर्माण कराने वाली कंपनी की ओर से कहीं भी पानी की छिड़काव नहीं कराया जा रहा है। छिड़काव नहीं होने से उड़ती धूल में कभी भी वाहन के अनियंत्रित होने से हादसा हो सकता है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने 625 ली. मिलावटी सरसों का तेल पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- तेल आने की सूचना पर रात भर रोड पर भटकते रहे अधिकारी
- सवा लाख रुपए बताई जा रही तेल की कीमत, सैंपल जांच को भेजा

**अमृत विचार:** होली त्योहार पर मिलावटी खोर सक्रिय हैं। दूसरे जनपदों से मिलावटी तेल की सप्लाई जिले में हो रही है। मिलावटी तेल संभल जिले से जनपद में सप्लाई किया जा रहा है। तेल को बाजार में आने से रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें रात भर रोड पर दौड़ती रहीं। सुबह के समय चार बजे संभल की ओर से आने एक वाहन से 625 लीटर मिलावटी सरसों का तेल पकड़ा। जिसे सीज कर दिया गया। जिसकी अनुमानित कीमत सवा लाख से अधिक आंकी गई है। तेल का सैंपल लेकर जांच को भेजा है।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सीएल यादव ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि जिले में मिलावटी सरसों को तेल सप्लाई हो रहा है। भारी मात्रा में तेल जिले में आने वाला है। मिले इनपुट के बाद टीमों ने मिलावटी तेल से लदी गाड़ी को पकड़ने के लिए घेराबंदी करनी शुरू कर दी। शनिवार की रात भर औरछी चौराहे के पास टीमें घेराबंदी किए खड़ी रहीं। बताया कि करीब रात के साढ़े तीन बजे एक वाहन आता दिखाई दिया। दिए गए नंबर से गाड़ी की पहचान कर उसे रुकवा लिया। जांच करने पर पता चला कि उसमें रखे ड्रमों में सरसों का तेल रखा है। जांच करने पर वह संदिग्ध लगा। इसके बाद तेल को सीज कर दिया। साथ ही सैंपल लेकर जांच को भेजा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई करने वाली टीम में भगवत सिंह राजेंद्र नाथ मिश्रा, करन सिंह, खुशीराम, सीमा यादव आदि मौजूद रहे।

### चंद्र ग्रहण के चलते असमंजस, तीन मार्च की शाम को शुद्धिकरण और स्नान के बाद होगा होलिका दहन, चार को खेलेंगे रंग

# ग्रहों का अद्भुत मिलन, सुख समृद्धि के साथ होगा होलिका दहन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- चंद्र ग्रहण के चलते इस बार तीन दिन का मनाया जा रहा त्योहार

**अमृत विचार:** होली हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है। बसंत का महीना लगने के बाद से ही लोगों को इसका इंतजार शुरू हो जाता है। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा की रात होलिका दहन किया जाता है और इसके अगले दिन होली मनाई जाती है। लेकिन इस बार होली पर चंद्र ग्रहण ने रंग में भंग कर डाला है। जिसके कारण एक पूर्णिमा के एक दिन पहले पूजन और दूसरे उसके अगले दिन रंग खेला जाएगा। चंद्र ग्रहण के चलते लोगों में होलिका दहन को लेकर असमंजस की स्थिति बन रही है। विद्वानों के अनुसार होलिका दहन दो मार्च को होना है। तो कुछ का मत है कि होलिका दहन चंद्र ग्रहण के बाद स्नान कर शुद्धिकरण के बाद किया जा सकता है।

हिंदू धर्म के अनुसार होलिका दहन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना गया है। होली एक सांस्कृतिक, धार्मिक और पारंपरिक त्योहार है। होली भाईचारे, आपसी प्रेम और सद्भावना का त्योहार है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार होली पर धन शक्ति योग, मालव्य राजयोग, लक्ष्मी नारायण राजयोग और शुक्र आदित्य राजयोग का अद्भुत संयोग बन रहा है। ज्योतिषाचार्य पंडित पवन कुमार मिश्रा ने बताया कि धन शक्ति योग आर्थिक गतिविधियों के लिए खास माना जाता है। जबकि, मालव्य योग सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य प्रदान करता है। लक्ष्मी नारायण योग भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए अत्यंत शुभ होता है।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि इस बार पूर्णिमा तिथि 2 मार्च की शाम 5 बजकर 55 मिनट पर प्रारंभ हो रही हैं। यह तिथि अगले दिन 3 मार्च की शाम 5 बजकर 7 मिनट तक रहेगी। लेकिन 3 मार्च को दोपहर 3 बजकर 20 मिनट से लेकर शाम 6 बजकर 47 मिनट तक चंद्र ग्रहण रहेगा। यह पूर्ण रूप से भारत में प्रभावी रहेगा। इस दौरान चंद्र ग्रहण से जुड़े सभी नियमों का पालन भी किया जाना है। हालांकि उन्होंने बताया कि वैसे तो होलिका दहन दो मार्च को होना है। बताया कि वैसे तो होलिका दहन पूर्णिमा को ही होना होता है। लेकिन चंद्र ग्रहण की समाप्ति के बाद स्नान करने के बाद शुद्धिकरण कर होलिका दहन किया जा सकता है।

### होलिका दहन पूजा की विधि

होलिका दहन की पूजा करने के लिए सबसे पहले स्नान करना जरूरी है। स्नान के बाद होलिका की पूजा वाले स्थान पर उत्तर या पूरब दिशा की ओर मुंह करके बैठ जाएं। पूजा करने के लिए गाय के गोबर से होलिका और प्रहलाद की प्रतिमा बनाएं। वहीं पूजा की सामग्री के लिए रोली, फूल, फूलों की माला, कच्चा सूत, गुड़, साबुत हल्दी, .मूंग, बताशे, गुलाल नारियल, 5 से 7 तरह के अनाज और एक लोटे में पानी रख लें। इसके बाद इन सभी पूजन सामग्री के साथ पूरे विधि-विधान से पूजा करें। मिठाइयां और फल चढ़ाएं। होलिका की पूजा के साथ ही भगवान नरसिंह की भी विधि-विधान से पूजा करें और फिर होलिका के चारों ओर सात बार परिक्रमा करें।

### इस बार होली पर भद्रा काल

इस बार होली पर भद्रा काल है। 2 मार्च की शाम 5.45 बजे से भद्रा काल शुरू होगा और 3 तारीख की सुबह 5.23 बजे तक रहेगा। इस समय में होलिका दहन कर सकते हैं। अगर इस समय में होलिका दहन नहीं कर पा रहे हैं तो 3 मार्च की सुबह सूर्योदय से ठीक पहले 6:20 बजे तक कर सकते हैं। अन्यथा की दशा में तीन मार्च को शुद्धिकरण के बाद भी होलिका दहन किया जा सकता है।

# पूरे दिन जाम की मुसीबत में फंसे लोग

### चौराहों पर जाम में फंसी रहीं बसें, ट्रैफिक व्यवस्था हुई फेल, हर तरफ मारामारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** होली के त्योहार पर चारों ओर से शहर में लोगों की आमद हो रही है। वाहनों का रेला सड़कों पर बेसुमार निकल रहा है। जिससे सड़कों पर हर जगह जाम के चलते मारामारी मची रही। रोडवेज की बसें जाम में फंसने से यात्रियों को भारी दिक्कत हुई। ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह फेल रही।

पिछले चार दिनों से होली त्योहार को लेकर बाजारों में भारी भीड़ है। ऑटो ई रिक्शा बाजारों में पहुंच रहे हैं जिससे जगह जगह जाम की स्थिति बनी रहती है। रविवार को अवकाश होने के बाद भी शहर की सड़कों पर वाहन रेंगते रहे। हर चौराहे पर जाम लगा रहा। जाम में शहरी लोगों के साथ बाहर से आने वाली रोडवेज बसें भी फंसी रहीं। जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कलेक्ट्रेट से रोडवेज को आने वाली सड़क पर आज कई घंटे तक जाम रहा। जाम के चलते लोगों को भारी परेशानी हुई। इस रोड पर कई अधिकारियों के वाहन जाम में फंसे रहे। ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह फेल रही।

इसी तरह पुलिस लाइन चौराहे पर जाम के चलते वाहनों को खड़े रहना पड़ा। रोडवेज की बसें जाम में करीब एक घंटे तक फंसी रहीं। जाम के चलते यात्रियों ने बीच में ही बस को छोड़ दिया। किसी तरह पैदल निकल कर बाहर पहुंचे। इंदिरा चौक पर दोपहर 12 बजे जाम ने हालात बिगाड़ दिए। पुलिस लाइन से इंदिरा चौक के बीच करीब सौ से अधिक वाहन जाम के शिकार हुए। कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाया जा सका।



कचहरी रोड पर जाम में फंसे वाहन। • अमृत विचार


पुलिस लाइन चौराहे पर फंसी रोडवेज बस।

### शहर के बाजारों में भी जाम ने बिगाड़ा खेल

शहर के अंदर बर्तन बाजार में ऑटो और ई रिक्शा के चलते दिन भर जाम की स्थिति बनी रही। दुकानदारों ने भी जाम में फंसे वाहनों को बाहर निकलवाया। फिर भी रोड पर पैर रखने को जगह नहीं मिली। उधर बड़े बाजार में दिन भर जाम के कारण खरीदारों को परेशानी हुयी। चौराहों पर पुलिस तैनात रही लेकिन ऑटो और ई रिक्शा पर रोक नहीं लग सकी। जिससे दिन भर लोग जाम के झाम से जूझते रहे।

### दातागंज चौराहे पर भी जाम

दातागंज चौराहे पर जाम के चलते बाहर से आने वाले वाहनों को शहर के अंदर तक पहुंचने में घंटों का समय लगा। लेकिन जाम नहीं खुला। यहां पर हर त्यौहार पर पुलिस की अतिरिक्त तैनाती की जाती है फिर भी जाम से निजात नहीं मिलती है।

## बुलाया डॉक्टर दरवाजे पर आ धमकी पुलिस

**ओरछी, अमृत विचार:** सरकारी हेल्पलाइन नंबरों के बीच तकनीकी खामी का एक मामला सामने आया है। थाना फैजगंज बेहटा कस्बे के वार्ड चार निवासी एक पशुपालक ने रविवार की सुबह बीमार भैंस के इलाज के लिए पशु एंबुलेंस सेवा नंबर 1962 डायल किया। लेकिन मौके पर पशु डॉक्टर के स्थान पर पुलिस की पीआरवी 112 की गाड़ी पहुंच गई। घर के बाहर सायरन बजाती पुलिस की गाड़ी देख पशु पालक और मोहल्ले के लोग सहम गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने पशु पालक का मोबाइल नंबर लेकर चेक किया। जिसमें डायल 1962 देखने को मिला। इसके बाद पुलिस स्थिति को भांपते हुए बिना कार्रवाई के वापस लौट गई। फैजगंज बेहटा निवासी पशु पालक अजमेरी की भैंस की हालत बिगड़ने पर उन्होंने सरकारी मदद के लिए 1962 डायल किया। उम्मीद थी कि पशु चिकित्सक आएंगे, लेकिन कुछ ही मिनटों में यूपी-112 की पीआरवी घर के सामने खड़ी थी। हैरानी तब और बढ़ गई यह सर्वर की एक ऐसी बड़ी चूक है।

# सभासदों ने लगाया गोशाला में भ्रष्टाचार होने का आरोप

संवाददाता, ओरछी

- एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों पर जांच कर कार्रवाई की मांग की

**अमृत विचार :** नगर पंचायत फैजगंज बेहटा में भ्रष्टाचार का एक और मामला सामने आया है। दो सभासदों ने गोशाला के नाम पर भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप लगाते हुए एसएसपी को प्रार्थना देकर जांच कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

फैजगंज बेहटा के दो सभासद हरपाल दिवाकर और भगवान दास ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र सौंपा है। जिसमें उन्होंने कहा कि नगर पंचायत में अस्थाई गोशाला का संचालन किया जा रहा है। जिसमें कई साल से भ्रष्टाचार हो रहा है। शासनादेश के बाद नगर पंचायत की ओर से गोशााला में 42 गोवंश के चारा व भूसा की व्यवस्था के लिए 3 लाख 84 हजार रुपये अवमुक्त किए गए थे। जबकि यह गोवंश आश्रय स्थल कार्यालय कैंपस के पीछे बना है और इसकी क्षमता मात्र 10 गोवंश रखने की है। इसके बाद भी नगर पंचायत के जिम्मेदारों ने 182 दिन के लिए आई इस धनराशि का उपभोग 90 दिनों में दिखाकर दोबारा धनराशि की मांग की। इस धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र तक शासन को उपलब्ध करा दिया। जिसके बाद कान्हा गोशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय योजना के अंतर्गत नगर पंचायत को दोबारा से 3 लाख 84 हजार रुपये मिले। इस धनराशि को 31 मार्च 2025 तक समाप्त दिखा दिया गया। शिकायतकर्ताओं के अनुसार इस हिसाब से लग रहा है कि नगर पंचायत की गोशाला में 90 गोवंश होंगे जबकि क्षमता महज 10 की है तो बाकी 80 गोवंश को कहां रखा जाता है। अगर गोशाला में इतने गोवंश नहीं हैं तो नगर पंचायत चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी किसका भरण पोषण करा रहे हैं। आरोप है कि गोवंश को जिला संभल में बेच दिया गया होगा। जांच कराई जाए तो बड़ा घोटाला सामने आएगा। उन्होंने जिला स्तरीय कमेटी से जांच कराकर रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# बिल राहत योजना, तीसरा चरण खत्म

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिले के 80 हजार उपभेक्ताओं को मिला योजना का लाभ
- 17 करोड़ का राजस्व हुआ प्राप्त, अब होगी सामान्य वसूली

**अमृत विचार :** बिजली बिल राहत योजना के तीसरे चरण में बिजली विभाग को 17 करोड़ की राजस्व वसूली हुई। कुल तीनों चरणों में करीब 92 करोड़ का राजस्व विभाग को प्राप्त हुआ। शनिवार को तीसरे चरण का समापन हो गया। अब विभाग बिजली उपभोक्ताओं से सामान्य बिल वसूली करेगा।

पिछले साल एक दिसम्बर से बिजली बिल राहत योजना को शुरु किया था। योजना तीन चरणों में चलाई गयी। 28 फरवरी को तीसरे चरण का भी समापन हो गया। तीसरे चरण में बिजली विभाग को 17 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। इस योजना में जनपद के 80 हजार से अधिक उपभोक्ताओं ने बिल जमा कर लाभ लिया। योजना के समापन पर विभाग ने कहा कि जिले में बेहतर प्रचार के कारण उपभोक्ताओं को योजना का लाभ मिला। शासन स्तर से शुरू की गयी योजना से 92 करोड़ का बकाया वसूला गया। जबकि अभी भी करोड़ों का बकाया है। लेकिन अब तीसरे चरण के समापन के बाद सामान्य वसूली पर जोर दिया जाएगा। अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि योजना से लाभ लेने वालों ने अपने बकाया धन शत प्रतिशत जमा किया है। जिससे विभाग को एक बड़ी रकम मिला। इसके लिए विभाग ने जिस तरह का प्रचार किया वह भी सराहनीय है। साथ ही उपभोक्ताओं ने भी योजना के प्रति रूचि दिखाई और बिल जमा किये। लेकिन अब योजना आगे बढ़ाने के निर्देश नहीं है इसलिए 28 फरवरी को योजना का समापन कर दिया गया। योजना से मिले राजस्व की रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है।

### और तेज होगी बिजली बिल वसूली

जिले के सभी बिजली घरों को निर्देशित किया गया है कि सामान्य वसूली को लेकर शिथिलता न बरतें। उपभोक्ताओं को जागरूक करते रहे जिससे हर माह आने वाले बिजली बिलों का राजस्व मिलता रहे। इसके लिए सभी एसडीओ और अवर अभियंता को पत्र जारी किया गया है। राजस्व वसूली को और तेज करने को कहा गया है।

## पिकअप की टक्कर से चाट विक्रेता की मौत, एक घायल

संवाददाता, बिल्सी

- बिजनौर-बदायूं हाईवे पर हुआ हादसा, परिवार में मचा कोहराम

**अमृत विचार :** बदायूं-बिजनौर हाईवे पर रविवार दोपहर विधायक आशुतोष मौर्य के पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार चाट विक्रेता की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।


मोनू (मृतक)

नगर बिल्सी के मोहल्ला एक निवासी मोनू (19) पुत्र प्रेमपाल चाट विक्रेता थे। तहसील गेट पर चाट पकौड़ी का ठेला लगाकर परिवार का पालन पोषण करते थे। वह और लालाराम बाइक से गांव खैरी की ओर से अपने घर को लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक पेट्रोल पंप के पास पहुंचे। सामने से आई पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची। राहगीरों की मदद से घायलों को बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। मोनू ने रास्ते में दम तोड़ दिया। लालाराम को भर्ती कराया गया है। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

# परमू में सीसी रोड की गुणवत्ता खराब

संवाददाता, वितरोई

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम परमृ में हाल में लाखों की रकम से बनायी गयी सीसी सड़क में घालमेल का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत की गयी है। ग्रामीणों ने जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

सहसवान तहसील क्षेत्र के ग्राम परमू, में हाल ही में लाखों की रकम से सीसी सड़क बनायी गयी थी। सड़क बनने के बाद ही उखड़ने गली। जगह जगह गड्ढे हो गये। सीसी रोड की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी करते हुए घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है, जिसके चलते नई सीसी सड़क हाथ और पैर लगाने मात्र से ही उखड़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का बिल्कुल ध्यान नहीं रखा गया, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है। उक्त सीसी रोड का निर्माण सोमसिंह साहू के घर से सचिन मिश्रा के घर तक कराया गया है, जो जगह-जगह से टूटने लगी है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क का निर्माण ग्राम प्रधान व सचिव की निगरानी में किया गया। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायत पत्र में निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं में पूरन मिश्रा, सत्यपाल, अभय मिश्रा, उमर मोहम्मद, गोपाल शर्मा, हिरदेश शर्मा, मुकेश कुमार, सत्यपाल पुत्र अंतराम, ब्रजेश मिश्रा, मनोज शर्मा एवं सचिन मिश्रा सहित कई ग्रामीण शामिल हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा मानक के अनुरूप पुनः सड़क निर्माण कराया जाए।


सीसी की गुणवत्ता को लेकर चर्चा करते ग्रामीण • अमृत विचार

**मौसम परिवर्तन** — मरीजों को देख अस्पताल प्रशासन ने तैयार कराया वार्ड

# मलेरिया वार्ड तैयार, सफाई कराके लगाए नए बेड

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गर्मी में मलेरिया बीमारी बड़े पैमाने पर फैलती है जिससे अस्पतालों में वेड और वार्ड दोनो ही कम पड़ जाते हैं। अब गर्मी शुरू हो चुकी है। जिला अस्पताल प्रशासन ने मलेरिया वार्ड तैयार कर लिया है। मलेरिया वार्ड में फिलहाल बुखार के मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। वार्ड में बारह वेड बनाए गए हैं।

हर साल गर्मियों में मच्छरों से हाने वाली बीमारी मलेरिया का प्रकोप रहता है। पीड़ित मरीज सरकारी अस्पताल में भर्ती किए जाते हैं जिससे वार्ड में वेड भी कम पड़ जाते हैं। हर साल मलेरिया से सैकड़ों लोगों की मौत भी होती है। इसी को लेकर जिला अस्पताल प्रशासन ने इस बार मलेरिया वार्ड तैयार कर लिया है। वार्ड में 12 वेड लगाए गए हैं। इस वार्ड में फिलहाल बुखार के मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। मलेरिया वार्ड में नए वेड और नई चादर लगाई गयी है। इस वार्ड को हर समय खुले रहने के निर्देश दिए गए हैं। वार्ड में एक स्टाफ नर्स और दो वार्ड ब्वाय तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त सफाई कर्मचारी को दिन में दो बार सफाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

मलेरिया वार्ड के अतिरिक्त सेफ हाउस को सजाया संवारा जा रहा है। यदि मलेरिया के मरीजों की संख्या अचानक बढ़ती है तो उन्हे सेफ हाउस में भर्ती किया जाएगा। साथ ही मेडिकल वार्ड भी तैयार किया गया है इस बार्ड में 30 वेड हैं जो गर्मी के मौसम में फुल रहते हैं। मेडिकल वार्ड की साफ सफाई करने के बाद बंद किया गया है। इस वार्ड में उल्टी दस्त के मरीजों को भी भर्ती किया जाता है।



मलेरिया वार्ड में भर्ती बुखार के मरीज।

### जिला अस्पताल में बदली व्यवस्था

जिला अस्पताल में एक मार्च से कई नए कार्य किए गए हैं। जिसमें वार्ड की सफाई, पुराने वेड हटा कर नए वेड लगाए गए हैं विंडो साफ की गयी हैं सभी वार्डो के पंखा कूलर तैयार कर दिए गए हैं जो अब गर्मी के दिनों में चालू रहेंगे। इसके अतिरिक्त पुरानी इमरजेंसी वार्ड में कुछ नए वेड लगाए गए हैं जिन पर गंभीर मरीजों को भर्ती किया जाएगा।

> अब गर्मी शुरू हो रही है। ऐसे में मलेरिया के मरीज बढ़ने की संभावना है। इसलिए मलेरिया वार्ड को तैयार कर दिया गया है। कई अन्य वार्डो में भी तैयारियां की गई हैं। मरीजों की संख्या अधिक होने पर अन्य वार्डो में उन्हे भर्ती किया जा सकता है। इसलिए कई वार्डो में सफाई कराई गई है। मरीजों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी।
>
> – डा. अमित वार्ष्णेय

## डबल डेकर बस में अचानक लगी आग ग्रामीणों ने बुझाई

**संवाददाता, बिसौली ,अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव दिसौली गंज में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक डबल डेकर वाहन में अचानक आग लग गई। लोगों के अनुसार चलती गाड़ी से धुआं उठता देख ग्रामीणों ने तुरंत सतर्कता दिखाई और शोर मचाकर चालक को वाहन रोकने का इशारा किया।

गाड़ी रुकते ही गांव वालों ने यात्रियों को नीचे उतारा और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। ग्रामीणों की तत्परता और सूझबूझ से आग फैलने से पहले ही स्थिति नियंत्रित कर ली गई। जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। समय रहते वाहन खाली करा लेने से कोई जनहानि नहीं हुई। बाद में संबंधित विभाग को सूचना दे दी गई।

# जिले को दो जोन, छह सेक्टर और 21 सब सेक्टर में बांटकर होगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एसपी सिटी और एसपी बनाए गए जोन प्रभारी, सीओ को सेक्टर का दायित्व
- होली और रमजान में कानून और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** होली और रमजान में कानून, सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले को दो जोन में बांटा गया है। जिसमें छह सेक्टर और 21 सब सेक्टर बनाए गए हैं। एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी और एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया जोन प्रभारी बनाए गए हैं। सेक्टर का दायित्व सीओ को सौंपा गया है।

हर सेक्टर में पुलिस बल के साथ फायर टेंडर की मौजूदगी रहेगी। सभी सब सेक्टर में डेढ़ हजार पुलिसकर्मी और 21 क्यूआरटी तैनात की गई हैं। संवेदनशील स्थानों पर मोबाइल क्यूआरटी और पीएसी तैनात किए गए हैं। हॉटस्पॉट चिह्नित कर अतिरिक्त फोर्स लगाई गई है। जिससे त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जा सकें। संवेदनशील व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन कैमरों की सहायता से सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। असमाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए मुचलके से पाबंद कराया गया है। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को चिन्हित करके कार्रवाई की जा रही है।

सोशल मीडिया पर पुलिस की निगरानी है। जिस पर आपत्तिजनक व भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कार्रवाई होगी। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने भड़काऊ पोस्ट न करने और अफवाह पर ध्यान न देने का आह्वान किया है। बताया कि शराब पीकर गाड़ी चलाने और हुड़दंगियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले और असामाजिक तत्वों की सतर्क निगरानी हो रही है। पुलिस हर थाना स्तर पर ग्राम सुरक्षा समितियों, धर्मगुरुओं, संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक करके पुलिस का सहयोग करने को प्रेरित कर चुकी है।

अमृत विचार

बरेली, सोमवार, 2 मार्च 2026

बदायूं

## न्यूज ब्रीफ

### ड्यूटी के दौरान होमगार्ड की मौत



**बरखेड़ा, अमृत विचार :** एक कॉलेज में ड्यूटी के दौरान होमगार्ड की मौत हो गई। बता दें कि क्षेत्र के ग्राम कोकिली के रहने वाले 55 संत कुमार तिवारी (55) होमगार्ड थे। वह वर्तमान में कस्बा बरखेड़ा के वार्ड नंबर सात में रह रहे थे। उनकी ड्यूटी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बरखेड़ा में लगी थी। रविवार शाम को वह कॉलेज परिसर में ही थे। इसी बीच अचानक गिर गए। जब उन्हें चौकीदार व अन्य लोग देखने पहुंचे तो वह बेसुध थे। आनन-फानन में सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंच गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा।

### पशु का 14 किलो मीट बरामद आरोपी गिरफ्तार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना न्यूरिया में तैनात उपनिरीक्षक अरविंद कुमार ने थाना न्यूरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वह पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। जब वह थाना न्यूरिया क्षेत्र के उल्हैतापुर फाटक पर पहुंचे। तब उन्हें सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति पीले रंग के थैले में संदिग्ध मीट लेकर आ रहा है। पुलिस ने आरोपी को ट्रेस करके पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम थाना न्यूरिया क्षेत्र के मोहल्ला तिगड़ी निवासी सगीर अहमद पुत्र अमीर अहमद बताया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मांस पशु का है। जिसको वह काटकर बेचने का काम करता है। आरोपी के पास पशु के मीट की बिक्री का लाइसेंस नहीं था। आरोपी के पास कुल 14 किलोग्राम मांस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की रिपोर्ट दर्ज की है।

### ग्राम धनगवां में बंदर के हमले में युवक घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ग्राम धनगवां निवासी नरेंद्र कुमार पड़ोस के ही गांव सुहेला चौराहे पर पान का खोखा चलाता है। रविवार को खोखे के पास एक लंगूरी बंदर आ गया। पहले तो उसने बंदर को भगाने का प्रयास किया जब वह वहां से नहीं भागा तो उसे बिस्किट का पैकेट खाने को दिया। इसी दौरान बंदर ने युवक पर हमला कर घायल कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाया। युवक को सीएचसी ले जाया गया।

# खरीदारी को उमड़ रही भीड़, सुबह से शाम तक बाजार गुलजार

## रविवार को सुबह से ही बाजार में जुटे लोग, खाद्य पदार्थ, कपड़े व रंग-पिचकारियों की खूब हुई खरीदारी, रेडिमेड कपड़ों से पटा हुआ है बाजार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** फाग महोत्सव की शुरुआत रविवार से शुरू हो गई। बाजार पर होली का रंग चढ़ चुका है। सुबह से शाम तक बाजार गुलजार हैं। खरीदारों की दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। बाजार में हथौडा गन और गुलाल बम व सिलेंडर की धूम है। जिसे हर कोई पसंद कर रहा है। इसके साथ ही रंगों से आंखों को बचाने के लिए गांधी ब्रांड चश्मा, तरह-तरह के मुखौटे व टोपियों से भी होली का बाजार गुलजार दिख रहा है। वहीं लोग कचरी पापड़ और कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं।

इस बार होली का त्योहार चंद्र ग्रहण की वजह से तीन दिन का मनाया जा रहा है। घरों में हवन पूजन सोमवार को होगा। मंगलवार को चंद्रग्रहण की वजह से दिन में धार्मिक कार्य नहीं होंगे। मंदिरों के कपाट भी बंद रहेंगे। मंगलवार को चंद्र ग्रहण के बाद शुद्धीकरण और स्नान के बाद होलिका दहन होगा। बुधवार को रंग खेला जाएगा। होली के त्योहार को लेकर लोग खरीदारी करने में जुटे हुए हैं। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में सजे बाजारों में रंग-गुलाल के साथ ही विभिन्न प्रकार की पिचकारी मौजूद हैं। छोटे बच्चों के लिए कार्टून थीम वाली पिचकारियां उपलब्ध हैं। इनमें सुपरहीरो, कार, बाइक और जानवरों के आकार की पिचकारियां ज्यादा पसंद की जा रही हैं। बाजार में बैटरी से चलने वाली और प्रेशर गन जैसी पिचकारी भी मौजूद हैं। जो कि बैंट्री से चलने वाली हैं। यह पिचकारियां बच्चों के साथ ही युवाओं को लुभा रही है। हर्बल गुलाल की मांग बाजारों में खास तौर पर देखी जा रही है। कारोबारी रामगोपाल, ओमपाल, सोनू गुप्ता ने बताया कि होली का बाजार सजा हुआ है। ग्राहकों की भीड़ भी उनकी दुकानों पर आ रही है। बताया कि इस बार होली पर अच्छे कारोबार की उम्मीद है। बाजार में इस बार 50 रुपये से लेकर दो हजार रुपये तक कीमत की पिचकारी, 10 से लेकर 500 रुपये तक की टोपियां व मुखौटों की बिक्री जोर पकड़े हुए है।



नेहरू चौक बाजार में दुकान से रंग खरीदते लोग। ● अमृत विचार



बाजार में खरीदारी को लेकर उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार



रेडीमेड कपड़ों की दुकान से खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

● **बाजार में हथौड़ा गन और गुलाल बम व सिलिंडर मचा रहा धूम, बच्चे कर रहे पसंद**

**फायर सिलेंडर की हो रही मांगः** होली पर बच्चों के रंग-गुलाल की मस्ती में डूबने के लिए बाजार में पिछली बार की तरह इस बार भी सबसे अधिक मांग फायर सिलेंडर और हवा भरने वाले टैंक की है। फायर के सिलेंडर से गैस नहीं कई तरह का रंग और गुलाल निकलता है। जबकि टैंक भी रंग बिरंगा गुलाल बरसाता नजर आएगा। रंग फेंकने वाले सिलेंडर की कीमत 500 से लेकर दो हजार रुपये व टैंक की कीमत पांच से लेकर सात सौ रुपये तक है।

### कपड़े की दुकानों पर हो रही खरीदारी

होली पर रंग खेलने के बाद नए कपड़ों को पहनने का चलन है। ऐसे में कपड़ों की दुकानों पर भी खूब भीड़ उमड़ रही है। महिलाएं साड़ी तो बालिकाएं व युवतियां अपनी पसंद के सलवार-सूट व चुन्नी खरीद रही हैं। कपड़ा व्यापारी सौरभ रस्तोगी ने बताया कि अधिकतर महिलाएं एक हजार रुपये के आसपास की कीमत की साड़ी पसंद करती हैं। वहीं, बालक व युवक जींस, कार्गो, डैमेज जींस, टी-शर्ट और शर्ट को पसंद कर रहे हैं।



कचरी पापड़ की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

### पालक व अजवाइन के पापड़ मांग

होली के अवसर पर चिप्स व पापड़ न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। विक्रेता आलोक साहू ने बताया कि चावल और अजवाइन के पापड़ ग्राहकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। भिंडी सहित आलू व मैदा से बने पापड़ भी बाजार में मौजूद हैं।

# शिविर के पहले दिन अनिवार्य रूप से मतदान करने की ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई का सात दिवसीय शिविर का आरंभ मुख्य अतिथि सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय ने किया। शिविर के पहले दिन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। छात्र-छात्राओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतीश सिंह संचालन किया।

मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम में ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, हैकिंग से जागरूक किया। कहा कि साइबर सेल की हेल्पलाइन 1930 पर ऐसे मामलों की शिकायत की जा सकती है। एनएसएस के नोडल अधिकारी डॉ. राकेश कुमार जायसवाल ने निर्मल मन से सेवा कार्य करने पर बल दिया। गांवों में जागरूकता अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण, नारी सशक्तिकरण, नशा मुक्त और दहेज मुक्त समाज की दिशा में योगदान देने को कहा। डॉ. अनिल कुमार, रोवर लीडर डॉ. प्रेमचंद चौधरी, योगिता यादव, तमन्ना, अंशुल कुमार, समीक्षा, भारत सिंह, गौसिया, अंश, राहुल, रचित शर्मा आदि ने सहयोग किया।




एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों को संबोधित करते सीओ सिटी रजनीश उपाध्याय।

● **राजकीय महाविद्यालय के सात दिवसीय शिविर का हुआ आरंभ**

## सम्मेलन में हंगामे से कोई संबंध नहीं: मिश्र

**बदायूं, अमृत विचार :** बिसौली निवासी कवि माधव मिश्र अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लखनऊ में इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के ज्यूपिटर हाल में आयोजित अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा आर के ब्राह्मण सम्मेलन में हुए हंगामे पर कहा है कि इस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी हैं। वह राजनैतिक संगठन है, जबकि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (भारत) एक अराजनैतिक संगठन है, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर कवि माधव मिश्र हैं। इसलिए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा आर के सम्मेलन से हमारा कोई संबंध नहीं है। यूजीसी के मामले की सुनवाई को सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाये गए पैनल में किसी सवर्ण को भी रखा जाए। यू जी सी पर प्रधानमंत्री द्वारा तत्काल संज्ञान लेना चाहिए।



कवि माधव मिश्र।

# केमिकल रंगों से दूर रहने की शपथ ली



होली पर केमिकल रंगों से दूर रहने और हुड़दंग न करने की शपथ लेते युवा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** होली पर खतरनाक रंग नुकसानदायक साबित होते हैं। वहीं पुरानी रंजिश के चलते भी लोग भिड़ जाते हैं। मुकदमाबाजी होती है। इससे बेहतर है कि पुराने विवादों को दरकिनार करके आपसी मेलजोल के साथ त्योहार मनाएं। रविवार को श्री भगवा सेना के जिलाध्यक्ष अर्जुन शर्मा के नेतृत्व में नगर मंदिर परिसर में बैठक हुई। युवाओं ने हुड़दंग न करने और गुलाल से होली खेलने की शपथ ली।

संगठन के युवाओं ने शपथ ली कि वह हुड़दंग नहीं करेंगे। केमिकल वाले रंगों से होली नहीं खेलेंगे। वाहन धीमी गति से चलाएंगे। मादक और नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे। माता-पिता व गुरुजनों और परिजनों का सम्मान करेंगे। युवाओं ने वंदे मातरम और जय हिंद का नारा लगाया। संगठन के पदाधिकारी सुधांशु शर्मा ने कहा कि होली पर युवा शराब जैसे नशीले पदार्थों का सेवन कर वाहन चलाते हैं। जिससे सड़क हादसे बढ़ते हैं। खुशी के माहौल में जरा सी गलती नासूर बन सकती है। परिवारों में मातम छा जाता है। संगठन के अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता कहा कि आपसी भाईचारे के होली के पर्व पर हर्षोल्लास की फुहार में सभी का आशीर्वाद लेते हुए शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने का आह्वान किया। रंग में भंग डालने का काम न करें। ऐसा कोई काम न करें जिससे खुशी फीकी पड़ जाए। होली पर हुड़दंग और उपद्रव से बचें। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। मोहित गौतम, सुमित आर्य, नैतिक कुमार, विनोद यादव, सोनू शर्मा, लकी ठाकुर, रितिक सोलंकी, जितेंद्र, दक्ष, मोनू सिंह, दीपक पंडित, मोनू कुमार, कुणाल यादव, आदित्य गुप्ता, अंकुर राठौर, लक्ष्य गुप्ता, गौरव ठाकुर, अच्युत्व यादव, सुधांशु शर्मा, अर्जुन शर्मा. अनूप सिंह आदि मौजूद रहे।

● **श्री भगवा सेना के पदाधिकारियों ने युवाओं को दिलाई शपथ**

# जायंट्स ग्रुप ऑफ बिसौली स्टार्स ने मनाया होली मिलन समारोह



होली मिलन समारोह में शामिल सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** रंगों के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में जायंट्स ग्रुप ऑफ बिसौली स्टार्स द्वारा स्थानीय फार्म हाउस पर एक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया और एक-दूसरे को सुरक्षित व सौहार्दपूर्ण होली की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर जायंट्स ग्रुप 16 के यूनिट डायरेक्टर अनुपम वार्ष्णेय, फेडरेशन अफसर नितिन गुप्ता, अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, सचिव शशांक भिल्ला, कोषाध्यक्ष गौरव वार्ष्णेय, प्रवीण अग्रवाल, रविंद्र मोहन अग्रवाल, राजू साहनी, जीतेन्द्र वार्ष्णेय, मोहित वार्ष्णेय, दीपक वार्ष्णेय, शिप्रम शर्मा, मयंक अग्रवाल, अमित बाबू, निशांत गोयल, विकास गुप्ता, श्याम अग्रवाल, साहू सवेंद्र उपस्थित रहे।

# मरे नहीं बल्कि शहीद हुए हैं खामेनेई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** अमेरिका के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री आबिद रजा ने प्रेस वार्ता की। कहा कि अली खामेनेई दुनिया के बहादुर नेता रहबर ए इंकलाब थे। उनकी मौत का अफसोस दुनिया के उन लोगों को है जो जालिम व जुल्म के सताए हुए हैं। कहा कि खामेनेई मरे नहीं बल्कि शहीद हुए हैं। एक मार्च का दिन उनकी शहादत के नाम से जाना जाएगा।

पूर्व मंत्री ने कहा कि सुप्रीम लीडर की शहादत से दुनिया में पैगाम गया है। जान व नुकसान की परवाह किए बिना किसी के आगे न झुकना दुनिया के लिए एक सबक है। कहा कि अयातुल्ला अली खामेनेई 86 साल के थे लेकिन बहादुरी के लिए वह रूह से मजबूत थे। जिस्म और उम्र भी उनके आड़े नहीं आई। इंसान के एक जिस्म और दूसरी रूह यानी आत्मा होती है। जिस्म से व्यक्ति ताकतवर बनता है और रूह से उसका ईमान। जो अल्लाह से डरता है, जो सिर अल्लाह के आगे झुकता है, उस सिर को अल्लाह दुनिया में कमजोर नहीं होने देता। वह सिर दुनिया में किसी आगे नहीं झुकने नहीं देता। अल्लाह ने खामेनेई का सिर किसी के आगे झुकने नहीं दिया। उस सिर को अपने पास बुला लिया। कयामत तक उस सिर का नाम दुनिया में जिंदा रहेगा। उन्होंने कहा कि मौत की भी एक काट है कि लोगों के जहन में जिंदा रहना सीख लो।

जो लोग मजलूम की आवाज उठाते हैं, जुल्म के खिलाफ लड़ते हैं। ताकतवर लोग ताकत के बल पर उनकी जान तो ले सकते हैं लेकिन ऐसे लोग मरते नहीं शहीद होते हैं। वह लोगों के जेहन में हमेशा जिंदा रहते हैं। कहा कि अमेरिका दुनिया में गुंडागर्दी की बुनियाद पर ताकतवर बना हुआ है। दुनिया के मुल्क अमेरिका और ट्रंप से दुश्मनी मोल लेना नहीं चाहते।



प्रेस वार्ता में पूर्व मंत्री आबिद रजा।

● **ईरान के सुप्रीम लीडर की हमले में मौत पर बोले पूर्वमंत्री आबिद रजा**

# फाइनल मैच में चंदोई को हराकर चिचैटा का ट्रॉफी पर कब्जा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** रुदायन क्षेत्र के गांव चिचैटा में होली क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच हुआ। चिचैटा की टीम ने चंदोई की टीम को पांच विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता व रुदायन नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि मुरली मनोहर गुप्ता ने विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपी।

गांव चिचैटा में एक सप्ताह से होली मिलन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा था। रविवार को चिचैटा और चंदोई के बीच टूर्नामेंट का फाइनल मैच हुआ। जो बहुत रोमांचक था। चंदोई की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 268 रन बनाए। जोंटी और असद ने 84-84 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी। 8 गेंद शेष रहते 5 विकेट से मुकाबला जीत लिया। ब्रजेश मैन ऑफ द मैच बने। वरिष्ठ भाजपा नेता ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी दी। उन्होंने खिलाड़ियों को जागरूक करते हुए कहा कि शारीरिक विकास और आपसी प्रेम बढ़ाने के लिए जीवन में खेलों का आयोजन बहुत जरूरी है। क्रिकेट क्लब अध्यक्ष कृष्ण गुप्ता, उज्ज्वल गुप्ता, विद्या रतन चौधरी, सभासद भीकम सिंह, मुनेंद्र कुमार, सत्यभान गुप्ता, अर्पित गुप्ता आदि मौजूद रहे।



टीम के कप्तान को ट्रॉफी देते वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता। ● अमृत विचार

● **सात दिन से गांव चिचैटा में आयोजित किया जा रहा था होली क्रिकेट टूर्नामेंट**

# सुजानपुर में बच्चों ने मनाई होली, दिया सौहार्द का संदेश

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र के संविलित विद्यालय सुजानपुर में होली का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंगों और खुशियों से सराबोर दिखाई दिया। छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों द्वारा होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई। बच्चों ने होली गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। प्रधानाध्यापक राकेश कुमार ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में सामाजिक एकता और संस्कारों की भावना विकसित करते हैं। अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नीलम सक्सेना, साहू सावेन्द्र गुप्ता, सुरजेश शर्मा, मोहित कुमार, सोमवीर सिंह, तेजेन्द्र पाल, सुषमा देवी, छत्रपाल, सूर्यभान सिंह सहित सभी स्टाफ उपस्थित रहा।



एक दूसरे को रंग लगा कर होती मनाती छात्राएं ● अमृत विचार

## बदायूं डायरी

### पुलिस चौकी पर पीस कमेटी की बैठक में शांति की अपील



**ककराला, अमृत विचार :** कादरचौक थाना क्षेत्र स्थित मोहम्मदगंज पुलिस चौकी पर आगामी होली एवं ईद के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक थानाध्यक्ष विक्रम सिंह नें कहा होली का त्यौहार आपस में मिल जुलकर मनायें, एक दुसरे की भावनाओं का सम्मान करें, विना मर्जी किसी पर रंग न डालें। त्योहार पर खुराफ़ात करने वालों पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। चौकी इंचार्ज मोहित नयन नें कहा होली का त्योहार आपसी गिले भुलाकर गले मिलना है होली के साथ साथ ईद का त्योहार भी है। आपस मे प्रेम पूर्वक त्योहार मनाये पुलिस आपकी सुरक्षा में तत्पर है। बैठक में मुहम्मदगंज, बेहटा डंमरनगर, जुगपुरा, बादुल्लागंज के जनप्रतिनिधि ग्राम प्रधान पति कदीर अहमद, ललित कुमार, पूर्व प्रधान अनोखे और तहजीब, नुरेआलम, पुजारी महेन्द्र, छबीले, सानू, शकील, रविन्द्र, निर्दोष आदि मौजूद रहें।



### विहिप नेताओं ने खेली होली, पक्के रंगों से बचने की अपील

**बदायूं, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद ने रविवार को मीरा जी चौकी स्थित हनुमान मंदिर में होली उत्सव का आयोजन किया। इस आयोजन में जिला सेवा प्रमुख नीरज कोचर, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह, जिला संपर्क प्रमुख नीरज शर्मा जिला सह सेवा प्रमुख राजेश कपड़े आदि ने अबीर गुलाल से होली खेली। विहिप नेताओं ने कहा कि रंगों से होली नहीं खेलें। इससे लोगों को दिक्कत होती है। अबीर गुलाल लगा कर ही एक दूसरे को शुभकामनाएं दें। इस मौके पर मोहल्ले के सैकड़ों लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।



### रमजानपुर में पुलिस ने की पीस कमेटी की बैठक

**कादरचौक, अमृत विचार :** रविवार को थाना क्षेत्र के ग्राम रमजानपुर और मोहम्मद गंज में आगामी त्यौहार होली व रमजान के दृष्टिगत समस्त धर्म गुरु, मौलानाओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। सभी समुदायों से त्यौहार होली और रमजान पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। पीस कमेटी की बैठक में रमजानपुर में होली के दिन निकलने वाले जुलूस को लेकर चर्चा की गयी। सभी से कहा गया कि किसी तरह की अशांति नहीं होनी चाहिए। लोग आपस में मिल कर त्यौहार मनाएं। इस मौके पर थानाध्यक्ष ने लोगों से कहा कि सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहेगा। किसी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें।

### एसडीएम ने किया पेट्रोल पंप का उद्घाटन



**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव बरौलिया में वजीरगंज मार्ग पर नवनिर्मित एक पेट्रोल पंप का उद्घाटन रविवार को जिला पूर्ति अधिकारी सतीश चंद्र मिश्रा और एसडीएम प्रेमपाल सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में भाजपा नेत्री ममता शाक्य एवं आगरा में तैनात डीएसओ एसपी शाक्य ने दोनों अधिकारियों का स्वागत किया। एसडीएम ने कहा कि वजीरगंज मार्ग पर अब तक कोई पेट्रोल पंप नहीं था, जिससे क्षेत्र के किसानों और वाहन चालकों को पेट्रोल-डीजल लेने के लिए दूर-दराज जाना पड़ता था। भाजपा नेत्री ममता शाक्य ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को देखते हुए पेट्रोल पंप की स्थापना कराई गई है। इस मौके पर क्राइम इंस्पेक्टर वीके मौर्य, रामेश्वर शाक्य, पीडी सिंह, मुकेश चंद्र मौर्य, ब्रजेश कुमार सिंह, वरुण शंखधार, राजाराम शाक्य, प्रिंस कुमार, सत्यपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### रास्ते में घेरकर किया हमला, रिपोर्ट

**बिलसंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर में एक युवक की पिटाई कर दी। बलदेवपुर गांव के रामनरेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके चाचा रामौतार शनिवार शाम सात बजे अपने साढ़ू वेदपाल के घर मोहनपुर गांव जा रहे थे। रास्ते में मोहनपुर गांव में जसवंत उर्फ मंटू और छोटा ने गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला कर मारपीट की गई। एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच करा रहे हैं।

### गर्भवती से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**बिलसंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र के रुरिया घुरिया गांव के विवेक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी जगह पर काम कर रहे थे। इस बीच परिवार के ही रामरतन, मधुर, पप्पू, अजय व एक अन्य महिला ने आकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर बचाने आई गर्भवती जमुना देवी को भी पीटा। एसओ सिद्धांत शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

### बैग से सोने के जेवरात चोरी, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सरफराज खां निवासी मोहम्मद नासिर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 नवंबर को वह पत्नी अरशी और परिवार के अन्य लोगों के साथ उत्तराखंड के जिला खटीमा स्थित मोहल्ला गौटिया में चचेरे भाई की शादी में गए थे। वहां से वापस ट्रेन से स्टेशन आए और ई-रिक्शे से घर पहुंचे। घर आकर उसने देखा तो उसकी पत्नी अर्शी के बैग में रखे सोने के जेवर नहीं थे। जिनको रास्ते में किसी ने चोरी कर लिए गए।

### जमीन पर कर लिया कब्जा, धमकाया

**पीलीभीत, अमृत विचार :** ग्राम खरदाई निवासी पवन कुमार ने दियोरियाकलां कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनकी जमीन पर गांव के एक व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है। इसका विरोध करने पर आरोपी लगातार धमकाते हुए मारपीट करता है। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया। ये भी कहा कि आरोपी पर कई मुकदमे दर्ज हैं और वह जिला बदर भी रह चुका है। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

# होली पर आवागमन से बसों में भीड़ बढ़ी

## इधर से खाली उधर से फुल आ रहीं रोडवेज बसें, परिवहन निगम अतिरिक्त बसों का कर रहा संचालन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** होली त्योहार पर लोगों की घर वापसी हो रही है। यात्रियों को रोडवेज बसों में पैर रखने की तक की जगह नहीं मिल पा रही है। जबकि रोडवेज निगम की ओर से 25 फीसद बसों फेरे बढ़ाने का दावा किया गया है। इसके बाद भी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों की संख्या को देखते हुए बसें कम पड़ रही है। बसें न मिलने की वजह से यात्रियों को डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है।

होली का त्योहार मनाने के लिए दूसरे प्रांतों और जिलों में नौकरी कर रहे लोगों की घर वापसी हो रही है। साथ ही जिले में रह रहे लोग भी अपने घरों की ओर रवाना हो रहे हैं। अधिक ट्रेनों का संचालन न होने की वजह से लोगों के लिए अपने गंतव्य तक जाने के लिए रोडवेज बसों का सहारा लेना पड़ता है।

होली पर्व पर अधिक यात्रियों के आने को लेकर रोडवेज निगम की ओर से खास तैयारी की गई। बसों के फेरे बढ़ा दिए गए हैं। साथ ही अतिरिक्त बसों का भी संचालन किया जा रहा है। इसके बाद भी बसों में यात्रियों को असुविधा हो रही है। पिछले दो दिनों से जिस तरह रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ उमड़ रही है। यात्रियों को रोडवेज बसों में सीट पाने लिए जूझना पड़ रहा है। यात्रियों को लाने ले जाने के लिए बसें कम पड़ गई हैं। उन्हें घंटों बसों का इंतजार करना पड़ रहा है।


रोडवेज बस का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार


रोडवेज बस के लिए चौराहे पर घूमते यात्री। ● अमृत विचार

● होली पर डग्गामार वाहनों की कट रही चांदी, दूरी के हिसाब से वसूल रहे किराया

"होली पर रोडवेज बसों के फेरे बढ़ाए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए हर मुमकिन कोशिश की जा रही है। जिस रूट के सबसे अधिक यात्री मिलते हैं वहां बसें भेजी जा रही हैं। यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

**राजेश**, एआरएम, रोडवेज डिपो

### दिल्ली रूट पर दौड़ाई जा रहीं बसें, अन्य खाली

रोडवेज निगम के पास करीब 144 से अधिक बसों को बेडा है। इनमें 15 फीसद बसें छोटी मोटी कमियों की वजह से वर्कशॉप में खड़ी हैं। जो बची हैं। उनमें से 80 फीसद बसों को दिल्ली रूट पर दौड़ाया जा रहा है। अन्य रूट खाली पड़े हैं। बरेली, चंदौसी, मुरादाबाद, फर्रुखाबाद आदि स्थानों की ओर जाने वाले यात्रियों को बसों के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

### यात्रियों के लिए डग्गामार बने सहारा

रोडवेज डिपो की बसें न मिलने की वजह से यात्रियों को भारी असुविधा हो रही है। बस के इंतजार में यात्रियों का समय खराब हो रहा है। घंटों इंतजार करने के बाद जब उन्हें रोडवेज बस नहीं मिल पा रही है तो वह डग्गामार वाहनों का सहारा ले रहे हैं। वहीं डग्गामार वाहन चालक भी यात्रियों की मजबूरी का लाभ उठाकर दुगना किराया वसूल रहे हैं।

# हादसे के बाद भी नहीं जागा विभाग युवकों ने खुद भरा जानलेवा गड्ढा

संवाददाता, इस्लामनगर

**अमृत विचार :** बहजोई-इस्लामनगर मार्ग पर बॉर्डर के नजदीक सड़क पर बना गहरा गड्ढा लंबे समय से राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ था। इसी गड्ढे में करीब पांच माह पहले बाइक गिरने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई थी, इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग ने इसे भरवाने की जहमत नहीं उठाई। जिसके बाद कुछ युवकों ने आज गड्ढे को भरकर समतल किया जिसकी लोगों ने सराहना की।

शनिवार को बहजोई के कुछ युवक कार से इस्लामनगर की ओर आ रहे थे। जैसे ही उनकी कार इस्लामनगर क्षेत्र में पहुंची, वह उसी गड्ढे में जा गिरी। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। घटना के बाद युवकों ने तय किया कि अब वह खुद ही इस समस्या का समाधान करेंगे।

रविवार को बहजोई के अरमान मालिक, आयन, मुनाजिर और जीशान मलिक कार में कट्टों में भरकर गिट्टी व अन्य सामग्री लेकर मौके पर पहुंचे। चारों ने मिलकर गड्ढे में सामग्री डालकर उसे समतल किया और सड़क को अस्थायी रूप से गड्ढा मुक्त कर दिया। सड़क से गुजर रहे लोगों ने युवकों की इस पहल की सराहना की।


सड़क पर गड्ढे भरते बहजोई के युवक। ● अमृत विचार

# एग्जीक्यूटिव टीम ने तैयार की रूपरेखा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय सर्व समाज महिला कुटुंब की ओर से होली महोत्सव एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम के आयोजन हेतु एग्जीक्यूटिव टीम की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्थापिका डॉ प्रतिभा गुप्ता एडवोकेट ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने एग्जीक्यूटिव एवं जनरल मेंबरशिप के अंतर को स्पष्ट करते हुए संगठनात्मक जिम्मेदारियां एवं सहभागिता के महत्व को समझाया साथ ही यह प्रेरणादायक संदेश दिया कि यदि हम जातिवाद से ऊपर उठकर सभी जातियों को साथ लेकर एक सशक्त समाज का निर्माण करें ,तो सकारात्मक परिवर्तन संभव है। अध्यक्ष डॉ. ममता नौगरैया ने आपसी भेदभाव भुलाकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ होली मनाने का संदेश दिया। उपाध्यक्ष महिषा सिंह ने सभी को जागरूक करते हुए कहा कि अपने बच्चों को केमिकल युक्त रंगों से दूर रखें, तथा डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों से परहेज कर स्वस्थ एवं सुरक्षित होली मनायें। सभी बहनों ने संगठन की एकता समर्पण एवं सामाजिक सद्भाव के संकल्प को दोहराया। डॉ. गार्गी बुलबुल, डॉ. इंदु शर्मा, डॉ. सरला चक्रवर्ती,डॉ. प्रतिभा मिश्रा ,डॉ. मधु गौतम, रेखा गुप्ता, किरण, ज्योति दीक्षित, कु. सुनीता मिश्रा, मधु अग्रवाल, वीना सिंह , दीप्ति गुप्ता, सुषमा मौर्य, मधु चंद्र, नीता गुप्ता, मधुरिमा रस्तोगी मधु सक्सेना, निम्मी इत्यादि उपस्थित रहीं। सर्वप्रथम गणेश जी को गुलाल लगाकर सभी बहनों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया एक दूसरे से गले मिली और सभी के अच्छे स्वास्थ्य की मंगल कामना की।


एग्जीक्यूटिव बैठक में हिस्सा लेतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# चोरियों का नहीं हुआ खुलासा, रात भर जाग रहे ग्रामीण

**ओरछी , अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में कुछ समय से चोर बंद मकानों को निशाना बना रहे हैं। पहले रेकी जाती है फिर रात को मकान खंगाल लेते हैं लेकिन पुलिस घटनाओं का खुलासा नहीं कर पा रही है। जिसकी वजह से ग्रामीण रात भर जागने को मजबूर हैं।

पिछले दिनों चोरों ने फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव परमानंदपुर, खेड़ादास के सात बंद मकान और गांव गंगोली में होमगार्ड समेत चार घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की चोरी की थी। जिसके बाद फिर से गांव खेड़ादास से चोरी की गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना तो किया लेकिन खुलासा करने में नाकाम साबित हुई है। जिसकी वजह से ग्रामीण रात भर जागने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि चोर ज्यादातर बंद मकानों को निशाना बना रहे हैं।

# विधायक ने किया दो स्मृति द्वारों का लोकार्पण

संवाददाता ,दातागंज

**अमृत विचार :** समरेर क्षेत्र के विकास और महापुरुषों के सम्मान की कड़ी में रविवार को दो महत्वपूर्ण स्मृति द्वारों का उद्घाटन संपन्न हुआ। क्षेत्रीय विधायक राजीव सिंह ''बब्बू भैया'' ने ग्राम रुदेली और ग्राम सबलपुर में निर्मित द्वारों का फीता काटकर लोकार्पण किया और जनसेवा और संघर्ष की प्रतिमूर्तियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

रविवार को विकासखंड दातागंज के ग्राम रुदेली में लोकतंत्र सेनानी महेंद्र पाल सिंह की स्मृति में निर्मित "महेंद्र पाल सिंह स्मृति द्वार" का उद्घाटन विधायक राजीव कुमार सिंह ने किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उनके बड़े भाई एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह ने की। विधायक राजीव सिंह ने कहा कि स्व. महेंद्र पाल सिंह ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। यह द्वार केवल ईंट-पत्थर की संरचना नहीं बल्कि उनके त्याग और संघर्ष की अमर गाथा है, जो आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देती रहेगी। इसके बाद ग्राम सबलपुर में नारायण सिंह (पूर्व विधायक) की स्मृति में निर्मित "नारायण सिंह स्मृति द्वार का विधिवत उद्घाटन हुआ। इस गरिमामयी कार्यक्रम की अध्यक्षता गजेंद्र प्रताप सिंह ने की।

गजेंद्र प्रताप सिंह ने पूर्व विधायक के सादगीपूर्ण जीवन और क्षेत्र के विकास में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

इन कार्यक्रमों में भारी संख्या में ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने दोनों विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। विधायक राजीव सिंह ने इस पुनीत कार्य में सहयोग देने वाले सभी क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।


स्मृति द्वारों का फीता काटकर लोकार्पण करते विधायक राजीव कुमार सिंह।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में बिसौली के 18 बच्चों का चयन

संवाददाता, बिसौली

● राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा

**अमृत विचार:** 10वीं बार राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में जनपद में अपना परचम लहराया । परिणामों में जिले की कुल 236 सीटों के सापेक्ष 231 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। इनमें से 18 बच्चे संविलियन विद्यालय हर्रायपुर के शामिल हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य ने बच्चों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है।

10वीं बार राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में यह परीक्षा गत वर्ष 9 नवंबर 2025 को जनपद के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित हुई थी । जिसका परिणाम रविवार को घोषित हुआ। घोषित परिणाम में जिले की कुल 236 सीटों के सापेक्ष 231 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। परीक्षा में संविलियन विद्यालय हर्रायपुर के सर्वाधिक 18 बच्चों का चयन हुआ है। जबकि विकास क्षेत्र बिसौली से लगभग 38 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है । कंपोजिट विद्यालय करनपुर से 5 कंपोजिट विद्यालय चांदपुर से 4 बिसौली से 3 सर्वा से 3 उच्च प्राथमिक विद्यालय रायपुर कला से 2 कंपोजिट विद्यालय हतसा से 2 व उच्च प्राथमिक विद्यालय रायपुर खुर्द से 1 छात्र-छात्रा का चयन हुआ है। परीक्षाफल घोषित होने पर विद्यालय के राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्रधानाध्यापक कुंवरसेन सहायक अध्यापक चित्रा, उमेश चंद्र, हिमानी वार्ष्णेय, हेमलता व अंजुम बुशरा ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।


छात्रवृत्ति परीक्षा के उत्तीर्ण छात्र ● अमृत विचार

# जमीन के पुराने विवाद में ग्रामीण की हत्या

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** जमीन के पुराने विवाद को लेकर एक ग्रामीण की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। कुल्हाड़ी, बांका और भाला लेकर पहुंचे हमलावरों ने घर में घुसकर वार किए। जिसमें ग्रामीण की मौत हो गई। साथ ही परिवार के अन्य लोग घायल हुए हैं। घटना दियोरियाकलां क्षेत्र के गांव किशनपुर की है। गांव के रहने वाले 32 वर्षीय हरिओम पुत्र बनवारी लाल खेती करते थे। इनका गांव के ही कुछ लोगों से जमीन का विवाद है। जिसे लेकर पहले भी विवाद हो चुके है। इसे लेकर कई बार मारपीट भी हो चुकी है। होली से पूर्व सख्त सुरक्षा बंदोबस्त और पुराने विवाद को लेकर कार्रवाई के दावे पुलिस की ओर से किए गए थे। इसी बीच रंजिश को लेकर दूसरे पक्ष के लोग रविवार देर शाम घर में घुस आए और भाला, बांका, कुल्हाड़ी आदि से हमला बोल दिया। इस हमले में हरिओम की मौके पर ही मौत हो गई।

## बदायूं डायरी

### होली को यज्ञ और पर्यावरण शुद्धि का पर्व बनाएं



**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी स्थित प्रज्ञा यज्ञ मंदिर में रविवार को आर्य समाज का साप्ताहिक सत्संग श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ द्वारा हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यज्ञ के उपरांत अंतर्राष्ट्रीय वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप ने कहा कि पर्व पवित्रता के साथ मनाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि होली यज्ञ का पर्व है और इसे पर्यावरण शुद्धि के रूप में मनाया जाना चाहिए। प्रत्येक होली में 10 से 20 किलो तक यज्ञ सामग्री अर्पित करनी चाहिए। घरों में भी होली की अग्नि में सामग्री डालने से पर्यावरण शुद्ध होता है और रोग-शोक दूर होते हैं। इस अवसर पर प्रश्रय आर्य जय ने वेद मंत्रों की व्याख्या कर भजन प्रस्तुत किया। इस मौके पर राकेश आर्य, जयप्रकाश आर्य, विशेष कुमार, पंजाब सिंह, सूरजवती देवी, कमलेश देवी, गुड्डू देवी, सरोज देवी सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।



### तीन बस समेत आठ वाहन सीज

**बदायूं, अमृत विचार :** एआरटीओ प्रवर्तन व प्रशासन हरिओम ने मानकों की अनदेखी करने वाली तीन बसों और आठ ओवरलोड वाहनों को सीज किया है। होली के त्योहार पर डग्गामारी की संभावना को लेकर एआरटीओ ने शनिवार रात और रविवार को अभियान चलाया था। कोतवाली बिसौली और थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में अनियमितताओं में लिप्त बसों, अवैध खनन व ओवरलोड आठ वाहनों पर कार्रवाई की। मानकों को दरकिनार करके दौड़ रही एक स्लीपर बस को सीज करके परिवहन निगम के वर्कशॉप में खड़ा कराया गया है। इसके अलावा दो बसों का चालान किया। बिना हेलमेट बाइक चलाने, एचएसआरपी न होने, गलत दिशा में वाहन चलाने पर आसफपुर चौकी क्षेत्र में 18 बाइकों का चालान किया।



### होली पर बच्चों ने मचाया धमाल रंग खेलकर मनाया त्योहार

**बदायूं, अमृत विचार :** शहर के लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में होली का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया। बच्चों ने जमकर हुड़दंग मचाया। एक दूसरे के साथ होली गई। इस दौरान स्कूल में उल्लास का माहौल रहा। इस दौरान विद्यालय के संस्थापक वेदव्रत त्रिवेदी होली के सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने एक-दूसरे को रंग लगाया। इस दौरान विद्यालय में आपसी प्रेम और सद्भाव के रंग में रंगा हुआ नजर आया। इस मौके पर स्कूल के सह-संस्थापक तेजस्व त्रिवेदी, निदेशिका छवि शर्मा, रीता शर्मा, प्रधानाचार्य दीपक त्यागी सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### पुलिस ने फ्लैग मार्च कर कराया सुरक्षा का अहसास



**उसहैत, अमृत विचार :** थाना पुलिस ने रविवार को कस्बे में फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। होली पर्व को लेकर पुलिस अलर्ट है। सख्त सुरक्षा व्यवस्था की है। रविवार देर शाम थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नगर में फ्लैग मार्च किया। पुलिस की मौजूदगी से ग्रामीणों में भरोसा बढ़ा और लोगों ने शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का आश्वासन दिया। गश्त के दौरान थाना प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने नागरिकों, युवाओं और व्यापारियों से संवाद कर त्योहार को प्रेम और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि जबरन रंग डालने, हुड़दंग करने या माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

### पूरनपुर में पत्तागोभी के दाम पर भिड़े व्यापारी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** पूरनपुर सब्जी मंडी में रविवार सुबह पत्तागोभी के दाम और तौल को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ा कि लाठी-डंडे चल गए। मारपीट से मंडी में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने किसी तरह हालात काबू में किए। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पूरनपुर सब्जी मंडी में लखीमपुर के थाना मौलानी क्षेत्र के गांव संसारपुर निवासी मोहम्मद माजिद सब्जी व्यापारी हैं। रविवार सुबह मंडी में सब्जी खरीदने पहुंचे थे। इस दौरान एक दुकानदार से पत्तागोभी खरीद को लेकर कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। पहले दौर की झड़प के बाद मोहम्मद माजिद शिकायत दर्ज कराने कोतवाली पहुंचे। वहां से लौटकर जब वह अपने कुछ साथियों के साथ दोबारा मंडी आए तो दुकानदार पक्ष के लोग भी मौके पर जुट गए।


**आवश्यकता है**

- **कंप्यूटर ऑपरेटर** (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- **नर्स** ANM/GNM
- **पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट** (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- **रसोइया** ● **वार्ड बॉय**

**रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**

सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली

मो. +91-8077808309, 9837357497


# होली पर रुदायन में रहेगी विशेष सतर्कता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● कस्बे में तीन मुस्लिम से हुई थी मारपीट, वायरल हुआ था वीडियो

**अमृत विचार :** होली पर हुड़दंग करने और सौहार्दपूर्ण माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले लोगों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की तैयारी है। वहीं कुछ समय पहले युवक के तीन मुसलमानों को पीटने के विवाद पुलिस की कस्बा रुदायन पर खास नजर रहेगी। पुलिस कस्बा में गश्त करती रहेगी। माहौल खराब करने वालों पर कार्रवाई होगी।

इस्लामनगर थाना क्षेत्र के कस्बा रुदायन में 15 फरवरी को अक्षय नाम के युवक ने तीन लोग जावेद, आरिफ और अब्दुल सलाम से मारपीट की थी। कई थप्पड़ मारते हुए दौड़कर पीटा था। उसके साथी ने वीडियो बनाकर सोशल साइट्स पर वायरल किया था। पुलिस ने युवक के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की थी। मामला शासन तक पहुंचा था। जिसके बाद पूर्व मंत्री आबिद रजा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने आरोपी युवक पर एनएसए के अंतर्गत कार्रवाई की मांग की थी। आरोपी का जनप्रतिनिधि के साथ फोटो वायरल हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अब तक की जांच में पता चला है कि आरोपी युवक के घर में हिस्ट्रीशीटर हैं। जिसके चलते लोगों में उनका खौफ भी रहता है। कस्बा के तीन लोग अपनी राजनीति चमकाने के लिए उन लोगों का सहारा लेते हैं। कस्बा में मस्जिद नहीं है। उन लोगों ने एक मकान में पढ़ी जाने वाली नमाज भी बंद करा दी थी। जिसका किसी ने विरोध नहीं किया था। आरोपी के एक परिजन ने मुस्लिम लड़की से शादी की थी। कोर्ट में बयान के बाद लड़की उनके परिवार में ही रह रही है। वहीं कस्बा के लोगों का कहना है कि युवक ने साजिश के तहत माहौल खराब करने के लिए यह घटना की थी।

जिसमें किसी का हाथ भी हो सकता है। युवक के मोबाइल नंबर की 15 फरवरी की कॉल डिटेल निकाली जाए तो सच सामने आ जाएगा। पुलिस मामला गंभीरता से ले रही है। त्योहार पर सुरक्षा के मद्देनजर कस्बा में पुलिस की मौजूदगी रहेगी।

इस्लामनगर के थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। किसी को भी माहौल नहीं बिगाड़ने दिया जाएगा। पुलिस सतर्क है।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने दी होली की शुभकामनाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रंगों के पावन पर्व होली पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि होलिकोत्सव भारतीय संस्कृति का जीवंत उत्सव है, जो सामाजिक समरसता, सौहार्द, सहयोग और आपसी सम्मान की भावना को सशक्त करता है। यह पर्व केवल रंगों का नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास और सकारात्मकता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विविधताओं से सम्पन्न उत्तर प्रदेश में होली जैसे लोक-उत्सव समाज के सभी वर्गों को जोड़ते हैं और द्वेष व भेदभाव से ऊपर उठने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि त्योहार को हर्षोल्लास, शालीनता और मर्यादा के साथ मनाएं तथा किसी भी अफवाह या असामाजिक गतिविधि से दूर रहें।

### लंबे समय से गैरहाजिर चल रहे दो मुख्य आरक्षी निलंबित

**बरेली, अमृत विचार।** लंबे समय से गैर हाजिर चल रहे दो मुख्य आरक्षियों को एसएसपी ने निलंबित किया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया की थाना कोतवाली में नियुक्त अनुज कुमार 15 फरवरी को 3 दिन का आकस्मिक अवकाश लेकर गए थे, लेकिन अवकाश समाप्त होने के बाद भी वह अनधिकृत रूप से लगातार गैरहाजिर चल रहे हैं। इसके बाद उन्हें निलंबित करके विभागीय जांच शुरू कराई गई है। इसके अलावा मुख्य आरक्षी अनिरुद्ध कुमार 10 फरवरी को 12 दिन के अवकाश पर रवाना हुए थे। अवकाश समाप्त होने के बाद वह ड्यूटी पर नहीं लौटे। ऐसे में उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करके विभागीय जांच शुरू कराई गई है।

# विशिष्ट महानुभावों की सुरक्षा होगी और मजबूत

## प्रदेश में चार एंटी-ड्रोन गन खरीदने को शासन की मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2.19 करोड़ रुपये की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति



**अमृत विचार:** अति विशिष्ट एवं विशिष्ट महानुभावों के प्रदेश आगमन और भ्रमण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। शासन ने 4 एंटी-ड्रोन गन विद डिटेक्शन सिस्टम की खरीद के लिए 2 करोड़ 19 लाख 65 हजार 332 रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।

गृह विभाग द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार, यह स्वीकृति राज्यपाल की सहमति से प्रदान की गई है। प्रत्येक एंटी-ड्रोन गन की कीमत 54,91,333 रुपये निर्धारित की गई है। यह उपकरण किसी भी संदिग्ध ड्रोन गतिविधि की पहचान और उसे निष्क्रिय करने में सक्षम होंगे। शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि इन उपकरणों की खरीद उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय व सुरक्षा मुख्यालय द्वारा की जाएगी। खरीद प्रक्रिया सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से जुड़े नियमों, यूपी प्रोक्योरमेंट मैनुअल और अन्य वित्तीय नियमों के अनुरूप होगी।

शासन ने यह भी निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग केवल निर्धारित सीमा में ही किया जाएगा। उपकरणों की गुणवत्ता, उपयोगिता और समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। 31 मार्च 2026 तक धनराशि का उपयोग कर लिया जाएगा। किसी भी प्रकार की अनियमितता या ऑडिट आपत्ति की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। यदि धनराशि बचती है तो उससे कोई अन्य उपकरण या सेवा क्रय नहीं की जाएगी।

**बढ़ते ड्रोन खतरे के बीच अहम कदम :** विशेषज्ञों के अनुसार, हाल के वर्षों में ड्रोन के जरिए सुरक्षा जोखिम बढ़े हैं। ऐसे में यह निर्णय राज्य की वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से और मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

# इजराइल में यूपी के 6 हजार से अधिक श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित, योगी सरकार सतर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास से सतत समन्वय
- सभी श्रमिकों के कुशलक्षेम पर लगातार निगरानी

**अमृत विचार:** मध्य एशिया में बने तनावपूर्ण हालात के बीच इज़राइल में कार्यरत उत्तर प्रदेश के 6,004 निर्माण श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकार पूरी तरह सतर्क मोड में है और प्रत्येक श्रमिक की सुरक्षा, आवास और संपर्क व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम पहले से सक्रिय कर दिए गए हैं।

ये सभी श्रमिक वर्ष 2024 में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और इजराइल की सरकारी संस्था पॉपुलेशन, इमिग्रेशन एंड बॉर्डर अथॉरिटी (पीआईबीए) के माध्यम से चयनित होकर इजराइल की विभिन्न निर्माण परियोजनाओं में कार्यरत हैं। इज़राइल में कुल लगभग 42 हजार भारतीय नागरिक रह रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में निर्माण श्रमिक शामिल हैं। प्रदेश के प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डॉ. एम.के. शन्मुगा सुन्दरम् ने इज़राइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह से फोन पर वार्ता कर श्रमिकों की स्थिति की जानकारी ली। राजदूत ने अवगत कराया कि हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं और दूतावास सभी भारतीय श्रमिकों के सतत संपर्क में है।

प्रथम सचिव डॉ. गारिका तेजेश्वर ने भी बताया कि अधिकांश आवासीय भवनों में सुरक्षा शेल्टर उपलब्ध हैं और श्रमिकों को सुरक्षित स्थानों पर रहने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

### 24 घंटे हेल्पलाइन सक्रिय

भारतीय दूतावास, तेल अवीव द्वारा 24 घंटे संचालित हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। 972-54-7520711, 972-54-2428378 इसके अतिरिक्त, पीआईबीए की ओर से 1-700-707-889 हेल्पलाइन संचालित की जा रही है, जिसे सेंटर फॉर इंटरनेशनल माइग्रेशन एंड इंटीग्रेशन द्वारा प्रबंधित किया जा रहा है।

### सुरक्षा को लेकर किया आश्वस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय मंत्री अनिल राजभर ने इजराइल में कार्यरत उत्तर प्रदेश के श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर उन्हें एवं उनके परिवारों को आश्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी श्रमिकों की सुरक्षा के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है और उनकी सुरक्षा में सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके लिए इजराइल स्थित भारतीय दूतावास एवं एनएसडीसी के साथ सतत संपर्क में है, जिससे इजराइल में कार्यरत 6,004 श्रमिकों की सुरक्षा, संरक्षा एवं कुशलक्षेम की कार्रवाई की जा सके। श्रम मंत्री ने रविवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. एम के शन्मुगा सुन्दरम् द्वारा इजराइल में भारत के राजदूत, जेपी सिंह से वार्ता की गयी। उन्होंने अवगत कराया कि स्थिति नियंत्रण में है। वर्तमान में किसी प्रकार की चिंता की कोई बात नहीं है। साथ ही बताया कि पॉपुलेशन, इमिग्रेशन एंड बॉर्डर ऑथोरिटी (पिबा) द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर 1-700-707-889 जारी किया गया है। संबन्धित जानकारी अथवा आपात स्थिति में इस हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। भारतीय दूतावास में तैनात प्रथम सचिव डॉ. गारिका तेजेश्वर ने बताया कि इजराइल में अधिकांश भवनों में सुरक्षा शेल्टर (आश्रय स्थल) उपलब्ध हैं तथा सभी श्रमिकों को निर्देशित किया गया है कि वे भवनों के शेल्टर क्षेत्रों में ही रहें और संबंधित प्राधिकरणों द्वारा जारी निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें, जिससे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# प्रदेश में विद्युत सखियों ने बिजली बिल संग्रह में रचा कीर्तिमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की 'विद्युत सखियों' ने बिजली बिल संग्रह में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अभिसरण से संचालित यह कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का सशक्त मॉडल बनकर उभरा है। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत से अब तक विद्युत सखियों द्वारा 3,227 करोड़ रुपये से अधिक का बिजली बिल संग्रह किया जा चुका है। लगभग 1.40 करोड़ बिलों के माध्यम से 42 करोड़ रुपये से अधिक का कमीशन अर्जित हुआ है। फरवरी 2026 तक प्रदेश में 15,413 सक्रिय विद्युत सखियां कार्यरत हैं।

उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 तक संचालित ओटीएस योजना के दौरान 657 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड कलेक्शन हुआ। दिसंबर में 349 करोड़, जनवरी में 188 करोड़ और फरवरी में 120 करोड़ रुपये का संग्रह किया गया। इस अवधि में 17.75 लाख बिलों का निस्तारण हुआ और 8 करोड़ रुपये से अधिक कमीशन अर्जित किया गया। प्रदेश की 70 विद्युत सखियों ने एक-एक करोड़ रुपये से अधिक का बिल संग्रह कर कीर्तिमान स्थापित किया। अमेठी की सोनी द्विवेदी (3.1 करोड़), रामपुर की मेहर जहां (2.7 करोड़) और बाराबंकी की राजश्री शुक्ला (2.3 करोड़) का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय है।

# खाड़ी में तनाव और गहराने से कारोबार पर पड़ेगा बड़ा असर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- उद्यमी बोले - इसका अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा असर, निर्यातकों ने अभी से खींचे हाथ
- अलर्ट मोड में ट्रांसपोर्ट सेक्टर, डीजल महंगा होने की आशंका से कारोबार सहमा
- अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव से ईंधन महंगा होना तय

**अमृत विचार:** अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव ने खाड़ी क्षेत्र की स्थिति को बेहद संवेदनशील बना दिया है। इससे पूरी दुनिया के बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल है। ऐसे में जहां जिले के निर्यातकों ने कई करोड़ के ऑर्डर रोक दिए हैं। पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी हो सकती है। उद्यमियों का कहना है कि यदि यह तनाव लंबा खिंचता है तो सबसे अधिक मार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर पड़ेगी। युद्ध के कारण भुगतान अटकने, शिपमेंट रुकने और ऑर्डर रद्द होने का खतरा बढ़ गया है।

जिले से बड़े पैमाने पर ईरान और खाड़ी देशों को बासमती चावल, दाल, मेंथा ऑयल, दवाइयां, जरी-जरदोजी और अन्य उत्पादों का निर्यात होता है। वहीं, ईरान से खजूर और अलग-अलग तरह के ड्राईफ्रूट आते हैं। उद्यमी बताते हैं कि समुद्री मार्गों पर बढ़ते तनाव से शिपिंग लागत और बीमा प्रीमियम बढ़ने की आशंका है। खासकर ईरान से होर्मुज की खाड़ी का रास्ता बंद करने से स्थिति गहराई हुई है, क्योंकि इसी मार्ग से दुनिया भर में 70 फीसदी से अधिक कच्चे तेल की सप्लाई होती है। अन्य सामान की आवाजाही का प्रमुख रास्ता भी यही है। ईंधन कीमतों में वृद्धि को लेकर उद्योग जगत खासा चिंतित है।

उद्यमियों की आशंका है कि खाड़ी में तनाव के चलते कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोत्तरी से पेट्रोल और डीजल भी महंगा होगा। इससे ट्रांसपोर्ट लागत बढ़ेगी, जिसका असर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ेगा। गल्फ को-ऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) के सदस्य देशों में जिले के उत्पादों की अच्छी मांग है। संघर्ष बढ़ने से इन बाजारों तक पहुंच प्रभावित हो सकती है। कई उद्यमियों का कहना है कि पहले ही अंतर्राष्ट्रीय टैरिफ और वैश्विक मंदी का असर झेल रहे उद्योगों के सामने यह नई चुनौती है। केंद्र सरकार से निर्यातकों के लिए विशेष राहत और वैकल्पिक बाजारों की तलाश में सहयोग की मांग की है, ताकि जिले का व्यापारिक संतुलन बनाए रखा जा सके।

खाड़ी देशों से बासमती चावल, मेंथा, दालों, जरी और कढ़ाई वाले परिधानों की अच्छी मांग रहती है, लेकिन युद्ध के माहौल ने खरीदारों को सतर्क कर दिया है। युद्ध का असर छोटे कारीगरों की रोजी-रोटी पर पड़ सकता है, इसलिए बाजार स्थिर रहना जरूरी है। युद्ध जारी रहा तो तेल की कीमतें बढ़ने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। - **दिनेश गोयल**, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आईआईए

गल्फ को-ऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) में बहरीन, कुवैत, कतर, ओमान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। इने देशों में अमेरिका के सैन्य अड्डे हैं। ईरान ने इन सभी जगहों पर मिसाइलें दागी हैं। युद्ध का कच्चे तेल पर व्यापक असर होगा और तेल की कीमत लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रह सकती हैं। - **अभिनव अग्रवाल**, उद्यमी

दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20 प्रतिशत हिस्सा ईरान के होर्मुज जल डमरू रूट से निकलता है। ईरान के अलावा सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी निर्यात के लिए इसी रास्ते पर निर्भर हैं। जंग लंबी चली और होर्मुज स्ट्रेट बंद हुआ तो कच्चे तेल के दाम बढ़ना तय है। इसका असर भारत में तेल, शेयर बाजार और सोना-चांदी पर दिख सकता है। - **एसके अग्रवाल**, उद्यमी

अमेरिकी टैरिफ संकट अभी खत्म नहीं हुआ था कि उद्यमियों के सामने नया संकट आ गया है। अमेरिका, ईरान और इजराइल युद्ध निर्यातकों पर व्यापक असर डालेगा। रूस, यूरोप का रुख आगे क्या होगा, इस पर नजर रख रहे हैं। टकराव से सोने की कीमतें भी बढ़ सकती है। शेयर मार्केट पर प्रभाव पड़ना भी तय है। - **बिमल रेवाड़ी**, उद्यमी

### 15 से 20 फीसदी महंगा हो सकता है मालभाड़ा

ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि यदि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो देश में डीजल महंगा होना तय है। डीजल की दरों में वृद्धि होते ही भाड़ा दरों में 15 से 20 प्रतिशत तक उछाल आ सकता है। द बरेली ट्रक ऑनर ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष शोभित सक्सेना का कहना है कि मालभाड़ा बढ़ने से व्यापारियों की लागत बढ़ेगी। इसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ेगा और रोजमर्रा की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं।

## हाथ तोड़कर पति ने दिया तीन तलाक चार पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने महिला के साथ मारपीट की। युवक ने पत्नी का हाथ तोड़कर तीन तलाक दे दिया। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बारादरी थाना क्षेत्र के फाइक एन्क्लेव निवासी हिना परवीन ने बताया कि उसकी शादी 27 नवंबर 2020 को फरीदपुर के मोहल्ला मिर्धान निवासी अहमद अली खान के साथ हुई थी। उसके पिता ने शादी में 10 लाख रुपये खर्च किए थे। महिला का आरोप है कि शादी के बाद पति, ससुर रहमत अली खान, जेठ इशरत अली खान, ननद हुदा रहमत कम दहेज को लेकर ताना मारने लगे। उसके साथ मारपीट शुरू कर दी गई। इस पर 17 दिसंबर 2021 को फरीदपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। लेकिन बाद में पति और अन्य ससुराल वालों ने माफी मांगकर आगे से गलती नहीं होने की बात कही। अक्टूबर 2023 में वह ससुराल में रहने के लिए चली गई। आरोप है कि फिर से ससुराल वालों ने मारपीट शुरू कर दी। पति ने डंडा मारकर हाथ तोड़ दिया। आरोप है कि उसने हाथ में दर्द होने पर जब उपचार कराने को कहा तो 20 फरवरी को पति ने तीन तलाक दे दिया।

# रूट डायवर्जन : होली पर बड़े वाहनों की शहर में नहीं होगी एंट्री

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कल सुबह 10:00 बजे से बुधवार की रात 11:00 बजे तक लागू रहेगी यातायात पाबंदी

**अमृत विचार:** होली से एक दिन पहले और होली की देर रात तक शहर में बड़े वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। ट्रैफिक पुलिस की तरफ से मंगलवार की सुबह से लेकर बुधवार की रात तक रूट डायवर्जन लागू किया है।

एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि तीन और चार मार्च को होली का पर्व मनाया जाना है। ऐसे में होली के मौके पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर 3 मार्च की सुबह 10 बजे से लेकर 4 मार्च की रात 11 बजे तक सभी प्रकार के बाहरी वाहन शहरी क्षेत्र में प्रतिबंधित रहेंगे। परसाखेड़ा रोड नंबर 1 से कोई भी भारी वाहन शहर की तरफ प्रवेश नहीं करेगा। इसके अलावा बिल्वा पुल, लालपुर कट, विलय धाम से कोई भी बाहरी वाहन शहर की तरफ नहीं आएगा। नवदिया झादा से अभी कोई भी भारी वाहन शहर में प्रवेश नहीं करेगा। ट्रांसपोर्ट नगर, इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी रामगंगा तिराहा, बुखारा मोड़ से भी कोई भारी वाहन शहर में प्रवेश नहीं करेगा। इसके अलावा दिल्ली बार रामपुर की तरफ से आने वाले बड़े वाहन रोडवेज बसें जिनको बदायूं की तरफ जाना है, झुमका तिराहा से बड़ा बाईपास से फरीदपुर से फतेहगंज पूर्वी, दातागंज देवचरा से भमोरा होते हुए जाएंगी।

नैनीताल की तरफ से आने वाले बड़े वाहन और रोडवेज बसें जिन्हें बदायूं जाना है वह बड़ा बाईपास से फरीदपुर से फतेहगंज पूर्वी दातागंज होते हुए आएंगे। इसके अलावा पीलीभीत की तरफ से आने वाले बड़े वाहन जिनको बदायूं जाना है वह बड़ा बाईपास से फरीदपुर होते हुए फतेहगंज पूर्वी, दातागंज, भमौरा होते हुए जाएंगे। रामपुर की तरफ से आने वाले बड़े वाहन और रोडवेज बसें जिन्हें लखनऊ जाना है वह बड़ा बाईपास से विलय धाम फरीदपुर फतेहगंज पूर्वी होकर गुजरेंगी। लखनऊ की तरफ से दिल्ली जाने वाले बड़े वाहन फरीदपुर, इन्वर्टिस तिराहा होते हुए बड़ा बाईपास जा सकेंगे।

बदायूं की तरफ से आने वाले बड़े वाहन जिनको बरेली आना है वह भमोरा से देवचरा दातागंज फतेहगंज पूर्वी इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी से ट्रांसपोर्ट नगर तक आ सकेंगे। लखनऊ की तरफ से आने वाली रोडवेज बसें इन्वर्टिस से सेटेलाइट बस स्टैंड तक आ सकेंगे। दिल्ली की तरफ से आने वाली रोडवेज बसें मिनी बाईपास से इज्जत नगर, डेलापीर 100 फुटा रोड से सेटेलाइट बस अड्डे पर आएंगे और इसी रूट से वापस जाएंगी। ट्रैफिक पुलिस ने शहर के लोगों से अपील की है कि भीड़भाड़ वाले मार्ग के बजाय वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करें।

## खामेनेई की मौत पर प्रदर्शन करने वाले शांति बनाए रखें

**बरेली, अमृत विचार :** अमेरिकी और इजरायली हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई की मौत के बाद दुनिया भर में लोग हमले की निंदा कर रहे हैं। सुन्नी बरेलवी मसलक के उलमा ने भी शिया नेता खामेनेई की मौत पर गम का इजहार किया। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा खामेनेई की शहादत बड़ा नुकसान है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने रविवार को कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर मौलाना अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत पूरे इस्लामी जगत और विश्व के लिए दुख की बात है। मौलाना ने अमेरिका और इजरायल के हमले की निंदा करते हुए कहा कि अब ईरान के लिए करो या मरो की स्थिति पैदा हो गई है। अब जंग और ज्यादा भयानक होगी। मौलाना ने भारत सरकार से अपील की है कि अरब और ईरान में रहने वाले भारतीय को सुरक्षित लाने की व्यवस्था करें।

# पोर्टल पर वेतन स्लिप जारी पर बैंक खाते में नहीं पहुंची राशि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद राज्य कर्मियों व पेंशनर्स के खातों में नहीं पहुंचा वेतन

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी के निर्देश के बावजूद तमाम विभागों के राज्य कर्मियों के बैंक खाते में फरवरी माह का वेतन नहीं पहुंचा है। इससे कर्मचारी परेशान हैं। सैलरी का ब्रेसब्री से इंतजार कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि मानव संपदा पोर्टल पर तो वेतन स्वीकृत दिखा रहा है, मगर खाते में न आने से जरूरतें पूरी नहीं हो रही हैं।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र. के महामंत्री अतुल मिश्रा का कहना है कि डिविजनल लेवल पर काम करने वाले कर्मचारियों की सैलरी आ गई है, लेकिन कई जिलों में ऐसा नहीं हुआ है और लाखों कर्मचारी सैलरी का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने होली से पहले सैलरी और पेंशन देने का वादा किया था, जो कि अभी तक पूरा नहीं हुआ है। त्यौहार की तैयारियां नहीं हो सकीं, अब देखना होगा कि वेतन और पेंशन कब मिलेगी।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के ही रीजनल इंचार्ज आनंद मिश्रा ने बताया कि जौनपुर, गाजीपुर, मऊ, चंदौली, बहराइच और वाराणसी में कर्मचारी वेतन का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि तमाम कर्मचारियों की सैलरी ट्रेजरी लेवल पर अटकी हुई है क्योंकि डिपार्टमेंट ने बिल बना दिया और टोकन भी बनवा लिया, लेकिन बैंक ट्रांसफर नहीं हो सका।

वेतन की बाट जोह रहे एक कर्मचारी का दर्द है कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भी माह के अंतिम दिन तक सैलरी और पेंशन नहीं मिली है। जिला अधिकारी और ट्रेजरी ऑफिसर चाहते तो राज्य सरकार का निर्देशानुसार 28 फरवरी तक वेतन भुगतान किया जा सकता था।

## बोगस फर्म के जरिये 87 लाख की आईटीसी का खेल

**बरेली, अमृत विचार :** फर्म ने बिना वास्तविक माल आपूर्ति किए फर्जी चालान जारी कर 87 लाख रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) पास कर केंद्र और प्रदेश सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचाया। मामला सामने आने के बाद राज्य कर अधिकारी ने प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। राज्य कर अधिकारी सुनील कुमार ने प्रेमनगर थाने में दी गई तहरीर में बताया कि प्रेमनगर क्षेत्र के हार्टमन कॉलेज क्षेत्र के प्रोपराइटर पुष्पेन्द्र सिंह ने अपनी पीएस ट्रेडर्स नाम की फर्म का 11 जुलाई 2019 को विभाग में पंजीयन कराया था, लेकिन जांच में अनियमितता पाए जाने के बाद 14 अगस्त 2019 को फर्म का पंजीयन निरस्त कर दिया गया। उपलब्ध अभिलेखों एवं दाखिल रिटर्नों की जांच से यह सिद्ध होता है कि उक्त फर्म द्वारा बिना वास्तविक माल की आपूर्ति एवं बिना कर भुगतान के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) पास किया गया।


**न्यायालय उप जिलाधिकारी, मीरगंज बरेली**
**वाद संख्या-टी202512130611853**

1. बृजनन्दन शर्मा पुत्र भूदेव पाल शर्मा निवासी ग्राम अगरास तहसील मीरगंज जिला बरेली .....वादी बनाम

1. शिवम शर्मा पुत्र यदुनन्दन शर्मा 2. आकाश शर्मा पुत्र यदुनन्दन शर्मा 3. अंकित शर्मा पुत्र यदुनन्दन शर्मा 4. आर्यन शर्मा पुत्र यदुनन्दन शर्मा निवासीगण ग्राम अगरास तहसील मीरगंज जिला बरेली 5. कु. शिखा शर्मा पुत्र यदुनन्दन शर्मा (नि. ग्राम मुडिया तहसील बिसौली जिला बदायूं) 6. कु. विशाखा शर्मा पुत्री यदुनन्दन शर्मा (नि. ग्राम कुल्छा तहसील मीरगंज जिला बरेली) 7. मुन्नी देवी पत्नी यदुनन्दन शर्मा 8. अरूण कुमार पुत्र यदुनन्दन शर्मा 9. श्रीमती उषा देवी पत्नी शिवनन्दन शर्मा 10. कु. सीमा पुत्री शिवनन्दन शर्मा निवासीगण ग्राम अगरास तहसील मीरगंज जिला बरेली 11. सुधीर कुमार पुत्र चन्द्रपाल (नि. ग्राम सेवाज्वालापुर तहसील मीरगंज जिला बरेली) 12. भूमि प्रबन्धन समिति/ग्राम पंचायत अगरास परगना बरेली तहसील मीरगंज जिला बरेली द्वारा अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति/ग्राम प्रधान अगरास .....प्रतिवादीगण अंतर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता, 2006 आराजी ग्राम अगरास परगना बरेली तहसील मीरगंज, जिला बरेली चूंकि बृजनन्दन शर्मा पुत्र भूदेव पाल शर्मा निवासी ग्राम अगरास तहसील मीरगंज जिला बरेली ने धारा-116 उ.प्र. राजस्व संहिता, 2006 वाद दायर किया है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप तारीख 11.03.2026 को असालतन या मार्फत किसी वकील के जो मुकदमा हाजा से बखूबी वाकिफ हो और जो मुकदमा हाजा को जवाब दे, होकर मय कागजात मुकदमा के हाजिर हो वरना आपकी गैरहाजरी में मुकदमा हाजा फैसला कर दिया जायेगा।

आज तारीख 25.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं मुहर अदालत से जारी किया गया।

(आलोक कुमार)
उप जिलाधिकारी, मीरगंज बरेली


## चरस के साथ तीन तस्कर दबोचे

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी पुलिस ने चरस के तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक तस्कर अयोध्या से चरस की तस्करी करने के लिए शहर आया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तीनों को कोर्ट में पेश किया।




**गुमशुदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **हरिओम** पुत्र रामौतार दिनांक 04.09.2023 से अपने घर ग्राम भटपुरा थाना गोला से गायब है जो परिजनों द्वारा तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। यदि किसी को इस सम्बन्ध में कोई जानकारी मिले तो निम्न नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया : उम्र करीब 19 वर्ष, कद 152.4 सेमी. रंग गेहुँआ, जीन्स पैन्ट, काले रंग हरे लाइन की गोल गले की टी शर्ट, पैरों में हवाई चप्पल और बाजू पर हरिओम लिखा हुआ है।**

| प्रशान्त कोरी | (अम्बर सिंह) | (रमेश कुमार तिवारी) |
|---|---|---|
| (उ.नि.) | प्रभारी निरीक्षक | क्षेत्राधिकारी |
| थाना गोला खीरी | थाना गोला खीरी | सर्किल गोला खीरी |
| मो. 7417820343 | मो. 9454403780 | मो. 9454401486 |


# एक घंटे में 2,51,446 पौधे रोपकर बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

- मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में काशी ने रचा इतिहास
- सुजाबाद डोमरी बना विशाल 'ऑक्सीजन बैंक'

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में काशी ने रविवार को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विश्व इतिहास रच दिया। वाराणसी के सुजाबाद डोमरी क्षेत्र में आयोजित वृहद पौधरोपण अभियान के तहत मात्र एक घंटे में 2,51,446 पौधों का रोपण कर काशीवासियों ने चीन का आठ साल पुराना गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ ही वाराणसी ने वैश्विक पर्यावरण मानचित्र पर भारत और उत्तर प्रदेश को नई पहचान दिलाई।

इस अभूतपूर्व उपलब्धि की घोषणा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के जज ऋषिनाथ ने ड्रोन कैमरों और आधुनिक डिजिटल गणना तंत्र से सटीक सत्यापन के बाद की। मौके पर महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल को आधिकारिक प्रमाणपत्र सौंपा गया। महापौर ने इसे "सीएम योगी के कुशल नेतृत्व और काशीवासियों की सामूहिक चेतना" का परिणाम बताया। इससे पहले 10 मार्च 2018 को चीन की हेनान प्रांतीय समिति ने 1,53,981 पौधों के रोपण का रिकॉर्ड बनाया था।

बढ़ते कदम — मुख्यमंत्री योगी के सिंगापुर-जापान दौरे ने खोले नए द्वार

# निवेश से लाखों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2.5 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव बने 'ब्रांड योगी' पर भरोसे की नई कहानी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि विदेश यात्रा के दौरान प्रस्तावित निवेश धरातल पर उतरते हैं तो लाखों युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। आईटी, ऑटोमोबाइल, लॉजिस्टिक्स, रक्षा उत्पादन, ग्रीन एनर्जी और एमएसएमई सेक्टर में निवेश प्रदेश की आर्थिक संरचना को नई मजबूती देगा। उनका कहना है कि 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि व्यापक आर्थिक परिवर्तन का रोडमैप है, जहां उद्योग, कृषि, सेवाएं और निर्यात की समान भागीदारी अनिवार्य है।

हालिया सिंगापुर-जापान दौरा केवल एक शिष्टाचार यात्रा नहीं था। यह आर्थिक कूटनीति का सुविचारित प्रयास था। सरकार-से-सरकार (जी2जी), सरकार-से-व्यवसाय (जी2बी) और उद्योग-से-उद्योग (बी2बी) संवादों के माध्यम से 60 से अधिक उच्चस्तरीय बैठकें आयोजित की गईं। नतीजा, जापान में लगभग 90,000 करोड़ के एमओयू और 1.5 लाख करोड़ तक के निवेश प्रस्ताव तथा सिंगापुर में 60,000 करोड़ के एमओयू और लगभग 1 लाख करोड़ तक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। कुल मिलाकर 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को मुख्यमंत्री ब्रांड यूपी पर वैश्विक भरोसे की मुहर मानते हैं। उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश अब निवेशकों के लिए केवल संभावनाओं का प्रदेश नहीं, बल्कि क्रियान्वयन की क्षमता वाला राज्य बन चुका है। उत्तर प्रदेश अब निवेश मानचित्र पर उभरता विकल्प नहीं, विश्वसनीय गंतव्य बन चुका है। मुख्यमंत्री मानते हैं कि किसी भी निवेश का पहला आधार आंकड़े नहीं, बल्कि विश्वास होता है।

### टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और स्किल डेवलपमेंट भी

सिंगापुर-जापान दौरे की एक अहम विशेषता यह रही कि फोकस सिर्फ पूंजी निवेश तक सीमित नहीं रहा। टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, स्किल डेवलपमेंट और फ्यूचर टेक्नोलॉजी जैसे ग्रीन हाइड्रोजन, क्लीन एनर्जी, रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर, फिनटेक और मेडिटेक पर भी गंभीर संवाद हुआ। मुख्यमंत्री का मानना है कि दीर्घकालिक औद्योगिक शक्ति बनने के लिए भविष्य की तकनीकों से जुड़ना अनिवार्य है। निवेश की इस रफ्तार की सबसे मजबूत रीढ़ कानून व्यवस्था और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस है। माफिया और संगठित अपराध पर सख्ती, निवेशकों की सुरक्षा की गारंटी और सिंगल विंडो सिस्टम के जरिए समयबद्ध स्वीकृतियों ने प्रदेश की छवि बदली है।



# पश्चिम एशिया पर संकट
# महायुद्ध





# 12 की मौत
## कराची में अमेरिकी दूतावास पर हमला



कराची में अमेरिकी दूतावास के बाहर प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए छोड़े जाते आंसू गैस के गोले।

**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान के कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के गेट तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच रविवार को हुई झड़पों में 12 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए। अमेरिका-इजराइल के हवाई हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के विरोध स्वरूप यह हिंसक संघर्ष हुआ। खामेनेई की मौत की खबर मिलते ही प्रदर्शनकारी वाणिज्य दूतावास की ओर जाने वाली सड़क पर एकत्र होने लगे। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि पुलिस ने उन पर गोली चलाई।

सिविल अस्पताल की प्रवक्ता डॉ. सुमैय्या सैयद ने बताया कि 10 शव अस्पताल में लाए गए हैं, जिनमें कुछ शवों पर गोली लगने से घाव के निशान हैं। सैयद के मुताबिक, करीब 30 घायल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में उपचाराधीन हैं। घायलों में चार पुलिसकर्मी भी हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक असद रजा ने कहा कि भीड़ के पुलिस पर हमला करने के बाद स्थिति नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए और लाठीचार्ज किया गया।

**अमेरिकी मरीन ने नहीं चलाई गोली:** सिंध के गृह मंत्री जिया उल हसन लंजार ने कहा कि "किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।" लंजार ने कहा कि पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने उन अटकलों को खारिज किया कि मारे गए लोगों को वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा में तैनात अमेरिकी मरीन ने गोली मारी। अमेरिकी वाणिज्य दूतावास माई कोलाची रोड पर नौसेना की एक आवासीय सोसाइटी के निकट एक किलेबंद इमारत में है, लेकिन आसपास निम्न-आय वर्ग के इलाके हैं।

## इस्लामाबाद, पेशावर और लाहौर में भी सड़कों पर उतरे लोग

**30** से ज्यादा लोग घायल, लाठी डंडे लेकर पहुंची थी भीड़

- उपद्रवी भीड़ ने गेट और शीशे तोड़े, पथराव व आगजनी
- अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जमकर नारेबाजी

- ईधी वेलफेयर ट्रस्ट के फैसल ईधी ने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारी बेहद हिंसक हो गए और उन्होंने उनके स्वयंसेवकों तथा एंबुलेंस पर भी हमला किया। इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने बयान में कहा, "हम कराची और लाहौर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावासों के निकट जारी प्रदर्शनों पर नजर रख रहे हैं। साथ ही इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास और पेशावर स्थित वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शनों के आह्वान की खबरें भी देख रहे हैं।" हम पाकिस्तान में मौजूद अमेरिकी नागरिकों को सलाह देते हैं कि वे स्थानीय समाचारों पर नजर रखें और व्यक्तिगत सुरक्षा के उपाय अपनाएं। पुलिस के अनुसार, शिया संगठनों ने खामेनेई की मौत के विरोध में कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की ओर मार्च निकालने की घोषणा की थी। इस्लामाबाद में तहरीक-ए-जाफरिया पाकिस्तान ने विरोध प्रदर्शन और अमेरिकी दूतावास का घेराव करने घोषणा की, जिसके बाद अधिकारियों ने 'रेड जोन' सील कर दिया और उससे जुड़ी सड़कों पर अतिरिक्त बल तैनात किए। जिला प्रशासन ने बताया कि इस्लामाबाद में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। लाहौर में प्रेस क्लब के बाहर इजराइल और अमेरिका की ईरान के खिलाफ सैन्य हमले के विरोध में प्रदर्शन जारी हैं।

## रिएक्शन

### ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान बोले बदला लेना हमारा वैध अधिकार



- ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद कहा कि इस अपराध के अपराधियों और कमांडरों के खिलाफ रक्तपात और बदला लेना ईरान वैध अधिकार मानता है, और इस महान जिम्मेदारी और कर्तव्य को पूरी ताकत से पूरा करेगा। खामेनेई की हत्या दुनिया के मुसलमानों, विशेषकर शियाओं के खिलाफ एक खुला युद्ध है।

### सनक में की गयी हत्या, नैतिकता और कानून का उल्लंघन : व्लादिमीर पुतिन



- **मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खामेनेई की लक्षित हत्या को 'सनक में की गयी हत्या' करार दिया है। पुतिन ने खामेनेई की मृत्यु को एक ऐसी हत्या बताया जिसने 'मानवीय नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून के सभी मानदंडों' का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा, खामेनेई को रूस में एक 'उत्कृष्ट राजनेता' के रूप में याद किया जाएगा। यूक्रेन के साथ युद्ध में ईरान ने रूस को ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों सहित सैन्य सहायता प्रदान की है और ड्रोन निर्माण सुविधा बनाने में मदद की है।

### चीन ने कहा, ईरान पर हमला और नेता को खुलेआम मारना मंजूर नहीं



- **शिन्हुआ।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि उसने हमेशा संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों को कायम रखा है और वह अंतरराष्ट्रीय संबंधों में ताकत के इस्तेमाल का विरोध करता है। जब ईरान-अमेरिकी बातचीत चल रही हो, तो उस दौरान अमेरिका और इजराइल का ईरान पर हमला करना मंजूर नहीं है। यह भी मंजूर नहीं है कि वे किसी आजाद देश के नेता को खुलेआम मारें और सरकार बदलने को बढ़ावा दें।

### इतिहास में निर्णायक क्षण, भविष्य अभी अनिश्चित : यूरोपीय संघ



- यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने कहा कि अली खामेनेई की हत्या ईरान के इतिहास में एक निर्णायक क्षण है। आगे क्या होगा यह अनिश्चित है। लेकिन अब एक अलग ईरान की ओर खुला रास्ता है, एक ऐसा ईरान जिसे आकार देने में वहां के लोगों को अधिक स्वतंत्रता मिल सकती है।

### ईरान को परमाणु हथियार की अनुमति नहीं दी जा सकती: ब्रिटेन



- ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने खुलासा किया है कि ईरान ने साइप्रस में ब्रिटेन के दो सैन्य ठिकानों की ओर दो मिसाइलें दागी हैं। लेकिन हमें यकीन है कि वे हमारे ठिकानों को निशाना बनाकर नहीं दागी गई थीं, लेकिन यह दिखाता है कि ईरानी प्रतिशोध कितना अंधाधुंध है। इसमें कोई संदेह नहीं कि ईरान में एक ऐसा शासन है जो अन्य देशों को परेशान करता है और इसे कभी भी परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### फ्रांस और ब्रिटेन बोले, फिर से शुरू की जाए ईरान-अमेरिका में वार्ता

- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने अमेरिका-ईरान से फिर से बातचीत शुरू करने का आह्वान किया है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके देश ईरान पर हुए हमलों में शामिल नहीं हैं, लेकिन वे अमेरिका, इजराइल और क्षेत्र के सहयोगी देशों के साथ लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, "हम क्षेत्र के देशों पर ईरान के हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। ईरान को बिना सोचे समझे सैन्य हमले करने से बचना चाहिए।

### खामेनेई की मौत पर कई जगह जश्न

- ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने अमेरिकी हमलों के लिए जहां खुला समर्थन व्यक्त किया है, वहीं खामेनेई की मौत के बाद कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन के बीच कुछ जगह लोग जश्न मनाते भी दिखे। न्यूयॉर्क से लेकर बर्लिन और उससे आगे तक, ईरानी प्रवासी समुदाय के सदस्यों और उनके समर्थकों द्वारा खामेनेई के शासन के अंत का जश्न मनाने के लिए प्रदर्शन भी आयोजित किए गए। शनिवार दोपहर बर्लिन में ईरानी लोग जश्न मनाते हुए तेज संगीत पर नाचते और नारेबाजी करते नजर आए।

## दुबई में बरसीं मिसाइल व ड्रोन निशाने पर होटल-एयरपोर्ट

**दुबई, एजेंसी**

अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद ईरान ने इजराइल के तेल अवीव समेत मिडिल ईस्ट के देशों पर ताबड़तोड़ हमले किए। इसमें संयुक्त अरब अमीरात के शहर दुबई को भी निशाना बनाया गया। दुबई के मशहूर लग्जरी होटल बुर्ज अल अरब पर भी हमला होने की खबरें सामने आईं। रिपोर्ट के अनुसार, एक अटैक ड्रोन के बिल्डिंग से टकराने के बाद आग की लपटें उठने लगीं। दुबई मीडिया ऑफिस ने एक्स पर कहा, अधिकारियों ने पुष्टि की है कि एक ड्रोन को रोका गया था। उसका मलबा बुर्ज अरब के बाहरी हिस्से से टकरा गया, जिससे हल्की आग लग गई। ईरान ने दुबई में स्थित सीआईए के ठिकाने और एक अमेरिकी एजेंसी पर भी हमला किया। दुनिया के सबसे व्यस्तम दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन पर भी संदिग्ध हवाई हमले से मामूली नुकसान हुआ है। चार कर्मचारी घायल बताए गए हैं। इसी तरह दुबई के प्रमुख बंदरगाह जेबेल अली पोर्ट पर इंटरसेप्ट किए गए ड्रोन के मलबे से आग लग गई। रिहायशी इलाकों पाम जुमेराह और अल नहदा में भी तेज धमाकों की कई आवाजें सुनी गईं।



तेल अवीव में ईरानी मिसाइल से क्षतिग्रस्त हुई इमारत।

### आसमान में आग और धुएं की लकीरें

- दुबई के रिहायशी इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि लगातार धमाकों से उनके फ्लैट की खिड़कियां हिल गईं और रात में एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा इंकमिग प्रोजेक्टाइल्स को इंटरसेप्ट करने से आसमान में आग और धुएं की लंबी रेखाएं बनती रहीं। एक भारतीय नागरिक विष्णु मंचू ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि इंटरसेप्शन की आवाजों की वजह से उनका घर हिल गया और बेटी आयरा डर गई। उन्होंने शांति की प्रार्थना करते हुए कहा कि किसी भी बच्चे को जंग की आवाजें सुनते हुए बड़ा नहीं होना चाहिए। एक महिला ने कहा कि लोग पूछते हैं कि दुबई में सुरक्षित महसूस क्यों होता है, आज इसका जवाब मिल गया।

### ओमान के तट पर तेल टैंकर पर हमला, 15 भारतीय थे सवार

- ओमान के तट के पास भारतीय चालक दल के 15 सदस्यों वाले तेल टैंकर पर हमला हुआ है जिसमें चार व्यक्ति घायल हो गए हैं। ओमान के समुद्री सुरक्षा केंद्र के अनुसार तेल टैंकर स्काईलाइट पर ओमान के मुसंदम प्रांत के पास तट से लगभग पांच समुद्री मील उत्तर में हमला किया गया। केंद्र ने बताया कि तेल टैंकर पर पालाऊ का ध्वज अंकित था। केंद्र ने कहा कि हमले में 20 सदस्यीय चालक दल को सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया। केंद्र के अनुसार चालक दल में 15 भारतीय और पांच ईरानी नागरिक शामिल थे। चालक दल के चार सदस्यों को चोट आईं और उन्हें आवश्यक चिकित्सा देखभाल के लिए ले जाया गया। घटना उस समय हुई जब ईरान ने उत्तरी खाड़ी में इजराइल के साथ बढ़ते तनाव के बीच प्रतिरोधी हमले तेज कर दिए हैं।

### श्रीनगर और लखनऊ में प्रदर्शन शिया धर्म गुरुओं ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** भारत में भी ईरान के सर्वेच्च नेता खामेनेई की मौत के विरोध में प्रदर्शन हुए। श्रीनगर और लखनऊ में प्रदर्शनों के बीच अजमेर में शिया मुस्लिम महासभा ने 3 दिन के शोक का ऐलान किया, जबकि कई धर्मगुरुओं ने खामेनेई की मौत पर दुख जताया है। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने कहा, ये सदी के सबसे दुखद शब्दों में से हैं कि इतनी महान हस्ती, जिसने हमेशा दबे-कुचले लोगों के लिए आवाज उठाई, वो चला गया, वो कभी किसी से नहीं डरे, यहां तक कि सबसे बड़ी ताकतों से भी नहीं। शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद ने कहा, "ये सदी के सबसे दुखद शब्दों में से हैं कि इतनी महान हस्ती, जिसने हमेशा दबे-कुचले लोगों के लिए आवाज़ उठाई, वो चला गया। वो कभी किसी से नहीं डरे, यहां तक कि सबसे बड़ी ताक़तों से भी नहीं।"



श्रीनगर में खामेनेई के मौत पर शोकजदा युवक।

ट्रंप के दामाद, उनके विशेष दूत और ईरान के विदेश मंत्री के बीच जिनेवा में वार्ता स्थगित होने के बाद तेजी से बदला घटनाक्रम

## ...इस तरह लिखी गई ईरान पर हमले की पटकथा

**स्पेशल डेस्क**

अमृत विचार। ईरान पर इजराइल और अमेरिका का साझा हमला सटीक खुफिया जानकारी और कई घटनाओं के एक साथ घटित होने से अपरिहार्य बन गया। हुआ यह कि ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर, उनके विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के नेतृत्व वाले ईरानी प्रतिनिधिमंडल के बीच जिनेवा में गुरुवार को हुई बातचीत बिना किसी निर्णायक मोड़ पर पहुंचे स्थगित हो गई थी। हालांकि अराघची ने कहा था कि वार्ता में अच्छी प्रगति हुई है। उधर, ओमान के जिन अधिकारियों ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी, उनका भी कहना था कि बातचीत अगले सप्ताह वियना में फिर से शुरू होगी। लेकिन ट्रंप के सलाहकार ईरान में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप को सही ठहराने की कोशिश में लगे थे। विटकॉफ और कुशनर को जिनेवा इसी उम्मीद में भेजा गया था कि वे ईरान को न सिर्फ आत्मसमर्पण के लिए राजी कर लेंगे बल्कि जैसा कि इजराइल भी चाहता है कि ईरान को न केवल परमाणु कार्यक्रम बल्कि मिसाइल उत्पादन के लिए राजी कर लेंगे। लेकिन रणनीतिकार मान रहे थे कि ट्रंप ने जिस तरह सैन्य बल एकत्र किया है, उसे देखते हुए ईरान का कोई भी प्रस्ताव युद्ध रोकने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसी कारण विटकॉफ और कुशनर के वाशिंगटन लौटने पर, ट्रंप ने खुद को "असंतुष्ट" बताया। अगले दिन, अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन ने ट्रंप को सैन्य विकल्पों पर अंतिम ब्रीफिंग दी, और इसी दौरान दुनिया का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत, यूएसएस गेराल्ड फोर्ड हाइफा पोर्ट पर पहुंचा। इसी पोत ने वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाने में भाग लिया था। हाइफा में फोर्ड का काम ईरान की जवाबी कार्रवाई से इजरायल की रक्षा करना था। फोर्ड के तैनात होते ही इजरायल में अमेरिकी राजदूत ने अपने कर्मचारियों से कह दिया कि यदि वे देश छोड़ना चाहते हैं तो आज ही निकल जाएं। माहौल की नजाकत भांपते हुए, ओमान के विदेश मंत्री बदर अलबुसैदी, जिन्होंने वार्ता में मध्यस्थता की थी, तत्काल वाशिंगटन पहुंचे और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस से कुछ और दिन देने का आग्रह किया। इस बीच इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद व अमेरिकी सर्विलांस खामेनेई और रणनीतिकारों की बैठक की सूचना साझा कर चुके थे। इसी के बाद शनिवार सुबह ईरान पर बमबारी शुरू हो गई और ईरान की मिसाइलें भी इजराइल और अमेरिकी सैन्य ठिकानों की ओर बरसने लगीं।





ओशो का मानना था कि जब आप हंस रहे होते हैं, तब आप ईश्वर की इबादत कर रहे होते हैं।
–ओशो, दार्शनिक

## इस आग की आंच

अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के सैन्य ठिकानों और परमाणु केंद्रों पर किए गए संयुक्त हवाई हमलों ने न केवल मध्य पूर्व को युद्ध की आग में झोंक दिया है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और कूटनीति के सामने एक अभूतपूर्व संकट भी खड़ा कर दिया है। ईरान के जवाबी मिसाइल हमलों ने इस संघर्ष को "सीधे टकराव" के उस स्तर पर पहुंचा दिया है, जहां से वापसी का रास्ता फिलहाल थोड़ा मुश्किल नजर आता है। यह हमला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा के दौरान 'मानवता' और 'शांति' के आह्वान और उसकी प्रशंसा तथा स्वीकारोक्ति के ठीक बाद हुआ। जाहिर है यह किसी आकस्मिक प्रतिक्रिया का परिणाम नहीं, बल्कि महीनों से तैयार एक सोची-समझी समीक्षित सैन्य रणनीति है। अमेरिका का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह ध्वस्त करना और क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को अपने और अपने सहयोगियों के पक्ष में मोड़ना है, लेकिन 'सत्ता परिवर्तन' का ट्रंप प्रशासन का सपना खामनेई की मौत के बावजूद आसान नहीं है?

इतिहास गवाह है कि थोपे गए बदलाव अक्सर लंबे और विनाशकारी गृहयुद्धों में तब्दील हो जाते हैं। इस युद्ध का सबसे भयावह पहलू आर्थिक है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज, जहां से दुनिया का 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुजरता है, अब एक युद्ध क्षेत्र बन चुका है, इसके बाधित होने का अर्थ है तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जाना। हमारे लिए यह दोहरी मार का बायस बनेगा। अपनी जरूरत का 85-90 फीसद तेल आयात करने वाले भारत के लिए तेल महंगा होने का सीधा अर्थ है, परिवहन लागत में वृद्धि और खुदरा महंगाई। आयात बिल में वृद्धि और डॉलर की मांग मजबूत होने से रुपया कमजोर होगा, जिससे हमारा व्यापार घाटा बढ़ेगा। निवेशक शेयर बाजार से पैसा निकालकर सोने जैसी सुरक्षित संपत्तियों में लगा रहे हैं, जिससे घरेलू बाजारों में अस्थिरता बढ़ेगी और इन धातुओं के दाम भी। इस वैश्विक संकट के बीच भारत की भूमिका 'सतर्क संतुलन' की रही है। भारत ने न तो किसी पक्ष का अंधा समर्थन किया है और न ही तटस्थता के नाम पर चुप्पी साधी है। भारत का रुख संवाद और शांति पर आधारित है, जो उसके दीर्घकालिक सामरिक हितों की रक्षा के लिए अनिवार्य है। एक तरफ इजरायल के साथ हमारे रक्षा संबंध हैं, तो दूसरी तरफ खाड़ी देशों में रहने वाले लाखों भारतीय प्रवासियों और ऊर्जा सुरक्षा की चिंता। ऐसे में भारत को संतुलित विदेश नीति पर कायम रखना होगा।

समय की मांग है कि भारत अपनी ऊर्जा आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाए और एक मजबूत कूटनीतिक कवच तैयार करे। मध्य पूर्व का यह तनाव आने वाले महीनों में और गहरा सकता है। ऐसे में केवल सैन्य शक्ति नहीं, बल्कि आर्थिक लचीलापन और कूटनीतिक समझदारी ही भविष्य की दिशा तय करेगी। यह संघर्ष तीन देशों तक सीमित नहीं है, इसके चपेट में कई देश हैं। ऐसे में यह 'न्यू वर्ल्ड ऑर्डर' की दिशा में एक जोखिम भरा कदम है, जो अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संरचना और ऊर्जा राजनीति को फिर से परिभाषित करेगा। इस जंग की भीषण होती आग दिन-ब-दिन बढ़ी तो इसकी आंच तमाम देशों तक पहुंचेगी।

### प्रसंगवश

## विदेश भेजने की होड़ और बदलती मानसिकता

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय समाज में एक नई प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है, बेटे-बेटियों को विदेश भेजने की होड़। कभी पढ़ाई के नाम पर, कभी नौकरी के नाम पर, तो कभी बेहतर जीवन के सपने के साथ। कई परिवारों में यह एक उपलब्धि की तरह प्रस्तुत किया जाता है। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। यह सब मानो सफलता की पहचान बन गया है। धीरे-धीरे यह धारणा बनती जा रही है कि यदि भविष्य बनाना है, तो विदेश जाना ही पड़ेगा, लेकिन यह सवाल गंभीरता से पूछने की जरूरत है कि क्या वास्तव में भारत में अवसरों की कमी है। क्या इस देश में प्रतिभा के लिए जगह नहीं बची? या फिर हम स्वयं अपने देश की संभावनाओं को कम आंकने लगे हैं?



डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। तकनीक, उद्योग, सेवा क्षेत्र, स्टार्टअप, शिक्षा और शोध के क्षेत्र में लगातार नए अवसर पैदा हो रहे हैं। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत में निवेश कर रही हैं। लाखों युवाओं को रोजगार मिल रहा है। छोटे शहरों और कस्बों से निकलकर युवा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। ऐसे में यह मान लेना कि भविष्य केवल विदेश में ही है, एक अधूरी और जल्दबाजी वाली सोच लगती है। विदेश जाने की एक बड़ी वजह शिक्षा भी है। कई छात्र यह सोचकर विदेश जाते हैं कि वहां की पढ़ाई बेहतर है या वहां अवसर अधिक हैं। कुछ मामलों में यह सही भी हो सकता है, लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि कई छात्र केवल इसलिए विदेश चले जाते हैं, क्योंकि उन्हें भारत में मनचाहे कॉलेज या कोर्स में प्रवेश नहीं मिल पाता। प्रतियोगिता कठिन है, सीटें सीमित हैं और हर किसी को प्रतिष्ठित संस्थानों में जगह नहीं मिल पाती। ऐसे में विदेश जाना एक विकल्प बन जाता है, लेकिन इस विकल्प को सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक बना देना चिंताजनक है।

आज स्थिति यह हो गई है कि कई जगहों पर माता-पिता अपने बच्चों को विदेश भेजने को लेकर एक तरह का दबाव महसूस करते हैं। रिश्तेदारों, परिचितों और समाज के बीच यह दिखाने की कोशिश होती है कि उनका बच्चा विदेश में पढ़ रहा है या काम कर रहा है। कई बार परिवार अपनी आर्थिक स्थिति से ज्यादा खर्च उठाकर भी बच्चों को विदेश भेज देते हैं। सोशल मीडिया ने इस प्रवृत्ति को और बढ़ाया है। इंटरनेट पर विदेश में रहने वाले युवाओं की चमकदार तस्वीरें दिखाई देती हैं, लेकिन इन तस्वीरों के पीछे का संघर्ष अक्सर दिखाई नहीं देता। समस्या विदेश जाने में नहीं है। समस्या उस मानसिकता में है, जिसमें विदेश को सफलता का पर्याय बना दिया गया है। दुनिया को देखने, नई शिक्षा और अनुभव प्राप्त करने के लिए विोदेश जाना एक अच्छा अवसर हो सकता है। कई भारतीय छात्र विदेश में उच्च शिक्षा लेकर नई तकनीक और ज्ञान प्राप्त करते हैं और बाद में देश के विकास में योगदान भी देते हैं, लेकिन जब यह निर्णय समझदारी के बजाय भीड़ का हिस्सा बनकर लिया जाता है, तब कई बार परिणाम निराशाजनक भी हो सकते हैं। माता-पिता, शिक्षक और समाज तीनों की भूमिका यहां महत्वपूर्ण है। बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि सफलता किसी देश की मोहताज नहीं होती। आज जरूरत है संतुलित सोच की। हमें अपने युवाओं को यह बताना होगा कि दुनिया खुली है, अवसर हर जगह हैं, लेकिन अपने देश की ताकत और संभावनाओं को कम नहीं आंकना चाहिए। भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि संभावनाओं की एक विशाल भूमि है। यहां चुनौतियां भी हैं और अवसर भी। विदेश जाना विकल्प हो सकता है, लेकिन लक्ष्य नहीं होना चाहिए। लक्ष्य होना चाहिए योग्यता, आत्मनिर्भरता व सार्थक जीवन। यह सोच समाज में मजबूत होगी, शायद विदेश भेजने की अंधी दौड़ अपने आप धीमी पड़ जाएगी। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# तेहरान की आग और इतिहास की परछाइयां





डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर

> अमेरिका नियमों की बात करता है, पर 1953 का हस्तक्षेप और 2018 का निर्णय उसकी विश्वसनीयता को सीमित करते हैं। ईरान प्रतिरोध की बात करता है, पर प्रॉक्सी युद्ध व आंतरिक दमन उसकी नैतिक स्थिति को जटिल बनाते है।

पश्चिम एशिया की तप्त रेत पर आज जो रक्त-रंजित इबारत लिखी जा रही है, वह केवल दो या तीन राष्ट्रों के बीच का सैन्य संघर्ष नहीं है, वह उस अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था का संकट है, जिसने नियम बनाए भी और उन्हें अपने हितों के अनुसार तोड़ा भी। तेहरान के आसमान में उठी आग को यदि केवल एक सैन्य कार्रवाई माना जाए, तो यह इतिहास की लंबी पृष्ठभूमि को नजरअंदाज करना होगा। यह टकराव किसी एक निर्णय, किसी एक घटना या किसी एक नेता की सनक का परिणाम नहीं है। यह दशकों से जमा अविश्वास, हस्तक्षेप, वैचारिक टकराव और शक्ति-राजनीति की निरंतरता का विस्फोट है। अयातुल्ला अली खामनेई की मृत्यु के बाद अब यह सत्ता-संक्रमण और रणनीतिक अनिश्चितता का भी प्रश्न बन गया है।

इस कहानी का निर्णायक आरंभ 1953 में होता है। डॉ. मोहम्मद मोसद्देक, एक निर्वाचित प्रधानमंत्री ने ईरान के तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण किया। उनका तर्क सीधा था कि ईरान का तेल ईरान की जनता का होना चाहिए। उस समय एंग्लो-ईरानियन ऑयल कंपनी ईरानी संसाधनों से भारी लाभ कमा रही थी। राष्ट्रीयकरण को लंदन और वाशिंगटन ने आर्थिक मतभेद नहीं, सामरिक चुनौती के रूप में देखा। अमेरिकी गुप्तचर संस्था सीआईए और ब्रिटिश खुफिया तंत्र ने मिलकर तख्तापलट की योजना बनाई। 19 अगस्त 1953 को मोसद्देक की सरकार गिरा दी गई। बाद में सार्वजनिक हुए अभिलेखों ने अमेरिकी भूमिका को स्वीकार किया। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं था, यह उस सोच का प्रदर्शन था, जिसमें संसाधन और भू-राजनीति लोकतांत्रिक इच्छा से ऊपर रखे जाते हैं। यहीं से ईरान-अमेरिका संबंधों में अविश्वास की वह रेखा खिंची, जो कभी पूरी तरह मिट नहीं सकी। तख्तापलट के बाद शाह मोहम्मद रजा पहलवी को अमेरिकी समर्थन मिला। विकास और आधुनिकीकरण की योजनाओं के साथ राजनीतिक दमन भी गहराया। असहमति को कुचला गया। यही अंतर्विरोध 1979 की इस्लामी क्रांति में विस्फोटित हुआ। अयातुल्ला रुहोल्लाह खोमेनी के नेतृत्व में शाह का पतन हुआ और इस्लामी गणराज्य की स्थापना हुई। उसी वर्ष तेहरान स्थित अमेरिकी दूतावास पर कब्जा और 444 दिनों तक 52 अमेरिकी नागरिकों को बंधक बनाए रखना अंतर्राष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन था। किंतु इस घटना को 1953 की ऐतिहासिक स्मृति से काटकर नहीं समझा जा सकता। इसी कालखंड में ईरान और इजराइल के संबंधों ने निर्णायक मोड़ लिया। शाह के दौर में दोनों देशों के बीच व्यावहारिक संपर्क और अप्रत्यक्ष सहयोग मौजूद था। पर 1979 के बाद नई इस्लामी व्यवस्था ने इजराइल को वैध राज्य मानने से इनकार किया और फिलिस्तीनी प्रश्न को अपनी वैचारिक पहचान का केंद्र बना लिया। इजराइल केवल एक पड़ोसी देश नहीं रहा, वह एक वैचारिक प्रतिपक्ष बन गया। इस बदलाव ने द्विपक्षीय संबंधों को कूटनीतिक मतभेद से उठाकर अस्तित्व और पहचान के टकराव तक पहुंचा दिया।

1980 के दशक का ईरान-इराक युद्ध इस मानसिकता को और कठोर करता है। इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने ईरान पर हमला किया। ऐतिहासिक साक्ष्य बताते हैं कि अमेरिका ने उस समय इराक को राजनयिक व खुफिया सहयोग दिया। युद्ध में रासायनिक हथियारों का प्रयोग हुआ। इस अनुभव ने ईरान की सुरक्षा सोच में यह धारणा मजबूत की कि अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था नैतिकता से नहीं, शक्ति-संतुलन से संचालित होती है। इसके बाद ईरान ने परोक्ष शक्ति-प्रयोग की नीति अपनाई। लेबनान में हिजबुल्लाह और गाजा में हमास जैसे संगठनों को समर्थन मिला। इजराइल के लिए यह सीधा सुरक्षा-खतरा था। इजराइल ने सीरिया और अन्य स्थानों पर ईरान-समर्थित ठिकानों को निशाना बनाया। यह संघर्ष वर्षों तक छाया में चलता रहा, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह टकराव खुलकर सामने आया। अप्रैल 2024 में, दमिश्क स्थित ईरानी परिसर पर हमले के बाद, ईरान ने सीधे इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन दागे। 2025 में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के सैन्य और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया, जो संघर्ष दशकों तक परोक्ष था, वह प्रत्यक्ष सैन्य मुठभेड़ में बदल गया। तनाव का सबसे संवेदनशील बिंदु ईरान का परमाणु कार्यक्रम है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की मई 2025 की रिपोर्ट के अनुसार ईरान के पास लगभग 233 किलोग्राम उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम था, जो आगे बढ़ाए जाने पर कम समय में कई परमाणु हथियारों के निर्माण के लिए पर्याप्त माना जाता है। यह केवल आशंका नहीं, निगरानी संस्था का दर्ज तथ्य था। निरीक्षण में सीमाएं और पारदर्शिता की कमी ने संदेह को गहरा किया। ईरान का तर्क है कि यदि क्षेत्र में अन्य देशों के पास परमाणु क्षमता है, तो उसे सुरक्षा का अधिकार क्यों नहीं। परंतु अंतर्राष्ट्रीय राजनीति केवल अधिकार की भाषा से नहीं, विश्वास व पारदर्शिता से भी संचालित होती है।

अमेरिका नियमों की बात करता है, पर 1953 का हस्तक्षेप और 2018 का निर्णय उसकी विश्वसनीयता को सीमित करते हैं। ईरान प्रतिरोध की बात करता है, पर प्रॉक्सी युद्ध व आंतरिक दमन उसकी नैतिक स्थिति को जटिल बनाते हैं। इजराइल सुरक्षा की दुहाई देता है, पर उसकी कार्रवाइयां भी अंतर्राष्ट्रीय कानून से परे नहीं हैं। आज तेहरान की जली इमारतें, सीमा पार दागी गईं मिसाइलें व बंकरों में शरण लेते परिवार यह बताते हैं कि महाशक्तियों की रणनीति का बोझ आम नागरिक उठाते हैं। तेल की कीमतें बढ़ती हैं, समुद्री मार्ग अस्थिर होते हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। शक्ति से नियंत्रण संभव है, स्थिरता नहीं, भय से चुप्पी मिल सकती है, भरोसा नहीं और जहां भरोसा टूटता है, वहां युद्ध केवल समय का प्रश्न रह जाता है। यही इस पूरे प्रसंग का सबसे कठोर, पर सबसे सटीक निष्कर्ष है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



हम इस देश के दुश्मनों को खासकर अमेरिका और जायोनी शासन को यह बात समझा देंगे कि उन्होंने बड़ी गलती की है। यह हम अपने लोगों की ताकत, एकता और सहयोग के दम पर करेंगे। हम अपने उस बुद्धिमान और मजबूत नेता (खामेनेई) के खून की आखिरी बूंद तक चलते रहेंगे, जब तक दुश्मन हार न मान ले।
–ब्रिगेडियर जनरल अहमद वहिदी
सेना आर्मी चीफ, ईरान

ईरान ने अभी कहा है कि वे बहुत ऐसा जोरदार हमला करेंगे, जितना पहले कभी नहीं किया हो, लेकिन उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि अगर उन्होंने ऐसा किया, तो हम उन्हें ऐसी ताकत से जवाब देंगे, जो दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा होगा।
– डोनाल्ड ट्रंप
राष्ट्रपति, अमेरिका



# नई पीढ़ी तक को सराबोर कर रहीं होली परंपराएं



अजय दयाल
हल्द्वानी

> ऐतिहासिक दस्तावेजों में तो उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में होली 16 वीं सदी से मनाने के प्रमाण हैं। माना जाता है वहीं परंपरा आज भी कुमाऊं से गढ़वाल और राज्य के कोने-कोने तक है।

होली और हुड़दंग, दो शब्द अमूमन एक दूसरे के पर्याय ही माने जाते हैं। होली का आशय रंग और भंग से है, तो हुड़दंग का अर्थ रंग में भंग डाल देने से है। रंग में भंग डालने वाले हुड़दंगियों ने ही होली के कई उपनाम दे रखे हैं- कीचड़ वाली होली, कपड़ा फाड़ होली, गाली-गलौच वाली और तो और अश्लील होली भी, जिसमें कानफोड़ू संगीत पर फूहड़ डांस होते हैं। हालांकि समाज के संवेदनशील लोगों के बीच बदलते वक्त के साथ हर्बल होली या यूं कहें सूखी होली यानी गीले रंगों के बजाय अबीर-गुलाल वाली होली का प्रचलन बढ़ा है। गुब्बारे मारकर पीठ लाल कर देने की परंपरा भी कम पड़ी है। बावजूद इसके युवाओं का एक तबका बगैर हुड़दंग के होली नहीं मानता। रंग और भांग-शराब का कॉकटेल उन्हें इस कदर मदहोश कर देता है कि छेड़खानी जैसे अपराध ही नहीं करते, बल्कि खुद भी दुर्घटना का शिकार होकर जान तक गंवा बैठते हैं। बहरहाल, होली त्योहार का यह एक पहलू मात्र है।

दूसरा पहलू बहुत दिलचस्प और आकर्षक है, जिसमें पूजा-पाठ, शालीन नृत्य-गीत, पांव छूने और पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूजे को गले लगाने की परंपरा है। इस संदर्भ में उत्तराखंड की परंपरागत होली का उदाहरण लें, तो पाएंगे कि यहां होली महज रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि बुजुर्गों की विरासत को आगे बढ़ाने वाली सांस्कृतिक पहचान है। पहाड़ों के लोग वास्तव में विरासत में मिली परंपराओं को नई पीढ़ी तक ले जा रहे हैं। खासकर होली के अवसर पर वो चौपाइयां, राग रागिनी और गीत हैं, जो उत्तराखंड के इतिहास और संस्कृति को बयां करते हैं। रंगोत्सव का पहाड़ों पर कुछ अलग रंग रूप में दिखाई देता है। न तो कोई हुड़दंगबाजी और न ही बदरंग करने को पानी की बौछार। यहां पर होलियारों की टोलियां गीत, चौपाइयां और राग रागिनियां गाकर देव स्तुति करतीं हैं तो पूर्वजों की वीरता का गुणगान भी।

उत्तराखंड मे रंगोत्सव लगभग दो माह तक चलता है। वसंत पंचमी से कुमाऊं में होली की शुरुआत हो जाती है, जो बैठकी होली के नाम से प्रचलित है। दरअसल, माना जाता है कि वसंत ऋतु में सूर्य के उत्तरायण होने पर फल-फूलों की नई सृष्टि के साथ ऋतु अमृतप्राण हो उठती है। इसलिए होली को मन्वंतरांभ और नवान्नवेष्टि यज्ञ भी करार देते हैं। इसके बाद मंदिरों में होली पर रंग चढ़ाने के साथ ही पूर्णमासी यानी होली के दिन तक खड़ी होली मनती है। इस दौरान रामायण और कृष्णा व राधा से जुड़ी चौपाइयां गूंजती हैं। इन गीतों में प्रेम का संदेश होता है, तो मर्यादाओं की बात भी। पहाड़ी राज्य के राजा-महाराजाओं की वीर गाथाएं गाई जाती हैं, तो अपने पूर्वजों का गुणगान करते हुए प्रेम गीत भी होते हैं। स्वस्थ मौज-मस्ती के रूप में भाभी देवर के रिश्तों पर भी गीत गाकर पौराणिक परंपराओं को प्रकट किया जाता है। शालीन होली पर चर्चा करते हुए यहां युवाओं का भी संदर्भ जोड़ा जाना आवश्यक है।

ऐतिहासिक दस्तावेजों में तो उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में होली 16 वीं सदी से मनाने के प्रमाण हैं। माना जाता है वहीं परंपरा आज भी कुमाऊं से गढ़वाल और राज्य के कोने-कोने तक है। होलियारों की टोली घर-घर पहुंचकर गीतों के जरिए इस परंपरा को युवाओं तक भी पहुंचने की कोशिश करती है। होलियारों का ही प्रयास है कि डिजिटल युग में नए परिवेश में पले-बड़े युवा भी अपनी संस्कृति और परंपराओं को देखें, महसूस करें और समझें। असल में युवाओं के बीच शालीन होली का संदेश इसलिए जाना आवश्यक है, क्योंकि उनमें त्योहार को लेकर उत्साह, उमंग भरपूर होता है। ऐसे में नशा या मिलावटी खानपान उनकी सेहत पर घातक प्रभाव डाल सकता है। खासकर नशा कर वाहन चलाने वालों के लिए सख्त संदेश है कि रंगोत्सव के त्योहार को दुर्घटना का शिकार होकर अपनी और परिजनों की जिंदगी बर्बाद करने का प्रयास न करें।

इस दिन ऐसे बहुतेरे अस्पताल पहुंच जाते हैं, कई जान भी गंवा देते हैं। कुछ अराजक तत्व इस मौके पर दुश्मनी निकालने की भी फिराक में होते हैं, इसलिए होश खोना ठीक नहीं वरना, जानलेवा परिणाम भी सामने आए हैं। इसीलिए पहाड़ों पर मनाई जा रही परंपरागत होली को शहरी क्षेत्र में भी संदेश के रूप में लिया जाना चाहिए। कुछ संस्थाएं ऐसा कर भी रहीं हैं। इन्हीं संस्थाओं से जुड़ी होलियारों की टोलियों प्रयासरत हैं कि अपनी परंपराओं को बचाने के लिए उन्हें जो विरासत में मिला है, उसे वह आगे की पीढ़ी को भी दें। ताकि यह परंपराएं आगे बढ़ती रहें और इतिहास को जानने के साथ हम अपनी जड़ों से भी जुड़े रह सकें।

हकीकत यह है कि आज जब होली का स्वरूप कई जगह बिगड़ रहा है, राजा-महाराजाओं के समय से लगातार चली आ रही होली, पुरानी परंपराएं और संस्कृति को बचाए हुए है। पहाड़ पर होली का परंपरागत रूप न केवल सुख शांति का प्रतीक है, बल्कि एकता और भाईचारे को भी बढ़ाने का जीवंत उदाहरण है।

### सोशल फोरम

## नमक की कीमत

नमक बड़ी साधारण और सस्ती सी चीज है, लेकिन जीवन के लिए उतनी ही जरूरी भी। इतनी जरूरी की एक बार इसकी कमी की अफवाह ने इसे इतना बिकवाया की ये बाजार से ही गायब हो गया। इस साधारण सी चीज को बनाने का अधिकार भी जब अंग्रेजों ने हम से छीन लिया तो गांधी जी को इसके लिए नमक सत्याग्रह करना पड़ा और खुलेआम नमक बनाकर अंग्रेंजों के कानून को धत्ता बताना पड़ा। मुझे याद है बचपन में जब भी नमक लेने दुकान में जाता था, तो दुकानदार एक ठोंगा (लिफाफा) देकर दुकान से बाहर रखे बोरे से खुद ही नमक भरने के लिए कहता था और फिर ठोंगे को अंदाज से ही देखकर वो तीन से दस पैसे तक कीमत ले लिया करता था। उस वक्त नमक थोड़ा मोटा होता था। इस साधारण से नमक को कोई भी दुकानदार दुकान के भीतर नहीं रखता था। रात को भी ये बाहर खुले में ही पड़ा रहता था। मगर मजाल है कि कोई इसे चोरी कर ले।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

नमक आज बहुत साधारण प्रतीत होता है, लेकिन कभी ये बहुत दुर्लभ था। इसलिए लोकधारणा थी कि यहां बर्बाद किया गया नमक मृत्यु बाद पलकों से उठाना होगा। आज इतने सस्ते और साधारण से नमक की एक बात बहुत असाधारण है। वो आपको फिल्म शोले का डॉयलाग तो याद होगा? "सरदार मैंने आपका नमक खाया है।" नमक की यही सबसे बड़ी खासियत है कि एक बार चटा देने के बाद आप उम्मीद करते हैं कि दूसरा इसका हक जरूर अदा करेगा। इस साधारण से नमक की यही असाधारण बात मुझे चुभती रहती है। भाई क्यों हर कोई नमक का हक अदा करने की उम्मीद करता है। माता पिता, भाई बंधु, समाज, संस्थान, देश सभी नमक के हक की बात करते हैं।

नमक खाया है, तो हक जरूर अदा करना चाहिए। कायदे से ये हमारी जिम्मेदारियां हैं, लेकिन कई बार नमक का हक आपके सिद्धांतों के आड़े आ जाता है। अब यहां सवाल उठता है कि क्या नमक की कीमत सिद्धांतो की कीमत से ज्यादा है? मेरे ख्याल में बिल्कुल नहीं... नमक तो विभीषण ने भी खाया था, लेकिन उसने रामजी का साथ देना पसंद किया? नमक तो विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन पॉल असांजे ने भी खाया था, जिसने सारी दुनिया के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझी? नमक तो मोहम्मद अली ने भी खाया था, जिसने वियतनाम के विरुद्ध युद्ध मे भाग लेने से मनाकर दिया था। बहरहाल इतना कहूंगा कि नमक जीवन के लिए जरूरी है, बहुत कीमती है, लेकिन हमारे सिद्धांतो से ज्यादा कीमती नहीं। –फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## फिर पिंजरे का तोता साबित हुई सीबीआई

केंद्रीय जांच एजेंसियों केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्यप्रणाली पर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं, जिससे उनकी साख प्रभावित होती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसियां अब भी राजनीतिक प्रभाव से मुक्त स्वतंत्र कार्यप्रणाली विकसित नहीं कर सकी हैं। हाल में दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति प्रकरण में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत 23 आरोपियों के विरुद्ध दायर सीबीआई के आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने से इनकार करते हुए उन्हें आरोपमुक्त कर दिया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि प्रस्तुत दस्तावेजों से प्रथम दृष्टया किसी भी आरोपी के विरुद्ध मामला बनता ही नहीं है। न्यायाधीश ने यहां तक टिप्पणी की कि जांच पूर्वनिर्धारित दिशा में बढ़ाई गई, ताकि कमजोर कहानी को विश्वसनीयता का भ्रम दिया जा सके।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ लेखक

अदालत ने सीबीआई के जांच अधिकारी के विरुद्ध विभागीय जांच की संस्तुति भी की। हालांकि सीबीआई ने दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील दायर की है, परंतु निचली अदालत की कठोर टिप्पणियां उसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं। उल्लेखनीय है कि ईडी के मामलों में सजा की दर अत्यंत कम बताई जाती है, जिससे अभियोजन की गुणवत्ता पर भी संदेह उत्पन्न होता है। इस प्रकरण से पूर्व जमानत सुनवाई के दौरान भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने भी सीबीआई को 'पिंजरे में बंद तोता' की छवि से बाहर आने की सलाह दी थी। यह उपमा पहली बार 2013 में कोयला घोटाले की सुनवाई के समय तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश आर. एस. लोढ़ा की पीठ द्वारा दी गई थी। अदालत ने कहा था कि सीबीआई वही दोहराती है, जो उसके मालिक कहते हैं। इस टिप्पणी ने जांच एजेंसी की स्वतंत्रता पर राष्ट्रीय बहस को जन्म दिया था।

राजनीतिक दलों द्वारा सीबीआई के दुरुपयोग के आरोप कोई नई बात नहीं है। सत्ता में रहते हुए दल इन एजेंसियों का उपयोग करते हैं और विपक्ष में आने पर दुरुपयोग का आरोप लगाते हैं। एफडीआई पर संसदीय बहस के दौरान भी यह मुद्दा उठा था। पूर्व सीबीआई निदेशक उमाशंकर मिश्रा ने स्वीकार किया था कि बड़े राजनीतिक मामलों में जांच प्रतिवेदन को प्रभावित करने का दबाव बनाया जाता है। इसी प्रकार 2 जी स्पेक्ट्रम मामले में पूर्व कैग अधिकारी आर. पी. सिंह के बयान ने भी संस्थागत दबाव की चर्चा को बल दिया।

प्रश्न यह भी है कि यदि अधिकारियों पर दबाव पड़ता है, तो वे तत्काल प्रतिरोध क्यों नहीं करते और सेवानिवृत्ति के बाद ही खुलासे क्यों सामने आते हैं? लोकसेवक शपथ लेकर दायित्व निभाते हैं, अतः दबाव में आकर कार्य करना सेवा आचरण संहिता के विपरीत है। यदि संवैधानिक और वैधानिक संस्थाएं स्वयं अपने दायित्वों के प्रति कठोर नहीं होंगी, तो उनकी विश्वसनीयता पर आंच आना स्वाभाविक है। ऐसे लोगों के मनोनयन से यह तथ्य प्रमाणित होता है कि वे सत्ता पक्ष के अनुयायी बने रहे। जाहिर है, देश के लोक सेवकों को भी प्रसिद्धि और लालच की भावना से ऊपर उठकर कर्तव्य का पालन करने की जरूरत है। यदि ऐसा होता है, तो सालों जांच से जुड़े मामले लंबित नहीं रहेंगे। सीबीआई के पास ज्यादातर ऐसे मामले होते हैं, जो राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार से जुड़े होते हैं। ऐसे में लटकाने के दबाव की प्रवृत्ति के चलते इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में किफायती 7-सीटर गाड़ियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। बढ़ते परिवार, बेहतर स्पेस की जरूरत और बजट में मल्टी-यूटिलिटी व्हीकल की चाह ने इस सेगमेंट को खासा मजबूत बना दिया है। इसी मांग को ध्यान में रखते हुए निसान ने फरवरी में अपनी नई 7-सीटर कार मीटर एमपीवी 'ग्रेवाइट' को लॉन्च किया है। इसकी शुरुआती इंट्रोडक्ट्री एक्स-शोरूम कीमत 5.65 लाख रुपये रखी गई है, जो इसे एंट्री-लेवल 7-सीटर खरीदारों के लिए आकर्षक विकल्प बनाती है। कंपनी ने दमदार इंजन और प्लेटफॉर्म के साथ नई स्टाइलिंग, बेहतर फीचर्स और उन्नत सुरक्षा पैकेज देकर इसे फैमिली-फ्रेंडली कार के रूप में पेश किया है। ऐसे में कम बजट में 7-सीटर की तलाश कर रहे ग्राहकों के लिए ग्रेवाइट एक व्यावहारिक विकल्प साबित हो सकती है।

*- फीचर डेस्क*

### वेरिएंट और कीमत

ग्रेवाइट को चार प्रमुख वेरिएंट- VXiA, Acenta, N-Connecta और Tekna में उतारा गया है। ट्रांसमिशन के तौर पर 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड एएमटी दोनों विकल्प उपलब्ध हैं, जिससे ग्राहक अपनी जरूरत और ड्राइविंग सुविधा के अनुसार चयन कर सकते हैं। कीमत की बात करें, तो यह 5.65 लाख रुपये से शुरू होकर लगभग 8.93 लाख रुपये (टेकना लॉन्च एडिशन एएमटी) तक जाती है। कंपनी ने इसकी बुकिंग शुरू कर दी है और डिलीवरी मार्च 2026 से प्रारंभ होने की संभावना जताई जा रही है। निसान की रणनीति स्पष्ट है कि कम कीमत में भरोसेमंद 7-सीटर विकल्प देकर बड़े ग्राहक वर्ग को आकर्षित करना।




### एक्सटीरियर : ज्यादा बोल्ड और मस्कुलर

इसकी बेसिक बॉडी शेप ट्राइबर से प्रेरित दिखाई देती है, लेकिन ग्रेवाइट को अलग पहचान देने के लिए कई नए स्टाइलिंग एलिमेंट्स जोड़े गए हैं। फ्रंट फेसिया पर बड़ी हनीकॉम्ब पैटर्न ग्रिल, बोनट पर 'Gravite' बैजिंग और स्लिम एलईडी डीआरएल्स इसे आधुनिक और दमदार लुक देते हैं। साइड प्रोफाइल में ऊंची रूफलाइन और सीधा स्टांस इसे ज्यादा स्पेशियस और प्रैक्टिकल दर्शाते हैं। 15-इंच स्टील व्हील्स और रूफ रेल्स इसकी यूटिलिटी अपील को मजबूत बनाते हैं। रियर सेक्शन में रैपअराउंड एलईडी टेललैंप्स, क्रोम स्ट्रिप और सी-शेप्ड सिल्वर एक्सेंट इसे प्रीमियम टच प्रदान करते हैं। कलर ऑप्शन की बात करें, तो यह ओनिक्स ब्लैक, स्टॉर्म व्हाइट, मेटैलिक ग्रे, ब्लेड सिल्वर और फॉरेस्ट ग्रीन जैसे पांच आकर्षक रंगों में उपलब्ध है।

# Nissan Gravite
## कम बजट में बड़ा स्पेस






### फीचर और सेफ्टी

निसान ने ग्रेवाइट को फीचर्स के मामले में प्रतिस्पर्धी बनाए रखने की कोशिश की है। इसमें क्रूज कंट्रोल, वायरलेस फोन चार्जर और रियर एसी वेंट्स जैसी सुविधाएं मिलती हैं। सुरक्षा के लिहाज से छह एयरबैग स्टैंडर्ड दिए गए हैं, जो इस कीमत में एक महत्वपूर्ण विशेषता है। इसके अलावा एबीएस के साथ ईबीडी, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ESC), रियर पार्किंग कैमरा, पार्किंग सेंसर और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (TPMS) भी शामिल हैं। सेगमेंट में स्टैंडर्ड छह एयरबैग का मिलना इसे सुरक्षा के मामले में मजबूत दावेदार बनाता है।

### इंटीरियर : सादगी और उपयोगिता का मेल

- ग्रेवाइट का केबिन डिजाइन सादा, लेकिन कार्यात्मक है। डुअल-टोन ब्लैक और बेज थीम के कारण अंदर का माहौल खुला और हवादार महसूस होता है। डैशबोर्ड लेआउट परिचित जरूर है, लेकिन प्रेजेंटेशन में हल्के बदलाव इसे नया रूप देते हैं।
- बीच में 8-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है, जो वायरलेस एप्पल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो को सपोर्ट करता है। इसके नीचे मैनुअल क्लाइमेट कंट्रोल के लिए तीन रोटरी नॉब्स दिए गए हैं, जो उपयोग में सरल हैं।
- 7-इंच डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, 3-स्पोक स्टीयरिंग व्हील, पुश-बटन स्टार्ट और कीलेस एंट्री जैसे फीचर इसे आधुनिक स्पर्श देते हैं। सीटों पर लेदरेट फिनिश दी गई है और 8 एसी वेंट्स सुनिश्चित करते हैं कि सभी यात्रियों तक पर्याप्त ठंडी हवा पहुंचे। कुल मिलाकर, इसका इंटीरियर लक्जरी से ज्यादा व्यावहारिकता पर केंद्रित है।



### इंजन परफॉर्मेंस

ग्रेवाइट में 1-लीटर, 3-सिलेंडर नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 72 पीएस की पावर और 96 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह इंजन 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड एएमटी विकल्पों के साथ उपलब्ध है। माइलेज की बात करें, तो मैनुअल वर्जन 19.3 किमी/लीटर और एएमटी वर्जन 19.6 किमी/लीटर तक का सर्टिफाइड माइलेज देने का दावा करता है। यह इंजन मुख्य रूप से शहरी उपयोग और परिवारिक ड्राइविंग जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। हालांकि हाईवे पर फुल लोड के साथ इसकी परफॉर्मेंस औसत रह सकती है।

**मॉय फर्स्ट राइड**

## उत्साह, हिम्मत और आत्मनिर्भरता की यात्रा



मैंने जब गाड़ी चलाना सीखने के बारे में सोचा, तब मैं बहुत ज्यादा उत्साहित थी। सच कहूं तो मुझे पहले कभी अंदाजा नहीं था कि मैं भी गाड़ी चला पाऊंगी, लेकिन मन के भीतर एक दृढ़ इच्छा थी कि मुझे सीखना है। मुझे लगता था कि अगर घर में कोई भी व्यक्ति वाहन चला सकता है, तो मुझे भी यह कौशल आना चाहिए। यही सोच मेरे हौंसले की सबसे बड़ी ताकत बनी।

इस पूरे सफर में मेरे पति और मेरी छोटी-सी बेटी ने मेरा बहुत साथ दिया। आज भी मुझे वह दिन याद है, जब पहली बार ड्राइविंग स्कूल के इंस्ट्रक्टर हमें सिखाने आते थे। उनका मॉर्निंग शेड्यूल होता था, इसलिए हमें सुबह लगभग साढ़े पांच या छह बजे तक पहुंच जाना पड़ता था। मेरे पति हर दिन मेरा हौसला बढ़ाते थे और मेरी छोटी बेटी भी जाग जाती थी और कहती "मम्मी आपको सीखने जाना है।" उसका वह मासूम उत्साह मेरे लिए प्रेरणा बन जाता था।

पहली बार जब मैंने सड़क पर गाड़ी चलाई, तो दिल में थोड़ा डर था। वजह भी साफ थी कि सड़क पर गाड़ी चलाना सिर्फ खुद को संभालना नहीं, बल्कि दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखना भी होता है। शुरुआत में हर मोड़ और हर ब्रेक पर घबराहट महसूस होती थी, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया और अभ्यास बढ़ता गया, मेरे अंदर आत्मविश्वास भी बढ़ने लगा। धीरे-धीरे डर की जगह विश्वास ने ले ली और ड्राइविंग मुझे मुश्किल नहीं, बल्कि आनंददायक लगने लगी।

आज जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो महसूस करती हूं कि मेरे परिवार के सहयोग और मेरे खुद के हौसले की वजह से ही मैं आज इतनी आत्मविश्वास से गाड़ी चला पाती हूं। यह अनुभव मेरे लिए सिर्फ एक नई स्किल सीखने का नहीं था, बल्कि खुद पर भरोसा करना और अपने डर को हराना सीखने का भी था। सच में, मेरा ड्राइविंग का अनुभव बहुत अच्छा रहा, क्योंकि इसमें मेहनत, साहस और अपनों का साथ तीनों शामिल थे। गाड़ी सीखने के शुरुआती दिनों में कई बार ऐसा हुआ कि चलते-चलते गाड़ी बंद हो जाती, क्लच ठीक से संभलता नहीं था और गियर बदलते समय समझ ही नहीं आता था कि क्या करूं। बीच सड़क पर ट्रैफिक चल रहा होता और मेरी गाड़ी रुकी खड़ी रहती, तो एक पल के लिए लगता था कि शायद मुझसे नहीं हो पाएगा, लेकिन अगले ही क्षण मैंने खुद को हौसला दिया, नहीं मुझे यह जरूर सीखना है। यही आत्मविश्वास धीरे-धीरे मेरे डर को ताकत में बदलता गया और आखिरकार मैं सफल हो गई।

***-प्रगति श्रीवास्तव, वाइस प्रिंसिपल, सरयू इंटरनेशनल स्कूल, अयोध्या।***

**काम की बात**

## होली के रंगों से अपनी कार को ऐसे रखें सुरक्षित

होली खुशियों, उमंग और रंगों का त्योहार है। इस दिन लोग खुलकर जश्न मनाते हैं, लेकिन यही रंग और पानी हमारी कार के लिए परेशानी का कारण बन सकते हैं। हवा में उड़ता गुलाल, पानी से भरे गुब्बारे और केमिकल युक्त रंग कार के पेंट पर जिद्दी दाग छोड़ जाते हैं। कई बार ये निशान इतने गहरे हो जाते हैं कि उन्हें हटाने के लिए प्रोफेशनल डिटेलिंग की जरूरत पड़ती है। अगर आप चाहते हैं कि होली के बाद भी आपकी कार पहले जैसी चमकती रहे, तो कुछ आसान सावधानियां अपनाना जरूरी है।

### सही जगह पार्किंग

कोशिश करें कि होली के दिन कार को कवर पार्किंग में ही खड़ा करें। यदि ऐसी सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो अच्छी क्वालिटी का कार कवर जरूर इस्तेमाल करें। यह कवर रंगों के साथ-साथ धूल, धूप और अन्य बाहरी तत्वों से भी सुरक्षा प्रदान करता है। अगर कवर भी उपलब्ध न हो, तो कार को ऐसी जगह पार्क करें, जहां होली खेलने वाली भीड़ के पहुंचने की संभावना कम हो।

### कार पर वैक्स की परत

वैक्स पेंट के ऊपर एक सुरक्षात्मक लेयर बना देता है, जिससे रंग सीधे पेंट पर नहीं चिपकते। इससे बाद में सफाई करना भी आसान हो जाता है। इसके अतिरिक्त, वैक्स कार को तेज धूप, धूल और पक्षियों की बीट से भी बचाने में मदद करता है। होली से पहले एक बार वैक्स करवा लेना समझदारी भरा कदम हो सकता है।

### खिड़कियां बंद रखना बेहद जरूरी

अक्सर लोग जल्दी में कार पार्क करते समय खिड़कियां पूरी तरह ऊपर करना भूल जाते हैं। इससे रंग या पानी कार के अंदर जा सकता है। खिड़कियां बंद रखने से न केवल केबिन सुरक्षित रहता है, बल्कि धूल और कीड़े-मकोड़े भी अंदर नहीं आते। यह आदत सिर्फ होली के लिए ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है।

### कार का इंटीरियर

कार के इंटीरियर की सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है, जितनी बाहरी हिस्से की। यदि आप होली खेलकर लौट रहे हैं, तो कोशिश करें कि गीले या रंग लगे कपड़ों में सीधे कार में न बैठें। बेहतर होगा कि एक जोड़ी अतिरिक्त कपड़े साथ रखें। अगर कपड़े बदलना संभव न हो, तो सीट पर तौलिया बिछा लें ताकि रंग सीधे सीट से संपर्क में न आए। डैशबोर्ड और अन्य हिस्सों को बचाने के लिए प्लास्टिक शीट या कवर का उपयोग किया जा सकता है।

### अच्छे शैंपू से धोएं कार

यदि सभी सावधानियों के बावजूद कार पर रंग लग ही जाए, तो देर न करें। जितनी जल्दी सफाई की जाएगी, दाग उतनी आसानी से हटेंगे। कार को साफ पानी और अच्छे कार शैंपू से धोएं। कठोर केमिकल का उपयोग करने से बचें, क्योंकि इससे पेंट को नुकसान हो सकता है। इंटीरियर की सफाई के लिए भरोसेमंद क्लीनर का इस्तेमाल करें।



## सड़कों का महाजाल: नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे के बीच का अंतर

*भारत का सड़क नेटवर्क आज दुनिया के सबसे विशाल और सुदृढ़ नेटवर्कों में से एक गिना जाता है। कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक फैली ये सड़कें देश की अर्थव्यवस्था की धमनियां हैं। जब भी हम लंबी दूरी की यात्रा की योजना बनाते हैं, तो दो शब्द अक्सर सुनने को मिलते हैं: नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे। हालांकि आम बोलचाल में लोग इन्हें एक ही समझ लेते हैं, लेकिन तकनीकी, सुरक्षा और सुविधा के मामले में इनके बीच जमीन-आसमान का अंतर है। आइए आपको इनके बीच का अंतर बताते हैं।*



### नेशनल हाईवे

नेशनल हाईवे यानी राष्ट्रीय राजमार्ग, भारत के वे प्राथमिक मार्ग हैं, जो राज्यों की राजधानियों, बड़े औद्योगिक केंद्रों, महत्वपूर्ण बंदरगाहों और रणनीतिक सीमावर्ती क्षेत्रों को आपस में जोड़ते हैं। इनका मुख्य उद्देश्य अंतर्राज्यीय परिवहन को सुगम बनाना है।

### प्रबंधन और विस्तार

इनका निर्माण और रख-रखाव सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) के अंतर्गत भारतीय नेशनल हाईवे प्राधिकरण (NHAI) द्वारा किया जाता है। वर्तमान में भारत में 200 से अधिक मुख्य नेशनल हाईवे हैं, जिनका नेटवर्क लगभग 1.3 लाख किलोमीटर तक फैला हुआ है।

### बनावट और गति

ये सड़कें सामान्यतः दो से चार लेन की होती हैं। नेशनल हाईवे की एक मुख्य विशेषता यह है कि ये शहरों और कस्बों के बीच से होकर गुजरते हैं, जिससे स्थानीय यातायात भी इसमें शामिल हो जाता है। यहां कारों के लिए अधिकतम गति सीमा 100 किमी/घंटा और दोपहिया वाहनों के लिए 80 किमी/घंटा निर्धारित की गई है।

- **एक रोचक तथ्य** – भारत का सबसे लंबा राजमार्ग NH-44 है, जो उत्तर में श्रीनगर से शुरू होकर दक्षिण में कन्याकुमारी तक 3,745 किलोमीटर की अविश्वसनीय दूरी तय करता है।
- **एक्सप्रेसवे** – एक्सप्रेसवे को आप 'हाईवे का एडवांस वर्जन' कह सकते हैं। ये विशेष रूप से उच्च गति और निर्बाध यात्रा के लिए डिजाइन किए गए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य दो बड़े बिंदुओं के बीच यात्रा के समय को न्यूनतम करना है।
- **कंट्रोल्ड ऐक्सेस**– एक्सप्रेसवे की सबसे बड़ी खासियत इसका 'कंट्रोल एक्सेस' होना है। इसका मतलब है कि आप अपनी मर्जी से कहीं से भी सड़क पर नहीं चढ़ सकते और न ही उतर सकते हैं। इसके लिए विशिष्ट 'एंट्री' और 'एग्जिट' पॉइंट्स बनाए जाते हैं।
- **लेन और सुविधाएं**– एक्सप्रेसवे आमतौर पर 6 से 8 लेन के होते हैं। यहां बीच में कोई चौराहे या रेड लाइट नहीं होती। सुरक्षा के लिए फ्लाईओवर, अंडरपास और सर्विस लेन की व्यापक व्यवस्था होती है। उत्तर प्रदेश का आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे (302 किमी) इसकी आधुनिकता का एक बेहतरीन उदाहरण है।
- **रफ्तार का रोमांच**– एक्सप्रेसवे पर कारों के लिए गति सीमा 120 किमी/घंटा तक होती है। यहां छोटे रास्ते या गलियां सीधा नहीं जुड़तीं, जिससे दुर्घटना की संभावना काफी कम हो जाती है।

### मुख्य अंतर

- **ऐक्सेस कंट्रोल**– हाईवे पर कई छोटे रास्ते जुड़ते हैं, जबकि एक्सप्रेसवे पर केवल निर्धारित एंट्री-एग्जिट पॉइंट होते हैं।
- **सुरक्षा और चौड़ाई**– एक्सप्रेसवे ज्यादा चौड़े, सुरक्षित और तेज रफ्तार यात्रा के लिए बनाए जाते हैं।
- **वाहन नियम**– हाईवे पर दोपहिया चलते हैं, लेकिन एक्सप्रेसवे पर आमतौर पर इनकी अनुमति नहीं होती।
- **ड्राइविंग नियम**– हाईवे पर गति सीमा का पालन करें और छोटे कस्बों से गुजरते समय सावधानी बरतें।
- एक्सप्रेसवे पर लेन अनुशासन और निर्धारित प्रवेश-निकास का पालन अनिवार्य है।
- दोनों ही सड़कों पर ओवरस्पीडिंग और गलत दिशा में गाड़ी चलाना गंभीर अपराध माना जाता है।

## आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है भारत का इस्पात उद्योग

**नयी दिल्ली।** एक और जहां वैश्विक स्तर पर और चीन के इस्पात बाजार में गिरावट देखी जा रही है, वहीं भारत का इस्पात उद्योग लगभग आठ प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर बनाए हुए है। सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 'एडवांस्ड रोलिंग टेक्नोलॉजी' पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईएमएमएस 2026) के उद्घाटन सत्र में सेल के निदेशक (वित्त) एवं निदेशक (वाणिज्यिक - अतिरिक्त प्रभार) ए के पांडा ने कहा कि इस्पात उत्पादन की क्षमता तेजी से बढ़ रही है।

अमृत विचार
बरेली, सोमवार, 2 मार्च 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2550, राज श्री 1860, फ़ॉर्चून कि. 2390, रविन्द्रा 2490, फॉर्चुन 13kg 2110, जय जवान 2040, सचिन 2080, सूरज 2065, अवसर 1930, उजाला 2070, गृहणी 13 kg 1930, क्लासिक (kg) 2280, मोर 2260, चक्र टिन 2315, ब्लू 2170, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2505
**किराना**–महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000–21000, धनिया 11000–12000, अजवायान 14000–20000, मेथी 7000–8000 सौंफ 10000–20000, सोंठ 37000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 800–1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 350–400, मखाना 950–1100
**चावल** –( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200
**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100 चीनी– पीलीभीत 4430, बहेड़ी 4270
**बरेली सर्राफा**–( प्रति 10 ग्राम ) गोल्ड (पक्के जेवर) 171500, गोल्ड (गिन्नी जेवर) 167500, सिल्वर ( पक्की) 2950 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### एफपीआई ने फरवरी में की 37,847 करोड़ रुपये की लिवाली

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी में भारतीय पूंजी बाजार में 37,847 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की। शुद्ध लिवाली लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर है। सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी है। अक्टूबर 2025 के बाद यह पहला मौका है जब एफपीआई ने इक्विटी में शुद्ध रूप से लिवाली की है।

### दीपक गुप्ता ने गेल का चेयरमैन पद संभाला

**नयी दिल्ली।** ऊर्जा क्षेत्र के अनुभवी कार्यकारी दीपक गुप्ता ने देश की सबसे बड़ी गैस पारेषण और विपणन कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पद संभाल लिया है। उनका कार्यकाल 28 फरवरी, 2029 तक होगा।

### स्पैम मैसेज रोकने को एयरटेल-गूगल का करार

**नयी दिल्ली।** निजी दूरसंचार कंपनी एयरटेल ने गूगल के आरसीएस प्लेटफार्म और स्पैम फिल्टर सुविधाओं के लिए उसके साथ एक करार किया है। कंपनी ने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि एयरटेल के नेटवर्क इंटेलिजेंस और गूगल के रिच कम्युनिकेशन सर्विसेज (आरसीएस) प्लेटफॉर्म तथा स्पैम फिल्टरिंग के संयोजन से उपयोगकर्ता अच्छी गुणवत्ता वाली फोटो और वीडियो का अनुभव कर सकते हैं। वे मैसेज रिएक्शन जैसे इंटरैक्टिव विकल्पों का भी लाभ उठा सकते हैं।

## सतर्क रहें, सुरक्षित रहें



जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को समाज के हर वर्ग से युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की कोशिश करने वालों और आतंकी तंत्र को बनाए रखने के प्रयास करने वाले तत्वों के प्रति सतर्क रहने की अपील की। श्री सिन्हा फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) द्वारा आयोजित 'आत्मनिर्भर भारत' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लघु एवं सूक्ष्म उद्यम (एमएसएमई) अब जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था का आधार हैं। **फोटो : एजेंसी**

# फरवरी में 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जीएसटी संग्रह

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह फरवरी में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। आयात से प्राप्त राजस्व में उच्च वृद्धि और घरेलू बिक्री में सुधार का इस वृद्धि में मुख्य योगदान रहा।

इस दौरान सकल घरेलू राजस्व 5.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.36 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि आयात से सकल राजस्व 17.2 प्रतिशत बढ़कर 47,837 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कुल शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.61 लाख करोड़




रुपये से अधिक रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 7.9 प्रतिशत अधिक है। कुल रिफंड 10.2 प्रतिशत बढ़कर 22,595 करोड़ रुपये रहा। शुद्ध उपकर राजस्व 5,063 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल फरवरी में 13,481 करोड़ रुपये था। सितंबर, 2025 से लगभग 375 वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती की गई थी। साथ ही पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत के चार कर स्लैब को मिलाकर पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब बनाए गए थे। इसके अलावा कुछ चुनिंदा अति-विलासिता की वस्तुओं और तंबाकू उत्पादों के लिए अधिकतम 40 प्रतिशत का स्लैब रखा गया था। कर कटौती लागू होने के पहले महीने में जीएसटी संग्रह में शुरुआती गिरावट देखी गई और नवंबर में राजस्व घटकर 1.70 लाख करोड़ रुपये रह गया था।

डेलॉयट इंडिया के भागीदार एम एस मणि ने कहा कि आंकड़े दर्शाते हैं कि उपभोग में हुई वृद्धि ने कर दरों में की गई कटौती की भरपाई कर दी है।

# ईरान संकट: पश्चिम एशिया में शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालें चावल निर्यातक

### इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन ने निर्यातकों को दी एफओबी (फ्री ऑन बोर्ड) शर्तों पर काम करने की सलाह

**नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी**

ईरान पर अमेरिका और इजरायल के सैन्य हमलों के बाद हरियाणा के चावल निर्यातकों को ईरान और अफगानिस्तान जाने वाली खेप में व्यवधान और भुगतान में देरी का डर सता रहा है। पश्चिम एशिया में बिगड़ते सुरक्षा हालातों और होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से आवाजाही बाधित होने की आशंका के बीच शिपिंग लागत का जोखिम खरीदारों पर डालने की सलाह दी गयी है।

राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने रविवार को कहा कि व्यापार पर संघर्ष का कुछ असर पहले ही शुरू हो चुका है। ईरान के सबसे बड़े बंदरगाह- बंदर अब्बास के रास्ते ईरान या अफगानिस्तान जाने वाली खेप रुक गई है। जैन ने बताया कि स्थिति सुधरने तक ये खेप फंसी रहेगी, जिससे बाजार प्रभावित




● **संघर्ष का असर: रुक गयी बंदर अब्बास के रास्त ईरान-अफगानिस्तान जाने वाली खेप**

होगा। भुगतान में भी देरी हो सकती है। हालांकि, उन्होंने कहा कि प्रभाव का सटीक आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि संघर्ष कितने समय तक चलता है। बासमती निर्यात के बारे में जैन ने बताया कि भारत के कुल वार्षिक निर्यात में हरियाणा का योगदान लगभग 35 प्रतिशत है।

इसबीच इंडियन राइस एक्सपोर्टर्स फेडरेशन (आईआरईएफ) ने अपने सदस्यों को ईरान और खाड़ी के कुछ हिस्सों के लिए नए सीआईएफ (लागत, बीमा और माल ढुलाई) सौदों से बचने की सलाह दी है। फेडरेशन ने रविवार को जारी एक परामर्श में निर्यातकों से कहा है कि जहां तक संभव हो वे एफओबी (फ्री ऑन बोर्ड) शर्तों पर काम करें। इस व्यवस्था के तहत अंतरराष्ट्रीय खरीदार माल ढुलाई, बीमा और संबंधित जोखिमों को वहन करता है, जिससे भारतीय निर्यातक निश्चित मूल्य वाले अनुबंधों पर अचानक बढ़ने वाली लागत के जोखिम से बच जाते हैं।

निर्यातकों के निकाय ने चेतावनी दी कि ईरान और यूएई के घटनाक्रम 'बंकर' (मालवाहक जहाजों में प्रयुक्त ईंधन) की कीमतों को बढ़ा सकते हैं... कम समय के नोटिस पर कंटेनर और बल्क फ्रेट में भारी वृद्धि हो सकती है। साथ ही, बीमा प्रीमियम में भी तेज उछाल की आशंका जताई गई है। भारत के चावल निर्यात के लिए यह संकट काफी बड़ा है, क्योंकि अफ्रीका और पश्चिम एशिया को होने वाला निर्यात कुल राष्ट्रीय चावल निर्यात का लगभग आधा हिस्सा है।

करनाल के चावल मिल मालिक नीरज कुमार ने कहा कि कल संघर्ष शुरू होने के बाद से अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। ईरान बासमती का हमारा सबसे बड़ा खरीदार है, जबकि इसका निर्यात यूएई, ओमान, यमन और इराक जैसे अन्य देशों में भी किया जाता है।

### सरकार-निर्यातकों-शिपिंग कंपनियों की बैठक आज

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और युद्ध के हालातों के बीच भारतीय व्यापार पर इसके प्रभाव का आकलन करने के लिए वाणिज्य मंत्रालय ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में निर्यातकों, शिपिंग कंपनियों और विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि तेजी से बदलते हालात के बीच भारतीय व्यापार पर इसके असर को समझने के लिए आयोजित इस बैठक में कुछ लोग सीधे और कुछ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये शामिल होंगे। निर्यातकों ने गहरी चिंता व्यक्त की है कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से होर्मुज जलडमरूमध्य और बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग प्रभावित होंगे।

# इजराइल: हाइफा बंदरगाह पूरी तरह सुरक्षित: अदाणी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

ईरान के साथ बढ़ते सैन्य संघर्ष के बीच अदाणी समूह ने रविवार को कहा कि इजराइल स्थित उसका 'हाइफा बंदरगाह' पूरी तरह सुरक्षित है और परिचालन की स्थिति में है। अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकॉनमिक जोन (एपीएसईजेड) ने एक बयान में कहा कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और बंदरगाह की सभी संपत्तियां तथा बुनियादी ढांचा पूरी तरह सुरक्षित है। अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान के खिलाफ एक सैन्य अभियान शुरू किया, जिसमें उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें हाइफा को भी निशाना बनाया गया है।

बयान में कहा गया, "हाइफा पोर्ट कंपनी पुष्टि करती है कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। बंदरगाह की सभी संपत्तियां और बुनियादी ढांचा पूरी तरह सुरक्षित एवं परिचालन की स्थिति में है।" हालांकि, बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ईरान के किसी ड्रोन या मिसाइल ने बंदरगाह को नुकसान पहुंचाया है या नहीं।

### तेल आपूर्ति पर कोई बड़ा खतरा नहीं, बढ़ सकती हैं कीमतें

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** ईरान में गहराते संकट के कारण भारत को कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और व्यापक आर्थिक प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है। विश्लेषकों की राय में हालांकि, देश की तेल आपूर्ति श्रृंखला को अभी तक किसी संरचनात्मक असुरक्षा का सामना नहीं करना पड़ा है। होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास बढ़ते तनाव ने ब्रेंट क्रूड की कीमतों को 73 डॉलर प्रति बैरल के सात महीने के उच्चस्तर तक पहुंचा दिया है। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजारों में भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ गया है, जिससे मुद्रास्फीति और चालू खाते के घाटे (सीएडी) पर दबाव बढ़ सकता है। हालांकि, निकट भविष्य में तेल आपूर्ति बाधित होने की संभावना कम है। केपलर के शीर्ष शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा कि मौजूदा स्थिति में शुरुआती प्रभाव मात्रा के बजाय कीमत आधारित होने की संभावना है।

# टॉप नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.18 हजार करोड़ रुपये घटा

**मुंबई, एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही भारी गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल नौ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 2,18,902 करोड़ रुपये घट गया जबकि हिंदुस्तान यूनीलिवर (एचयूएल) को एमकैप में फायदा हुआ है। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का एमकैप सबसे ज्यादा 55,852 करोड़ रुपये घट गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 37,580 करोड़ रुपये और विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का 34,846 करोड़ रुपये घट गया। बजाज फाइनेंस को एमकैप में 20,316 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस को 18,181 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सार्वजनिक

● **एयरटेल का एमकैप सर्वाधिक 55,852 करोड़ रुपये घटा**

क्षेत्र के एलआईसी का एमकैप 14,990 करोड़ रुपये कम हुआ। निर्माण एवं अभियांत्रिकी कंपनी एलएंडटी का बाजार पूंजीकरण 13,715 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का 13,061 करोड़ रुपये घट गया। आईसीआईसीआई बैंक को एमकैप में 10,360 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। एफएमसीजी कंपनी एचयूएल का एमकैप 5,463 करोड़ रुपये बढ़ा। बाजार पूंजीकरण के मामले में 18,86,833 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम है।

एचडीएफसी बैंक 13,65,659 करोड़ रुपये के साथ दूसरे और स्टेट बैंक 11,09520 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर है।

## धूत भाइयों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही पर रोक से इनकार

**नयी दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने कर्ज में डूबी वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज द्वारा कर्ज अदायगी में की गई चूक के मामले में धूत भाइयों - राजकुमार नंदलाल धूत और प्रदीप नंदलाल धूत की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया है, जिसमें उनके खिलाफ व्यक्तिगत दिवाला कार्यवाही शुरू करने को चुनौती दी गई थी।

धूत भाइयों के खिलाफ दिवाला कार्यवाही तब शुरू की गई थी, जब एसबीआई ने वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज द्वारा ऋण चूक पर 5,353.78 करोड़ रुपये की मांग का नोटिस जारी किया था। वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज मुख्य कर्जदार थी, जिसके लिए ये दोनों भाई व्यक्तिगत गारंटर थे। एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने पिछले साल जून में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ के पारित उन आदेशों को बरकरार रखते हुए इन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

# पहली अप्रैल से लागू होगी सीमा शुल्क बाद में भुगतान की योजना 'ईएमआई'

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कहा है कि पात्र विनिर्माता आयातक (ईएमआई) योजना एक अप्रैल से लागू होगी। इसके तहत आयातक बिना सीमा शुल्क दिए अपने आयातित सामान निकाल सकेंगे। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि बाद में सीमा शुल्क भुगतान की सुविधा उन पात्र विनिर्माता आयातकों (ईएमआई) के लिए उपलब्ध होगी जो सीमा शुल्क, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अनुपालन, कारोबार, वित्तीय स्थिति अपने पिछले रिकॉर्ड से जुड़े तय मापदंड को पूरा करते हैं।

मंत्रालय ने कहा कि इस सुधार से कारोबार सुगमता की स्थिति बेहतर होगी, अनुपालन संस्कृति मजबूत होगी। एईओ (अधिकृत आर्थिक परिचालक) कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर भागीदारी को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने में मदद मिलेगी। मौजूदा एईओ-टी1 (अधिकृत आर्थिक परिचालक-




टी1) इकाई, जिनमें सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) भी शामिल हैं, जो पात्रता की शर्तें पूरी करते हैं, वे भी इस योजना के पात्र होंगे।

इसमें आगे कहा गया कि यह सुविधा एक अप्रैल, 2026 से उपलब्ध होगी, और 31 मार्च, 2028 तक लागू रहेगी।'''' इस पहल के तहत, ईएमआई से आयातित सामान लिया जा सकेगा, लेकिन उस समय सीमा शुल्क नहीं देना होगा। इसके बजाय, लागू शुल्क का भुगतान ''आयात शुल्क का बाद में भुगतान नियम-2016'' के तहत बाद में किया जा सकेगा। इससे विनिर्माता बेहतर तरीके से अपने नकदी प्रवाह और कार्यशील पूंजी का प्रबंधन कर सकेंगे।

ईएमआई योजना को भरोसे पर आधारित सुविधा के तौर पर डिजाइन किया गया है, जो नियमों का पालन करने वाले विनिर्माताओं को आसान प्रक्रिया का लाभ उठाने का अवसर देती है। इसके अलावा इससे अनुपालन को भी बढ़ावा मिलेगा। योजना की अवधि के दौरान, पात्र विनिर्माता आयातकों से से उम्मीद की जाती है कि वे धीरे-धीरे एईओ-टी2 या एईओ-टी3 का दर्जा हासिल कर लेंगे, जिससे एईओ कार्यक्रम के तहत उन्हें बेहतर सुविधा, तेज मंजूरी और प्राथमिकता वाला दर्जा मिल सके।

## राज्यों के बॉन्ड निर्गम में 'रीइश्यू' की 18.5 प्रतिशत हिस्सेदारी

**मुंबई, एजेंसी।** कुल राज्य विकास ऋण (एसडीएल) उधारी में 'रीइश्यू' (पुनर्निर्गम) की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 18.5 प्रतिशत हो गई है। यह पिछले सात साल का उच्चतम स्तर है। इससे पता चलता है कि राज्यों में अपनी बढ़ी हुई वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा प्रतिभूतियों को फिर से खोलने का रुझान बढ़ रहा है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के आधार पर एजेंसी द्वारा संकलित जानकारी के अनुसार, राज्यों ने वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 10,32,788.8 करोड़ रुपये के एसडीएल निर्गम में लगभग 1,90,970 करोड़ रुपये पुनर्निर्गम के जरिये जुटाए। यह अनुपात वित्त वर्ष 2019-20 में दर्ज 17.29 प्रतिशत से अधिक है और पिछले कम से कम सात वित्त वर्षों में सबसे ऊंचा स्तर है।

**विस्तार** — यूनिफॉर्म से लेकर एआई तक अगुवा बनने का इरादा

# अब शिक्षा क्षेत्र में दांव लगाने को तैयार मफतलाल समूह

**नयी दिल्ली, एजेंसी।**

कभी मशहूर कपड़ा ब्रांड रहा अरविंद मफतलाल समूह अब शिक्षा क्षेत्र में बड़ा दांव लगाने जा रहा है। समूह का इरादा यूनिफॉर्म (स्कूलों, अस्पतालों में इस्तेमाल होने वाली वर्दी) से लेकर कृत्रिम मेधा (एआई) तक की पेशकश करने का है। समूहके वाइस-चेयरमैन प्रियव्रत मफतलाल ने यह जानकारी दी।

समूह की प्रमुख कंपनी मफतलाल इंडस्ट्रीज कपड़ा, विशेषरूप से यूनिफॉर्म क्षेत्र पर खास ध्यान देगी। इसके साथ ही कंपनी प्रौद्योगिकी, भविष्य के कौशल, उद्यमिता और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता क्षेत्र पर भी ध्यान केंद्रित करेगी। परिवार की तीसरी पीढ़ी से जुड़े प्रियव्रत मफतलाल ने एजेंसी के साथ साक्षात्कार में समूह की दीर्घावधि की महत्वाकांक्षा के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हम सिर्फ कपड़ा क्षेत्र के अलावा और भी बहुत कुछ कर रहे हैं...।

मफतलाल इंडस्ट्रीज जिसकी 120 साल से ज्यादा की विरासत है। स्कूल, कॉरपोरेट और अस्पतालों के लिए यूनिफॉर्म या वर्दी बनाने वाली एक बड़ी कंपनी है। समूह की दूसरी कंपनियों में रबड़ केमिकल बनाने वाली एनओसीआईएल, भविष्य के कौशल पर केंद्रित लर्निंग स्टार्टअप '' गेट सेट लर्न'' और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी व्रत टेक साल्यूशंस शामिल हैं।



प्रियव्रत मफतलाल

उन्होंने कहा कि कपड़ा स्पष्ट तौर पर हमारा मुख्य क्षेत्र है। यूनिफॉर्म ऐसी चीज़ है जिसे हम बदलना चाहते हैं...आज किसी के पास कपड़ा खरीदने, दर्जी के पास जाने का समय नहीं है। आप चाहते हैं कि सिलेसिलाए कपड़े आपके घर आएं, खासकर यूनिफॉर्म के लिए।'

मफतलाल ने कहा, हालांकि कुछ कंपनियां घर पर रेडिमेड यूनिफॉर्म की आपूर्ति कर रही हैं, लेकिन अगर हम इसे बड़े पैमाने पर कर सकें, तो यह एक बड़ा बदलाव होगा। शिक्षा के क्षेत्र में, उन्होंने कहा कि समूह स्तर पर, हम शायद दुनिया के अकेले या उन कुछ खिलाड़ियों में से एक के तौर पर स्थापित होना चाहेंगे जो आपको यूनिफॉर्म से लेकर एआई तक सब कुछ दे रहे हैं।

बताया-हम सरकारी स्कूलों में कक्षाओं को डिजिटल कर रहे हैं। उन्हीं सरकारी स्कूलों के साथ, अब हम आईसीटी लैब, पीएल लैब और रोबोटिक लैब बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। हम उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। 'गेट सेट लर्न' का ज़िक्र करते हुए, मफतलाल ने कहा कि यह सिर्फ भविष्य के कौशल... उद्यमिता और भविष्य के उद्यमिता रोबोटिक्स, एआई, करियर और जीवन में काम आने वाले कौशल पर काम कर रही है। हम इसे दुनिया के कुछ सबसे बड़े नामों जैसे हार्वर्ड, कैम्ब्रिज, आईआईटी गुवाहाटी, आईआईटी रुड़की, वीईएक्स... के साथ बना रहे हैं। वे भविष्य के कौशल के तहत आने वाले इस सफर पर मिलकर चलने के लिए हमारे साथ भागीदारी कर रहे हैं। यह बताते हुए कि समूह स्वच्छता क्षेत्र में स्क्रब, अस्पताल कर्मियों द्वारा पहनी जाने वाली वर्दी, डायपर और सैनिटरी नैपकिन में भी मुख्य रूप से शामिल है।

# सावधान! 'सिम बाइंडिंग' नियम लागू बिना सिम कार्ड नहीं चलेगा व्हाट्सएप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में डिजिटल सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के लिए भारत सरकार ने आज पहली मार्च 2026 से मैसेजिंग ऐप्स के लिए नए 'सिम बाइंडिंग' नियमों को अनिवार्य कर दिया है। अब व्हाट्सएप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे प्लेटफॉर्म्स का उपयोग केवल तभी किया जा सकेगा जब संबंधित मोबाइल नंबर का फिजिकल सिम कार्ड डिवाइस में सक्रिय रूप से मौजूद हो।

**क्या है नया नियम?**

दूरसंचार विभाग के टेलीकॉम साइबर सिक्योरिटी (टीसीएस) रूल्स, 2024 के तहत अब मैसेजिंग ऐप्स का सीधा जुड़ाव




सक्रिय सिम कार्ड से होगा। पहले केवल एक बार ओटीपी के जरिए वेरिफिकेशन होता था, जिसके बाद सिम हटा देने पर भी ऐप चलता रहता था। लेकिन अब सिम कार्ड निकालते ही या इनएक्टिव होते ही व्हाट्सएप काम करना बंद कर देगा। व्हाट्सएप वेब पर भी सख्ती डेस्कटॉप या लैपटॉप पर व्हाट्सएप वेब इस्तेमाल करने वालों को अब हर 6 घंटे में ऑटो-लॉगआउट का सामना करना पड़ेगा। दोबारा लॉगिन के लिए यूजर को अपने उसी प्राइमरी फोन की जरूरत होगी जिसमें सिम कार्ड लगा है।

यह कदम साइबर अपराधियों द्वारा वेब वर्जन के जरिए किए जाने वाले अवैध एक्सेस को रोकने के लिए उठाया गया है।

**इन ऐप्स पर पड़ेगा असर**

यह नियम उन सभी ऐप्स पर लागू है जो मोबाइल नंबर आधारित लॉगिन का उपयोग करते हैं, जिनमें WhatsApp, Telegram, Signal, Snapchat, JioChat और Arattai शामिल हैं।

# अफगानिस्तान ने बगराम एयरबेस पर पाकिस्तानी हमले को किया नाकाम

काबुल, एजेंसी

पाकिस्तानी सेना ने रविवार सुबह बगराम एयरबेस पर हमला करने की कोशिश की लेकिन देश की रक्षा प्रणाली ने इसे नाकाम कर दिया । पझवोक अफगान न्यूज के हवाले से यह जानकारी दी गयी है। प्रांतीय पुलिस मुख्यालय ने कहा कि सुबह करीब 5:00 बजे पाकिस्तानी सेना के कई जेट विमानों ने बगराम एयरबेस पर हवाई हमले किए।

बयान में कहा गया, बगराम की बहादुर रक्षात्मक और वायु सेना के तुरंत जवाब से दुश्मन की हरकतों को बेअसर कर दिया गया और एक जरूरी तथा निर्णायक जवाब दिया

- पाकिस्तानी वायुसेना ने रविवार सुबह की थी हमले की कोशिश



गया। अब तक इलाके में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और स्थिति पूरी तरह से सुरक्षा बलों के नियंत्रण में है। पुलिस मुख्यालय ने इस बात पर जोर दिया कि देश के हवाई क्षेत्र और देश की आजादी की रक्षा करना एक बुनियादी और अहम जिम्मेदारी है। अफगानिस्तान के इलाके, लोगों या मूल्यों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का जवाब सही और निर्णायक तरीकों से दिया जाएगा। गौरतलब है कि 21 फरवरी को पाकिस्तानी सेना ने पक्तिका में एक मदरसे और नंगरहार में रिहायशी इलाकों पर हवाई हमले किए, जिसमें दस से अधिक लोगों की मौत हो गयी थी। इसके बाद 27 फरवरी को अफगानिस्तान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने डूरंड रेखा पर पाकिस्तानी सेना की चौकियों और सैन्य केंद्रों पर जवाबी हमले किए, जिसमें पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान हुआ।

## क्या टूट जाएगी तेल की धारा

# होर्मुज जलडमरूमध्य

होर्मुज जलडमरूमध्य वर्तमान वैश्विक भू-राजनीति और अर्थव्यवस्था का वह चोक पॉइंट है, जिसकी धड़कनें रुकने का अर्थ है पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था का थम जाना। इसे दुनिया की तेल की जीवन रेखा कहा जाता है। जब भी मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ता है, चाहे वह ईरान-इजराइल संघर्ष हो या ईरान-अमेरिका टकराव, ईरान अक्सर इस रास्ते को बंद करने की धमकी देता है। इस बार अमेरिकी-इजराइली हमले के बाद भी उसने यह धमकी दी है। ईरान के पास इस जलडमरूमध्य की भौगोलिक स्थिति का लाभ है, इसका पूरा उत्तरी तट ईरान के नियंत्रण में है। यदि ईरान इस रास्ते को बंद करता है, तो केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि एक वैश्विक आर्थिक सुनामी होगी। तेल की कीमतों में उछाल, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का टूटना और ऊर्जा सुरक्षा पर मंडराता खतरा दुनिया को एक गहरी मंदी की ओर धकेल सकता है।



### कच्चे तेल का अहम रास्ता

- होर्मुज जलडमरूमध्य केवल पानी का एक संकरा रास्ता नहीं है, बल्कि यह आधुनिक सभ्यता के पहियों को घुमाने वाला मुख्य धमन मार्ग है। भौगोलिक दृष्टि से यह उत्तर में ईरान और दक्षिण में ओमान व संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच स्थित है। यह फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। इसकी सबसे कम चौड़ाई मात्र 33 किलोमीटर के आसपास है, लेकिन इसका महत्व इसकी चौड़ाई से कहीं अधिक विशाल है। दुनिया भर में खपत होने वाले कुल कच्चे तेल का लगभग 20% से 30% हिस्सा इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है। सांख्यिकीय दृष्टि से देखें तो प्रतिदिन लगभग 1.9 से 2.1 करोड़ बैरल तेल यहाँ से टैंकरों के माध्यम से निकलता है।

### भारत के लिए गहरा संकट

- भारत अपनी जरूरत का 85% कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें से एक बड़ा हिस्सा फारस की खाड़ी से आता है।
- आर्थिक झटका : तेल की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी भी भारत के राजकोषीय घाटे को बढ़ा देती है। यदि कीमतें दोगुनी हुईं, तो भारतीय रुपया ऐतिहासिक गिरावट देख सकता है।
- पेट्रोल-डीजल के दाम : देश में ईंधन की कीमतें आसमान छूने लगेंगी, जिससे माल ढुलाई महंगी होगी और आम आदमी की थाली पर सीधा असर पड़ेगा।
- ऊर्जा सुरक्षा : भारत के रणनीतिक तेल भंडार केवल कुछ ही दिनों की आपूर्ति सुनिश्चित कर सकते हैं। लंबे समय तक रास्ता बंद रहने पर उद्योग ठप हो सकते हैं।
- प्रवासी भारतीय : खाड़ी देशों में लाखों भारतीय काम करते हैं। युद्ध की स्थिति में उनकी सुरक्षा और वहां से आने वाले रेमिटेंस (धन प्रेषण) पर खतरा मंडराएगा।

### दुनिया के सामने क्या हैं विकल्प

- पाइपलाइन का विस्तार : सऊदी अरब ने ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन बनाई है जो तेल को लाल सागर तक ले जा सकती है। इसी तरह यूएई ने हबशान-फुजैराह पाइपलाइन बनाई है।
- रणनीतिक भंडार : भारत, अमेरिका और चीन जैसे देश अपने जमीन के नीचे स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व कर रहे हैं ताकि संकट के समय 15-90 दिनों तक काम चल सके।
- नवीकरणीय ऊर्जा : इस निर्भरता को कम करने का दीर्घकालिक समाधान सौर, पवन और हाइड्रोजन ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ना है।
- कूटनीति : अमेरिकी टास्क फोर्स इस क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अजय डबास डेल्टा फोर्स के जीओसी बने

**जम्मू।** मेजर जनरल अजय सिंह डबास ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद-रोधी बल (डेल्टा) की कमान संभाल ली है। उन्होंने मेजर जनरल ए.पी. एस. बल का स्थान लिया है। डेल्टा फोर्स का गठन पांच सितंबर 1994 को हुआ था और इसका मुख्यालय रामबन जिले के बटोटे क्षेत्र में स्थित है। यह बल चेनाब घाटी के रामबन, किश्तवाड़ और डोडा जिलों में आतंकवाद को काफी हद तक समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। पदभार संभालने के बाद, मेजर जनरल डबास ने युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

### पॉकेट पॉटर्स सीरीज में दो नई पुस्तकें जारी

**नई दिल्ली।** ब्लूम्सबरी इंडिया ने अपनी पॉकेट पॉटर्स सीरीज में दो नई पुस्तकें जारी कीं, जिनमें हैरी पॉटर के अलग-अलग पात्रों से जुड़ी कहानियों के अहम पल और मजेदार जानकारियां शामिल हैं। ये दोनों पुस्तकें लूना लवगुड और एल्बस डंबलडोर के किरदारों को समर्पित हैं। पिछले साल हैरी पॉटर, रॉन वीस्ली और हर्मियोनी ग्रेंजर पर आधारित पुस्तकें पॉकेट पॉटर्स के नाम से जारी हुई थीं। भारत में हैरी पॉटर के आधिकारिक प्रकाशक ब्लूम्सबरी ने बताया कि डॉबी और हैग्रिड पर आधारित अतिरिक्त पुस्तकें अगस्त में जारी किए जाने की योजना है।

### सीजेआई ने तिरुमला मंदिर में की पूजा

**तिरुमला।** मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने रविवार सुबह विश्व प्रसिद्ध तिरुमला मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सीजेआई का पद संभालने के बाद शनिवार शाम मंदिर नगरी का अपना पहला दौरा किया है। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के पुजारियों और अधिकारियों ने मुख्य मंदिर परिसर के महाद्वारम पर आगमन के समय उनका पारंपरिक स्वागत किया।

### कूनो नदी में घड़ियाल और कछुओं को छोड़ा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान स्थित (केएनपी) कूनो नदी में घड़ियाल और कछुओं को छोड़ा तथा इसे वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यादव ने राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य के तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय उद्यान के अंदर पालपुर किले के पास कूनो नदी में 53 घड़ियाल और 25 कछुओं को छोड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि घड़ियाल और कछुओं की आबादी का संरक्षण और संवर्धन किया जा रहा है।

# कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया

## प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र शासित प्रदेश में एक जनसभा में विपक्षी पार्टी पर साधा निशाना

- पुडुचेरी में 2700 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की

पुडुचेरी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि इस केंद्र शासित प्रदेश में उसका शासन राजनीतिक अस्थिरता और भ्रष्टाचार से ग्रस्त था, तथा यह केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली में एक परिवार के लिए एटीएम की तरह था। द्रमुक पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि जनता पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में हो रहे घोटालों की एक लंबी सूची देख सकती है, जहां द्रविड़ पार्टी का शासन है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पुडुचेरी में कांग्रेस के पूर्व शासनकाल के दौरान राशन की दुकानों में चावल नहीं था, वेतन में देरी होती थी, और सड़कों पर गुंडे तथा ड्रग माफिया का राज था। मोदी ने यहां नई परियोजनाओं की शुरुआत और नई पहलों के लिए आधारशिला रखने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि कांग्रेस ने पुडुचेरी को दिल्ली में बैठे एक परिवार के लिए एटीएम बना दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और द्रमुक पुडुचेरी के विकास पथ में गतिरोधक बन गए हैं। यहां 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पुडुचेरी को केवल राज्यों के लिए बनाई गई पूंजी निवेश से जुड़ी विशेष सहायता योजना में शामिल किया है।

स्वतंत्रता आंदोलन में पुडुचेरी क्षेत्र की भूमिका की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक हमें एक विकसित पुडुचेरी, एक विकसित भारत का निर्माण करना होगा, पुडुचेरी की डबल इंजन सरकार इस मिशन में आपके साथ है और हम सर्वश्रेष्ठ पुडुचेरी के लिए काम करते रहेंगे।



पुडुचेरी में कई परियोजनाओं की आधारशिला रखने के दौरान प्रधानमंत्री मोदी।

### युवाओं के सपने साकार करने को कर रहे काम

मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने पुडुचेरी को विशेष पूंजी निवेश सहायता योजना में शामिल किया है, जो केवल राज्यों के लिए है। उन्होंने कहा कि इस कदम से सड़कों सहित बेहतर बुनियादी ढांचे के रूप में केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पांडिचेरी विश्वविद्यालय में भी बुनियादी ढांचे का उन्नयन किया गया है। उन्होंने कहा, सशक्त युवा ही विकास की नींव हैं। हम उनके सपनों को साकार करने के लिए काम कर रहे हैं। एनआईटी कराईकल में नया डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और आधुनिक छात्रावास सुविधाएं कई छात्रों के लिए तकनीकी शिक्षा को मजबूत करेंगी।

### पुडुचेरी को राज्य का दर्जा देने की मांग

एआईएनआरसी-भाजपा गठबंधन सरकार के प्रमुख मुख्यमंत्री एन रंगासामी ने प्रधानमंत्री से पुडुचेरी की राज्य का दर्जा देने की मांग को स्वीकार करने की अपील की। कार्यक्रम में अपने भाषण में उन्होंने कहा कि पुडुचेरी वर्षों से लगातार राज्य का दर्जा देने की गुहार लगा रहा है और प्रस्तावों के माध्यम से केंद्र से मांग कर रहा है। रंगासामी ने कहा कि विधानसभा में 13 मौकों पर प्रस्ताव पारित किए गए जिन्हें पुडुचेरी को राज्य का दर्जा देने के लिए केंद्र को भेजा गया। उन्होंने कहा कि राज्य का दर्जा देने की मांग पुडुचेरी के लोगों की आकांक्षा है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री हमारी मांग मान लेंगे।

## जम्मू में सुशासन सम्मेलन कराएगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार का प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग जम्मू-कश्मीर सरकार के सहयोग से तीन मार्च को जम्मू में एक-दिवसीय राष्ट्रीय सुशासन सम्मेलन का आयोजन करेगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य देश भर के जिलों द्वारा अपनाई गई उन नवोन्मेषी शासन पद्धतियों को प्रदर्शित और प्रसारित करना है, जिनसे सेवा वितरण, नागरिक कल्याण और स्थानीय विकास में सुधार हुआ है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन करेंगे। कार्मिक मंत्रालय के मुताबिक, सम्मेलन का विषय 'जिलों का समग्र विकासः विकसित भारत के लिए शासन में परिवर्तन' है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित 2023 और 2024 की योजनाओं को प्रदर्शित करने वाले सत्र से होगा, जिसमें एलुरु (आंध्र प्रदेश), गोमती (त्रिपुरा), कोरापुट (ओडिशा) और करगिल सहित विभिन्न जिलों एवं संस्थानों की प्रस्तुतियां शामिल होंगी। सम्मेलन में उन शासन मॉडल को प्रदर्शित किया जाएगा, जिन्हें लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों की विभिन्न श्रेणियों के तहत मान्यता प्राप्त हुई है।

# प. बंगाल की मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटाया गया

कूच बिहार, एजेंसी

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने किया दावा



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अवैध प्रवासियों का समय समाप्त हो गया है। नवीन का यह बयान पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची के प्रकाशन के एक दिन बाद है, जिसमें 63.66 लाख नाम हटा दिए गए हैं।

कूच बिहार में पार्टी की परिक्रमा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने आरोप लगाया कि जिन्हें मतदाता सूची से हटाया गया है वे घुसपैठिए थे, जो सरकारी नौकरियों और वास्तविक नागरिकों के लिए बनी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे थे। उन्होंने कहा, मतदाता सूची से 50 लाख से अधिक घुसपैठियों को हटा दिया गया है। ये न केवल वैध नागरिकों के अधिकारों का हनन कर रहे थे, बल्कि देश की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहे थे। नवीन ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फर्जी दस्तावेज हासिल करने में मदद करके घुसपैठियों को संरक्षण प्रदान किया। नवीन ने तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला करते हुए कहा, ममता बनर्जी ने मतदाता सूची में घुसपैठियों को बचाने के लिए अदालतों का रुख किया।

### तो मूल निवासी अल्पसंख्यक बन जाएंगे: नड्डा

कृष्णानगर। केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर घुसपैठियों की मदद का आरोप लगाते हुए दावा किया कि इसके कारण पश्चिम बंगाल के मूल निवासी अल्पसंख्यक हो जाएंगे। नड्डा ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस राज्य को घुसपैठियों का केंद्र बनाने की कोशिश कर रही है।

# विकसित भारत युवाओं की आकांक्षाओं पर आधारित

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- परमेश्वरन स्मृति व्याख्यानमाला में बोले केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत 2047 का विजन भारत के युवाओं की आकांक्षाओं में निहित है। उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भविष्य के लिए तैयार नवाचार से होने वाले बदलावों के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की।

सिंह ने शनिवार को यहां पांचवें पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान में इस बात पर जोर दिया कि 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा सशक्त युवा प्रतिभाओं, एक मजबूत अनुसंधान प्रणाली और साहसिक नीतिगत सुधारों पर आधारित होगी। विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री ने कहा कि 'विकसित भारत' देश के युवाओं को समर्पित है और केंद्र सरकार ने युवा सशक्तिकरण को शासन के केंद्र में रखा है। सिंह ने प्रमुख योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए विवि व संस्थानों में अनुसंधान संस्कृति को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना, साथ ही अटल नवाचार मिशन और अटल टिंकरिंग लैब का उल्लेख किया, जो स्कूली विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, भारत ने वैश्विक नवाचार सूचकांक में प्रगति की है, जो नवाचार और अनुसंधान के केंद्र के रूप में इसकी बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती है।

## महासमुंद जिले में 15 नक्सलियों ने डाले हथियार

**महासमुंद।** माओवदियों के संगठन में विशेष क्षेत्रीय समिति स्तर के सदस्य विकास सहित 15 नक्सलियों ने रविवार को महासमुंद जिले में सुरक्षाकर्मियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में नौ महिलाएं भी शामिल हैं। ये नक्सली प्रतिबंधित संगठन के बालांगीर-बरगढ़-महासमुंद डिवीजन से संबंधित थे और छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर सक्रिय थे। छत्तीसगढ़ के गृह विभाग की भी जिम्मेदार संभाल रहे शर्मा ने इस घटनाक्रम को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# प्रशिक्षण देने त्रिंकोमाली पहुंचा आईएनएस तरंगिनी

नई दिल्ली/कोलंबो, एजेंसी

- श्रीलंका की नौसेना के चयनित जवान पोत पर होंगे सवार

भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण पोत आईएनएस तरंगिनी एक प्रशिक्षण यात्रा के हिस्से के रूप में श्रीलंका के त्रिंकोमाली बंदरगाह पहुंच गया है। नौसेना प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि यात्रा के दौरान तरंगिनी के कमांडिंग ऑफिसर ने पूर्वी नौसेना क्षेत्र के उप कमांडर कोमोडोर हरिता जयदेवत से मुलाकात की और पाल प्रशिक्षण में सहयोग पर चर्चा की।

जहाज ने श्रीलंकाई सैनिकों, उनके परिवारों और प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए जहाज पर एक परिचय दौरे की मेजबानी की। जहाज के इस बंदरगाह प्रवास के दौरान सामुदायिक जुड़ाव गतिविधियों और प्रशिक्षण आदान-प्रदान की योजना बनाई गई है। श्रीलंका नौसेना और समुद्री अकादमी के चयनित प्रशिक्षु अधिकारी कोलंबो तक की यात्रा के लिए आईएनएस तरंगिनी पर सवार होंगे। इस यात्रा के दौरान, प्रशिक्षुओं को पाल प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया जाएगा। आईएनएस तरंगिनी की संकल्पना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध डिजाइनर कॉलिन मुडी ने की थी और इसका निर्माण स्वदेशी रूप से गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में किया गया था। पोत में एक मजबूत स्टील हल है और एल्युमीनियम डेकहाउस है और सागौन लकड़ी की बारीक नक्काशी से इसके आंतरिक भाग को सजाया गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज व्यवसाय में वृद्धि हेतु कुछ धन का निवेश कर सकते हैं। पुराने संपर्क से लाभ होगा। शाम को कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला** — आज नया वाहन खरीदने का मन बना सकते हैं। सामाजिक कार्यों के कारण लोकप्रियता बढ़ेगी। धैर्यवान होकर समस्या का समाधान खोजें।

**वृष** — आज नया काम शुरु न करें। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व कम होगा। कानूनी पचड़ों में घिरने की आशंका है।

**वृश्चिक** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। अनुभवी लोगों से आपके संबंध मधुर होंगे।

**मिथुन** — आज घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। बिजनेस में नए अनुबंध हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

**धनु** — आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। शरीर मे थकावट व ऊर्जा में कमी महसूस करेंगे। काम का दबाव बढ़ने से आप थोड़े नाखुश रहेंगे।

**कर्क** — आज आपकी योजनाएं समय पर पूर्ण होंगी। कारोबार में नए प्रयोग लाभकारी हो सकते हैं। मेहनत का सुखद परिणाम प्राप्त होगा।

**मकर** — आज कोई बड़ा निर्णय न लें। व्यापार में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। नई जॉब ढूंढ रहे लोगों को परेशानी होगी।

**सिंह** — आज अव्यावहारिक निर्णय लेने से आपको बचना चाहिए। प्रेम-संबंधों में निकटता बढ़ेगी। धार्मिक लोग किसी साधना को लेकर विचारशील रहेंगे।

**कुंभ** — आज अपनी क्षमता से अधिक खर्च का बजट न बनाएं। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में बॉस से बहस होने की आशंका है।

**कन्या** — आज सहकर्मी आपकी सहायता करेंगे। संपत्ति के विवादों में समझौता हो सकता है। कार्यक्षेत्र में विरोधी परेशान कर सकते हैं।

**मीन** — आज प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सम्मान व आर्थिक लाभ दोनों प्राप्त होंगे। आप अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे।

# सिद्धार्थ चटर्जी वियना स्थित थिंक टैंक की संभालेंगे कमान

बीजिंग, एजेंसी

- बनाए गए ग्लोबल नेबर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी

संयुक्त राष्ट्र के भारतीय मूल के अनुभवी राजनयिक सिद्धार्थ चटर्जी को वियना स्थित थिंक टैंक ग्लोबल नेबर्स का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। चीन में रविवार को संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर (आरसी) के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद चटर्जी (62) की यह नियुक्ति हुई है।

चीन में 2021 में संयुक्त राष्ट्र के 26 कार्यालयों के प्रमुख के रूप में उनकी नियुक्ति काफी चर्चा में रही थी क्योंकि यह पूर्वी लद्दाख गतिरोध को लेकर भारत-चीन तनाव के बीच हुई थी। भारत में पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के पूर्व छात्र रहे चटर्जी ने संयुक्त राष्ट्र में शामिल होने से पहले भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दी थीं और उन्हें 1995 में वीरता के लिए सम्मानित किया गया था। ग्लोबल नेबर्स द्वारा जारी बयान में कहा गया कि चटर्जी को दो मार्च से प्रभावी रूप से इसका सीईओ नियुक्त किया गया है। ग्लोबल नेबर्सकी स्थापना 2022 में उद्यमी जोवांका पोर्श, ऑस्ट्रिया के पूर्व चांसलर क्रिश्चियन केर्न और जर्मनी के पूर्व उप-चांसलर फिलिप रोस्लर ने की थी। इसका उद्देश्य व्यापार, राजनीति और समाज के हितधारकों के बीच तथ्य-आधारित संवाद के लिए एक मंच तैयार कर यूरोप, एशिया और अन्य क्षेत्रों के बीच सेतु का निर्माण करना है।

## भारतीय संगीत परंपरा

### उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने केरल के त्रिशूर में रखी चेतना गणाश्रम की नींव

# लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है संगीत

- भारत में संगीत की समृद्ध परंपरा हजारों साल पुरानी

त्रिशूर (केरल), एजेंसी

उपराष्ट्रपति सीपी. राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि भारत में संगीत एक ऐसा शक्तिशाली सूत्र है, जो लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है। उन्होंने यहां नादतारा में कुरियाकोस इलियास सर्विस सोसाइटी की पहल गणाश्रम (संगीत-आध्यात्मिक केंद्र) के शिलान्यास समारोह में यह बात कही। राधाकृष्णन ने कहा, भारत की अपनी समृद्ध संगीत परंपरा है, जो हजारों साल पुरानी है।

भारत का संगीत एक आध्यात्मिक सफर, ध्यान, प्रार्थना और जीवन का उत्सव है। संगीत लाखों दिलों को एक लय में पिरोता है। उन्होंने कहा कि भारत की बात करते समय हम एक प्राचीन सभ्यता की बात करते हैं, जिसकी आत्मा संगीत में अपनी शुद्धतम अभिव्यक्ति पाती है। उन्होंने कहा, वेदों के स्तोत्रों से लेकर संतों की भावपूर्ण अभिव्यक्तियों तक, संगीत हमारी सभ्यता में पवित्र गंगा की तरह बहता रहा है। उन्होंने कहा कि सामवेद के मंत्र दुनिया में व्यवस्थित संगीत के शुरुआती आधारों में से हैं। उन्होंने कहा, चोल राजाओं द्वारा निर्मित मंदिरों में प्राचीन दक्षिण भारत की संगीत संस्कृति के जीवंत प्रमाण मिलते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि भारत की संगीत विरासत अत्यंत प्राचीन है। उन्होंने कहा कि भारत में संगीत परंपराओं की बड़ी विविधता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर की हिंदुस्तानी और दक्षिण की कर्नाटक शास्त्रीय परंपराएं ध्वनि की गहन प्रणालियां हैं, जिन्हें सदियों से महान गुरुओं ने समृद्ध किया है। उन्होंने कहा, त्यागराज की अमर रचनाएं आज भी मन में नयी उमंग भर देती हैं। तानसेन की प्रतिभा इतिहास में गूंजती है।




### हमारे भीतर की भावना से जुड़ता है सप्तस्वर

राधाकृष्णन ने कहा कि पश्चिमी संगीत हो या भारतीय, दुनिया भर में स्वर तो सात ही हैं। उन्होंने कहा, प्रत्येक सप्तस्वर हमारे भीतर की भावनाओं से जुड़ता है। एक सुकून देने वाला राग चिंता कम कर सकता है, भक्तिमय रचना मनोबल बढ़ा सकती है और जीवंत धुन ऊर्जा भर सकती है।" उन्होंने कहा, संगीत और ध्यान के जरिए सभी धर्मों के लोगों को एक आध्यात्मिक छत्र के नीचे लाने के लिए मैं गणाश्रम की सराहना करता हूं। राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में योग को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली है।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 2 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी 17 .55 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- अश्लेशा 19 .51 तक तत्पश्चात मघा।

## सुडोकू - 76 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 8 | 7 | 9 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 |
| 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 1 | 6 | 5 | 2 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |

## सुडोकू -77

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | | | 1 | | |
| | 5 | | 9 | 4 | | | 6 | 8 |
| 6 | | | | | 3 | 9 | | |
| 3 | 2 | | 7 | | | 6 | | 4 |
| | | 4 | | 2 | | | 5 | |
| 1 | | 9 | | | 6 | 8 | | 3 |
| | 1 | | 8 | | 4 | | | |
| | 9 | 6 | | | | 5 | | 7 |
| | | | 5 | | | 4 | | |




मुझे लगता है कि हम एक भी विभाग में रणनीति पर अमल नहीं कर पाए। गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बल्लेबाजों ने कुछ असाधारण शॉट खेले। हमने वापसी की कोशिश की लेकिन असफल रहे। बल्लेबाजी में भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल पाए।
–प्रतिका रावल


# स्टेडियम

बरेली, सोमवार, 2 मार्च 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com



जुझारू पारी के दौरान शॉट लगाते संजू सैमसन। एजेंसी

# 'संकटमोचक' सैमसन की यादगार पारी से भारत पहुंचा सेमीफाइनल में

## सुपर-8 के अंतिम मुकाबले में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया, 5 मार्च को इंग्लैंड से होगी टक्कर

**कोलकाता, एजेंसी**

संजू सैमसन ने 'संकटमोचक' की भूमिका निभाते हुए नाबाद 97 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने 'क्वार्टर फाइनल' की तरह रहे टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में रविवार को वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां पांच मार्च को उसका सामना इंग्लैंड से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में चार मार्च को दक्षिण अफ्रीका की टक्कर न्यूजीलैंड से होगी।

वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर चार विकेट पर 194 रन बनाए। खचाखच भरे ईडन गार्डंस पर भारत के फॉर्म में चल रहे सभी बल्लेबाज नाकाम रहे लेकिन संजू ने संभवतः अपने कैरियर की सबसे यादगार पारी खेलकर वेस्टइंडीज के जीत के अश्वमेधी अभियान में नकेल कसी। अभिषेक शर्मा ( 11 गेंद में 10 रन) एक बार फिर न सिर्फ बल्ले से नाकाम रहे बल्कि उन्होंने दो कैच भी टपकाये जबकि ईशान किशन भी दस रन बनाकर आउट हो गए। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 16 गेंद में 18 और तिलक वर्मा ने 15 गेंद में 27 रन बनाए। वहीं हार्दिक पंड्या 14 गेंद में 17 रन ही बना सके। वहीं संजू ने 50 गेंद की पारी में 12 चौके और चार छक्के लगाये और सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरकर 'फिनिशर' की भूमिका निभाकर लौटे। भारत ने चार गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। संजू ने 19वें ओवर में रोमारियो शेफर्ड को स्क्वेयर लेग में छक्का लगाया और अगली गेंद पर चौका जड़ दिया। इसके साथ ही इस मैदान पर 2016 टी20 विश्व कप जीतने वाली कैरेबियाई टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। जीत के बाद स्टैंड से ' मां तुझे सलाम' और 'चक दे इंडिया' जैसे गानों के बीच सैमसन घुटने के बल बैठे, हेलमेट उतारा और ईश्वर को याद किया। भारतीय टीम ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। संजू ने तीसरे विकेट के लिये सूर्यकुमार के साथ 58 रन की साझेदारी की। इसके बाद तिलक के साथ 26 गेंद में 42 रन जोड़े। संजू के लिए यह काफी भावुक पल रहा होगा जो टीम में भीतर बाहर होते रहे हैं।

पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 195 रन बनाए। रोस्टन चेस ने दो जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए 25 गेंद में 40 रन बनाए। उन्होंने शाइ होप के साथ पहले विकेट के लिये 68 रन की साझेदारी की। होप ने 33 गेंद में 32 रन बनाये। दोनों ने अच्छी शुरूआत करते भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाया। भारत ने हालांकि 12वें ओवर में वापसी की जब जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट चटकाये। इसके बाद हालांकि रोवमैन पॉवेल और जैसन होल्डर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए पांचवें विकेट के लिये सिर्फ 35 गेंद में 76 रन की अटूट साझेदारी की। पॉवेल ने 19 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों के साथ 34 रन बनाये जबकि होल्डर ने 22 गेंद में 37 रन बनाये जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल थे। बीच के ओवरों में बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन भारत ने उन्हें डैथ ओवरों के लिये बचाकर रखा जिसका कोई फायदा नहीं हुआ। पॉवेल ने अर्शदीप सिंह को 16वें ओवर में अच्छी खासी नसीहत देते हुए 24 रन निकाले।

अर्शदीप ने चार ओवर में 43 रन दिये और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। बुमराह ने चार ओवर में 36 रन देकर दो विकेट चटकाए। खचाखच भरे ईडन गार्डंस पर भारतीय टीम शुरूआत में दबाव में दिखी जब वेस्टइंडीज ने 53 गेंद में 68 रन जोड़ लिए। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर कप्तान होप और बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए चेस ने पहले ओवर में सिर्फ तीन रन बनाए।


जीत के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

### सुपर-8 ग्रुप 1

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. साउथ अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 2.259 |
| 2. भारत | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.106 |
| 3. वेस्टइंडीज़ | 3 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.993 |
| 4. जिम्बाब्वे | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -3.415 |

### सुपर-8 ग्रुप 2

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. इंग्लैंड | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 1.096 |
| 2. न्यूज़ीलैंड | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | 1.390 |
| 3. पाकिस्तान | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | -0.123 |
| 4. श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.950 |

### वेस्टइंडीज

**195/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| शाइ होप बो वरुण | 32 |
| रोस्टन चेस का सूर्यकुमार बो बुमराह | 40 |
| हेटमायेर का सैमसन बो बुमराह | 27 |
| रदरफोर्ड का सैमसन बो पंड्या | 14 |
| रोवमैन पॉवेल नाबाद | 34 |
| जैसन होल्डर नाबाद | 37 |

गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-43-0, पंड्या 4-0-40-1, अक्षर 4-0-35-0
बुमराह 4-0-36-2, वरुण 4-0-40-1

### भारत

**199/5** (19.2 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा का हेटमायेर बो हुसैन | 10 |
| संजू सैमसन नाबाद | 97 |
| ईशान किशन का हेटमायेर बो होल्डर | 10 |
| सूर्यकुमार का रदरफोर्ड बो जोसेफ | 18 |
| तिलक वर्मा का हेटमायेर बो होल्डर | 27 |
| हार्दिक पंड्या का होल्डर बो जोसेफ | 17 |
| शिवम दुबे नाबाद | 08 |

गेंदबाजी : हुसैन 2-0-22-1, फोर्डे 3-0-22-0, होल्डर 4-0-38-2, मोती 2-0-18-0, शेफर्ड 2.2-0-34-0, जोसेफ 4-0-42-2, चेस 2-0-18-0

### मैं भगवान का शुक्रगुजार हूं : संजू

प्लेयर ऑफ द मैच संजू सैमसन ने कहा- यह मेरे लिए पूरी दुनिया के समान है। मुझे इस पल का इंतजार था। मैं करियर में काफी उतार-चढ़ाव से गुजरा हूं, काफ़ी समय खुद पर शक करते हुए भी बीता है लेकिन मैं भगवान का शुक्र गुजार हूं। मैं 12 साल से आईपीएल और 10 साल से भारत के लिए खेल रहा हूं लेकिन मैंने ज़्यादा समय डगआउट में बिताया है और मैंने विराट कोहली और रोहित शर्मा से काफ़ी कुछ सीखा है। मैंने मुक़ाबले कम खेले हैं लेकिन मैंने लगभग 100 मुक़ाबले बाहर बैठकर देखे हैं और मैंने इस दौरान ऑब्ज़र्व किया है। मैं पार्टनरशिप बनाने पर ध्यान दे रहा था, मुझे नहीं पता था कि मैं ऐसी पारी खेलूंगा।

## हाईलाइट

### आकिब ने दिलाई जम्मू-कश्मीर को नई पहचान

**श्रीनगर।** आक़िब नबी ने जम्मू-कश्मीर को खेलों में दिलाई नई पहचान, ये जम्मू-कश्मीर के पूर्व कप्तान परवेज रसूल के शब्द थे जो आक़िब नबी का शुक्रिया अदा कर रहे थे। नबी ने 60 विकेट चटकाए जिसमें से 26 केवल नॉकआउट में ही आए थे और अपनी टीम को चैंपियन बनाया। छह साल पहले जनवरी 2020 में रसूल ने ही नबी को उनकी रणजी ट्रॉफ़ी की पहली कैप थमाई थी।

### गुकेश को नवारा ने बराबरी पर रोका

**प्राग (चेक गणराज्य)।** विश्व चैंपियन डी गुकेश का पहली जीत का इंतजार जारी रहा जब यहां प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के चौथे दौर में उन्हें चेक गणराज्य के डेविड नवारा ने बराबरी पर रोक दिया। नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरेस्ट ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव को हराकर चार मैच में तीसरी जीत के साथ बढ़त बना ली है लेकिन गत चैंपियन भारत के अरविंद चिदंबरम को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।


# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर शृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की

**होबार्ट, एजेंसी**

कप्तान एलिसा हीली ने 158 रन की पारी खेलकर शानदार अंदाज में वनडे क्रिकेट को अलविदा कहा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में विश्व चैंपियन भारत को 185 रन से हराकर श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप की।

पैंतीस साल की हीली का यह अंतिम वनडे मैच था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। इस 410 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर ऑल आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी।

हीली छह मार्च से भारत के खिलाफ पर्थ में एकमात्र गुलाबी गेंद का टेस्ट खेलने के बाद अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह देंगी। हीली ने 126 वनडे मैचों में 3777 रन बनाए हैं जिसमें आठ शतक और 19 अर्धशतक शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया ने फीबी लिचफील्ड (14) का विकेट जल्दी खो दिया लेकिन हीली और जॉर्जिया वोल (52 गेंद पर 62 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 134 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। हीली और मूनी ने भी तीसरे विकेट के लिए 145 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। अपना 126वां मैच खेल रही हीली ने आठवां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा जिसमें उन्होंने 27 चौके और दो छक्के मारे। वोल ने अपनी पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया जबकि मूनी की पारी में 10 चौके और एक छक्का शामिल रहा। अनाबेल सदरलैंड (23) और निकोला कैरी (15 गेंद में से 34 रन) ने आखिर में तेजी से रन बनाए।


शतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करतीं कप्तान एलिसा हीली। एजेंसी

- **कप्तान एलिसा हीली ने शतक के साथ वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास**

### किसी परीकथा जैसा था आखिरी मैच : हीली

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने रविवार को यहां तीसरे और आखिरी मैच में 158 रन की शानदार पारी खेलकर विश्व चैंपियन भारत पर 185 रन की जीत से वनडे से शानदार विदाई लेने के बाद क्रिकेट के भगवान का शुक्रिया अदा किया। पैंतीस साल की हीली के लिए यह किसी परीकथा जैसा आखिरी पल था जिनके 158 रन और बेथ मूनी के नाबाद 106 रन की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 409 रन का बड़ा स्कोर बनाया। भारतीय टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर आउट हो गई और तीन मैचों की सीरीज 0-3 से गंवा बैठी। 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुनी गई हीली ने मैच के बाद कहा मुझे लगता है कि हम कितना अजीब खेल खेलते हैं कि यह आपको इतनी बार नीचे गिरा सकता है और फिर आपको आज जैसे मौके दे सकता है। उन्होंने कहा मुझे हर उपलब्धि वाला मैच पसंद नहीं आया इसलिए आज बस क्रीज पर जाकर उसका मजा लेने का मौका था।

# दक्षिण अफ्रीका ग्रुप में टॉप पर जिम्बाब्वे खाता नहीं खोल सका


जीत दर्ज करने के बाद जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों से हाथ मिलाते साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी। एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कप्तान सिकंदर रजा (73 रन और तीन विकेट) के हरफनमौला खेल के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के औपचारिकता वाले मुकाबले में रविवार को यहां पांच विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में अब तब सभी मैचों में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। पहले ही सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर चुकी दक्षिण अफ्रीका की टीम इस जीत से सुपर आठ के ग्रुप एक में शीर्ष पर रही जबकि शुरुआती ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाला जिम्बाब्वे सुपर आठ में जीत का खाता खेलने में नाकाम रहा।

रजा की 43 गेंद में आठ चौके और चार छक्के समेत 73 रन की पारी के बावजूद जिम्बाब्वे की टीम सात विकेट पर 153 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका ने 17.5 ओवर में पांच विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका टीम अब सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करने के लिए कोलकाता जायेगी। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेवाल्ड ब्रेविस ने 18 गेंद में दो चौके और चार छक्के की मदद से 42 रन बनाये। उन्होंने चौथे विकेट के लिए डेविड मिलर (16 गेंद में 22 रन) के साथ 25 गेंद में 50 रन की साझेदारी की। रेयान रिकल्टन ने 22 गेंद में चार छक्के की मदद से 31 का योगदान दिया। जॉर्ज लिंडे (21 गेंद में नाबाद 30) और ट्रिस्टन स्टब्स (24 गेंद में नाबाद 21) ने छठे विकेट के लिए 44 गेंद में 53 रन की अटूट साझेदारी के साथ टीम की जीत पक्की कर दी। जिम्बाब्वे के लिए रजा ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए। रजा को बल्लेबाजी के दौरान दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। उनके अलावा क्लाइव मदांडे (नाबाद 26) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्वेन मफाका ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिये। कोर्बिन बोश को भी दो सफलता मिली लेकिन उन्होंने 40 रन लुटाये। जॉर्ज लिंडे, लुंगी एनगिडी, एनरिच नोर्किया को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को पहले ओवर में ही क्विंटन डिकॉक को खाता खोले बगैर चलता करने के बाद कप्तान एडेन मारक्रम (चार) को पवेलियन की राह दिखाई। डिकॉक का कैच विकेटकीपर मारुमनी ने लपका जबकि मारक्रम बोल्ड हुए।

- **जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने हरफनमौला खेल से सराहनीय प्रदर्शन किया**

### जिम्बाब्वे

**153/7** (17.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| तदिवानाशे मारुमनी बो मफाका | 07 |
| ब्रायन बेनेट का मारक्रम बो नोर्किया | 15 |
| डियोन मायर्स का ब्रेविस बो लिंडे | 11 |
| सिकंदर रजा का मिलर बो मफाका | 73 |
| रेयान बर्ल पगबाधा एनगिडी | 05 |
| टोनी मुनयोंगा बो बोश | 02 |
| क्लाइव मदांडे नाबाद | 26 |
| ब्रैड इवांस बो बोश | 08 |
| वेलिंगटन मसाकदजा नाबाद | 01 |

**गेंदबाजी :** लिंडे 3-0-22-1, मफाका 4-0-21-2, एनगिडी 4-0-29-1, नोर्किया 4-0-29-1, बोश 4-0-40-2, मारक्रम 1-0-11-0

### दक्षिण अफ्रीका

**154/5** (17.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| एडेन मार्करम बो सिकंदर रजा | 04 |
| डिकॉक का मारुमनी बो रजा | 00 |
| रेयान रिकेल्टन का बर्ल बो इवांस | 31 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का बर्ल बो रजा | 42 |
| मिलर का मायर्स बो मुजरबानी | 22 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 21 |
| जॉर्ज लिंडे नाबाद | 30 |

**गेंदबाजी :** रजा 4-0-29-3, मुजरबानी 3.5-0-22-1, इवांस 3-0-22-1, क्रीमर 2-0-27-0, मसाकद्जा 2-0-23-0, बर्ल 2-0-12-0

**13** गेंदें शेष रहते दक्षिण अफ्रीका ने हासिल किया लक्ष्य

## प्रतिक्रिया

### टी-20 विश्व कप से बाहर होने के बाद पूर्व क्रिकेटर बोले- दो साल बाद मिले मौकों को भुना नहीं पा रहे हम

# पाकिस्तान क्रिकेट जगत में फैली घोर निराशा



**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान ने भले ही अपना टी-20 विश्व कप अभियान जीत के साथ खत्म किया हो लेकिन इस बड़े टूर्नामेंट में टीम के प्रदर्शन से देश का क्रिकेट जगत बहुत निराश है।

पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने रविवार को कहा आपको अपने देश के क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन की छाप छोड़ने के लिए दो साल में एक मौका मिलता है और आप फिर से विफल हो जाते हैं। यह सब देखना बहुत निराशाजनक है। मियांदाद ने कहा कि ऊंची रैंकिंग वाली टीम के खिलाफ टीम का प्रदर्शन बहुत बड़ी चिंता की बात है और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अब कुछ बड़े फैसले लेने की जरूरत है।

पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने कहा कि कुछ खिलाड़ियों को टी20 क्रिकेट में खुद को स्थापित करने के लिए बहुत ज्यादा मौके दिए गए और वे बड़े टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा अब आगे बढ़ने और अपनी गलतियों से सीखने का समय है।

पूर्व कप्तान मोइन खान ने कहा कि जब तक पाकिस्तान ऊंची रैंकिंग वाली टीमों को नहीं हरा पाता, तब तक वह कभी भी आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीत पाएगा। उन्होंने दुख जताते हुए कहा आप कोई बड़ा टूर्नामेंट तब तक नहीं जीत सकते जब तक आपके पास शीर्ष टीमों को हराने की काबिलियत नहीं हो। बदकिस्मती से हमने चयन और मैदान पर बहुत सारी गलतियां की हैं। हमारे मुख्य खिलाड़ी विश्व कप में अच्छा नहीं कर पाए।

पूर्व कप्तान बाबर आजम, मौजूदा कप्तान सलमान अली आगा और शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद नवाज जैसे दूसरे सीनियर खिलाड़ियों की कड़ी आलोचना हो रही है। आगा के घर लौटने के बाद उन्हें कप्तानी के पद से हटाने की उम्मीद है।

पाकिस्तान के कोच रह चुके सकलेन मुश्ताक को भी अपने दामाद शादाब के प्रदर्शन का दोष मुख्य कोच माइक हेसन पर डालकर उनका बचाव करने की कोशिश करने के लिए काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है।

### हमने दबाव में सही फैसले नहीं लिए : आगा

**पल्लेकल।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा का कहना है कि उन्होंने टी20 विश्व कप में दबाव में सही फैसले नहीं लिए और वे अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। पाकिस्तान ने अपने आखिरी सुपर आठ चरण के मैच में सह मेजबान और पहले ही बाहर हो चुकी श्रीलंका को पांच रन के मामूली अंतर से हराया। पर यह जीत उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए काफी नहीं थी। आगा ने शनिवार रात को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा अगर आप पूरा टूर्नामेंट देखें तो हमने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है। 20 ओवर के मैच में हमने 18 ओवर बहुत अच्छे से खेले और दूसरी टीम को दो ओवर अच्छे से खेलने दिए गए। आखिरी तीन ओवर में रणनीति पर अच्छी तरह अमल नहीं किया। हमने पहले इससे भी बेहतर गेंदबाजी की है। हमारी गेंदबाजी इकाई काफी बेहतर है। लेकिन हम ठीक से कार्यान्वयन करने में चूक गए। पाकिस्तानी के कप्तान ने खराब प्रदर्शन की पूरी जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा हम इसकी पूरी जिम्मेदारी लेंगे। क्यों नहीं? क्योंकि हम टीम चुनने में शामिल थे और खिलाड़ियों के लिए हम जिम्मेदार थे। मैं जिम्मेदारी लूंगा और मुझे यकीन है कि कोच भी लेंगे।